
मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 199 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

मंगलवार, 15 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोस में पेश किया जम्मू-कश्मीर के लिए बजट



नई दिल्ली, एजेंसी। देश की संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण में सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर के लिए बजट पेश किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने लोकसभा में अनुदान के लिए पूरक मांग, अनुदान की मांग और जम्मू-कश्मीर के लिए अतिरिक्त अनुदान की मांग भी प्रस्तुत की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2022-23 का 1.42 लाख करोड़ रुपए का बजट पेश किया। विपक्ष ने सरकार से मांग की कि बजट प्रस्तावों के अध्ययन के लिये उन्हें पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए। सीतारमण ने निचले सदन में जम्मू-कश्मीर के लिए वित्त वर्ष 2021-22 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग भी पेश कीं जो 18,860.32 करोड़ रुपए की हैं।

वित्त मंत्री ने इसके साथ एक प्रस्ताव भी पेश किया जिसमें कुछ नियमों को निलंबित करके सदन में इसे पेश किए जाने के दिन ही चर्चा शुरू करने की अनुमति देने की बात कही गई है। प्रस्ताव का विरोध करते हुए कांग्रेस के मनीष तिवारी ने कहा कि बजट की जांच परख एवं चर्चा करना इस सदन की बुनियादी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा नहीं है, ऐसे में इस पर चर्चा करने की जिम्मेदारी इस सदन की है। उन्होंने सवाल किया कि जब सदस्यों के पास बजट से जुड़ा कोई कागज नहीं है तो फिर किस चीज पर चर्चा होगी?

तिवारी ने कहा कि इस पर कल चर्चा होनी चाहिए और आसन को इस बारे में व्यवस्था देनी चाहिए। आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन ने कहा कि नियम में 205 बहुत स्पष्ट है कि बजट को पेश करने के दिन इस पर चर्चा नहीं होगी और संविधान में इसका प्रावधान है। उन्होंने कहा कि सदस्यों के पास बजट की कोई प्रति नहीं है तो वे कैसे देखेंगे कि जम्मू-कश्मीर का हित सुनिश्चित हो। इस पर पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि अगर यह विषय एजेंडे में शामिल है जो इसकी लोकसभा अध्यक्ष ने मंजूरी दी होगी। इसके बाद सदन ने ध्वनिमत से इस नियमों में छूट देने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है।

## पंजाब में कांग्रेस की करारी शिकस्त पर त्राहिमाम, सुनील जाखड़ बोले- पार्टी पर बोझ हैं चन्नी



चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब विधानसभा चुनाव में शर्मनाक पराजय के साथ सत्ता गंवाने वाली कांग्रेस में अब तक किसी तरह के बदलाव की संभावना नहीं दिख रही है। पर पार्टी में सिर फुटव्वल जरूर चल रही है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में रविवार को चरणजीत सिंह चन्नी को एसेट बताते हुए हार का ठीकरा नवजोत सिंह सिद्धू एवं अन्य नेताओं पर फोड़ा गया। लेकिन इस पर रिएक्शन देते हुए पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने पार्टी की नेता अंबिका सोनी पर इशारों में हमला बोला है। चन्नी को एसेट बताने वाले बयान से जुड़ी खबर को शेयर करते हुए सुनील जाखड़ ने ट्वीट किया, ह्यएक एसेट- क्या आप मजाक कर रहे हैं? भगवान का शुक्र है कि उन्हें उस महिला की ओर से राष्ट्रीय कोष नहीं घोषित किया गया, जिसने उन्हें सीएम के तौर पर पेश किया था।ह्ल

अंबिका सोनी पर बिना नाम लिए बोला हमला-

इसके आगे सुनील जाखड़ ने लिखा कि चरणजीत सिंह चन्नी उस महिला के लिए एक एसेट हो सकते हैं, लेकिन पार्टी के लिए तो वह सिर्फ एक बोझ हैं। राज्य की टॉप लीडरशिप नहीं बल्कि उनकी लीडरशिप ने ही गिराने का काम किया है और इसके चलते पार्टी में गिरावट आ गई। हालांकि बाद में उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि मेरे ट्वीट का अर्थ किसी एक व्यक्ति पर हमला बोलना नहीं है। मैं इस बात से निराश हुआ हूं कि किस तरह से मनोरोगियों जैसी बात कांग्रेस वर्किंग कमिटी की मीटिंग में हुई। रिपोर्ट बताती है कि बीते 30 सालों से राज्यसभा में बैठे कुछ नेता हाईकमान के सामने खुद को पंजाब की आवाज के तौर पर पेश किया।

सुनील जाखड़ ने कहा, ह्यकांग्रेस कार्यकर्ता किसी ऐसे नेता को चाहते हैं, जिस पर वह यकीन कर सकें। पंजाब की एक नेता ने कांग्रेस वर्किंग कमिटी में खुद को राष्ट्रीय धरोहर बताने का प्रयास किया। वह खुद को धरोहर बता सकते हैं, लेकिन कांग्रेस के लिए नहीं। अगले 5 साल पंजाब एवं कांग्रेस के लिए चुनौतीपूर्ण होंगे।ह्ल इन्हीं लोगों ने सीएम पद के लिए सिफारिशें दी थीं, जबकि अब राहुल गांधी पर इस फैसले की जिम्मेदारी डाली जा रही है। पंजाब के लोग बदलाव चाहते हैं, लेकिन जिस शख्स को बदलाव करते हुए लाया गया, उससे हालत और बिगड़ गई। सुनील जाखड़ ने कहा कि दवा तो बीमारी से भी ज्यादा घातक थी। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष की ओर से भले ही अंबिका सोनी का नाम नहीं लिया गया है, लेकिन साफतौर पर उन्हें ही निशाने पर लिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री मोदी जबरदस्त जोश और गतिशीलता वाले व्यक्ति : थरुर

जयपुर, एजेंसी। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ कर यूपी विधानसभा चुनाव में बीजेपी को मिली जीत का सारा श्रेय उन्हें दिया है। कांग्रेस नेता थरूर ने यूपी विधानसभा चुनाव के परिणामों पर कहा कि हमें बीजेपी से उम्मीद नहीं थी कि उन्हें इतनी बड़ी जीत मिलेगी। थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जबरदस्त जोश और गतिशीलता वाले व्यक्ति हैं। उनमें कुछ चीजें हैं, जो बहुत प्रभावशाली हैं, खासकर राजनीतिक रूप से। हमें उम्मीद नहीं की थी कि बीजेपी इतने बड़े अंतर से जीतेगी, लेकिन उन्होंने ऐसा किया। यूपी के एग्जिट पोल में बीजेपी की जीत का अनुमान लगाया गया था। एग्जिट पोल के अनुमान पर थरूर ने कहा कि, जब तक एग्जिट पोल नहीं आए, तब तक मेरे दिमाग में कोई सवाल नहीं था। ज्यादातर लोग बहुत करीब की लड़ाई की उम्मीद कर रहे थे। कुछ लोग कह रहे थे, कि सपा आगे है। कई लोगों को उम्मीद नहीं थी कि बीजेपी इतने बहुमत के साथ सत्ता में फिर से आने वाली है। समाजवादी पार्टी (सपा) की सीटें बढ़ी हैं, इसकारण वे यूपी एक अच्छे विपक्ष साबित होगी। कांग्रेस नेता थरूर ने कहा कि एक दिन मतदाता भारतीय जनता पार्टी को चौंका देंगा। लेकिन आज लोगों ने उन्हें वहां दिया है, जो वे चाहते थे। वहीं प्रधानमंत्री की प्रशंसा के बाद, कांग्रेस नेता ने उनकी आलोचना कर कहा कि उन्होंने समाज में ऐसी ताकतों को उतारा है। जो हमारे देश को सांप्रदायिक और धार्मिक आधार पर बांट रही है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है।

### दिल्ली में अनिल बैजल के स्थान पर प्रफुल्ल पटेल को नया एलजी बनाने की सुगबुगाहट

नई दिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की प्रशासनिक व्यवस्था को देखने व चलाने वाले तीन महत्वपूर्ण पदों पर जल्द ही नए चेहरों की सुगबुगाहट हो रही है। इन्हें लाने की प्रक्रिया के साथ नए चेहरे के नामों पर चर्चा भी शुरू हो गई है। हम बात कर रहे हैं उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और दिल्ली मेट्रो प्रबंध निदेशक के पद पर नई तैनाती की। सीएम अरविंद केजरीवाल की ओर से शनिवार को उपराज्यपाल के पद पर प्रफुल्ल पटेल का नाम लेकर पूछे गए सवाल के बाद दिल्ली वाले भी चर्चा में शामिल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि अगले एक महीने के अंदर तीनों पदों पर नए चेहरे दिखेंगे। नए एलजी को लेकर अटकलें: नियमों में बदलाव के बाद दिल्ली में सरकार का मतलब उपराज्यपाल है। सरकार हर फैसले की जानकारी उपराज्यपाल को देने के लिए बाध्य है। यही वजह है कि दिल्ली में उपराज्यपाल का पद और अहम हो गया है। एलजी अनिल बैजल का कार्यकाल इसी महीने पूरा हो रहा है।

## संगठनात्मक चुनाव तक कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष बनी रहेंगी सोनिया

### कांग्रेस की संरचनात्मक कमियों को करेंगे दूर, हमें एकजुट होकर काम करना होगा:रावत

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में फैसला हुआ कि संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने तक पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी अपने पद पर बनी रहेंगी। दरअसल, उन्होंने अपने बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी के साथ पार्टी से छोड़ने की बात कही थी, जिसके बाद सीडब्ल्यूसी के तमाम नेताओं ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत का बयान सामने आया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के भीतर कहीं-कहीं पर जो संरचनात्मक कमियां हैं उन्हें हम दूर करेंगे। कांग्रेस नेता हरीश रावत ने सोमवार को बताया कि



लगभग 5 घंटे से भी ज्यादा समय तक बैठक चली। सभी सदस्यों ने अपनी-अपनी बातें रखी। सभी ने एक मत से तय किया कि हमको ना केवल सोनिया गांधी जी के नेतृत्व पर और अपनी पार्टी की लीडरशिप पर विश्वास है बल्कि हमारे जो बुनियादी उसूल हैं वो भी अपनी जगह ठीक हैं। लेकिन कहीं-कहीं पर जो संरचनात्मक कमियां हैं उन्हें हम दूर करेंगे। हमें एकजुट होकर काम करना होगा।

लोकसभा चुनाव 2019 में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त की जिम्मेदारी लेते हुए तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके साथ ही उन्होंने गांधी परिवार से किसी को भी अध्यक्ष न बनाए जाने की बात कही थी, लेकिन सीडब्ल्यूसी की बैठक में सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया था और तब से पार्टी की कमान वही संभाल रही हैं। ऐसे में पांच राज्यों में पराजित होने के बाद कांग्रेस ने फिर से बैठक बुलाई, जिसमें तय हुआ कि संगठनात्मक चुनाव संपन्न होने तक सोनिया गांधी पद पर बनी रहेंगी।

इस बैठक से पहले राहुल गांधी को फिर से अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की मांग उठने लगी थी। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई नेताओं ने कहा था कि राहुल गांधी को पार्टी की जिम्मेदारी संभालनी चाहिए। इसके अलावा उनके समर्थन में दिल्ली स्थिति पार्टी मुख्यालय के बाहर कांग्रेस कार्यकताओं एकत्रित हुए और फिर उन्होंने प्रदर्शन भी किया।

## सीएम योगी आदित्यनाथ के दिल्ली दौरे का राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और नितिन गडकरी से मिले



नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की फिर वह राष्ट्रपति भवन की ओर निकले, जहां वह राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले। इससे पहले रविवार को योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। माना जाता है कि इस दौरान दोनों नेताओं ने सरकार गठन और राज्य के नए मंत्रिमंडल से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा के साथ बैठक की थी। सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में होली के बाद बीजेपी सरकार का शपथग्रहण समारोह होने की संभावना है। इससे पहले दिन में योगी ने उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और बीजेपी महासचिव (संगठन) बी एल संतोष से भी मुलाकात की थी। योगी के साथ एक घंटे तक चली बैठक के बाद नड्डा ने ट्वीट किया था, ह्यउत्तर प्रदेश चुनाव में उनकी ऐतिहासिक जीत के साथ, मैं उन्हें राज्य में फिर से बीजेपी सरकार बनाने के लिए बधाई देता हूं। उन्होंने बीजेपी के विचारों को समाज के अंतिम स्तर तक पहुंचाया है।ह्ल माना जाता है कि मुख्यमंत्री के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेने की तैयारी कर रहे आदित्यनाथ ने पार्टी नेतृत्व के साथ वार्ता के दौरान सरकार गठन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत कई मंत्रियों की हार के बाद योगी आदित्यनाथ दिल्ली दौरे पर पहुंचे हैं। सूत्रों ने बताया कि आदित्यनाथ के दो दिन तक राष्ट्रीय राजधानी में ठहरने की संभावना है। बीजेपी को राज्य की 403 सदस्यीय विधानसभा के लिए हाल में हुए चुनावों में 255 सीट हासिल हुई हैं और उसके दो सहयोगी दलों ने 18 सीट जीती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस जीत के साथ आदित्यनाथ का कद बढ़ा है, क्योंकि राज्य में बीजेपी के फिर जीतने के प्रयासों के केंद्र में उनका नेतृत्व था।

## लोकसभा में भाजपा सांसदों ने पीएम मोदी का जमकर स्वागत किया

**मोदी-मोदी के नारों से गूंजा सदन, पीएम ने अभिवादन किया स्वीकार**

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच में से 4 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की वापसी हुई है। जिसको लेकर लोकसभा में भाजपा सांसदों ने पीएम नरेंद्र मोदी का जमकर स्वागत किया। इस दौरान सदन में मोदी-मोदी के नारे लगाए गए और पीएम मोदी ने सभी सांसदों का अभिवादन स्वीकार किया। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की सोमवार को शुरूआत हुई। जिसको देखने के लिए ऑस्ट्रिया के संसदीय दल के सदस्य विशेष दीर्घा में मौजूद रहे।



सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही तीन पूर्व सदस्यों एस सिंगरावाडिवेल, एचबी पाटिल और हेमानंद विस्वाल के निधन पर शोक प्रकट किया और कुछ पल मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सदन में प्रधानमंत्री मोदी के आने पर सत्तारूढ़ भाजपा के सदस्यों ने मेजें थपथपाकर और भारत माता की जय एवं मोदी मोदी के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। संसद सत्र का दूसरा चरण ऐसे समय पर शुरू हुआ है, जब पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम सामने आ चुके हैं और उनमें से 4 राज्यों में (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर) में भाजपा ने जीत दर्ज की है। जबकि पंजाब में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिली है।

## अमेरिका में तो 50 पर्सेंट महंगा हुआ पेट्रोल भारत में सिर्फ 5 फीसदी: पुरी



नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस हरदीप सिंह पुरी ने संसद में पेट्रोल-डीजल की कीमत पर बात की। पुरी ने कहा, 'मेरे पास यूएसए कनाडा, जर्मनी, यूके, फ्रांस, स्पेन, श्रीलंका और भारत का डेटा है। उन सभी देशों में हाल के दिनों में पेट्रोल की कीमत में 50%, 55%, 58%, 55% की वृद्धि हुई है। वहीं भारत में यह केवल 5% बढ़ा है। ईंधन की कीमतों पर केंद्रीय मंत्री एचएस पुरी ने कहा, 'जब हमने देखा कि उपभोक्ताओं को राहत मुहैया कराने जरूरत है, तो पीएम ने 5 नवंबर 2021 को दरों में कटौती की। हमने कुछ कदम उठाए हैं। साथ ही कुछ और फैसले लेने के लिए तैयार हैं, लेकिन 9 राज्यों ने ऐसा नहीं किया। टैक्सेशन केवल एक पहलू है, हमें उपभोग के बिंदु पर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना है। दूसरी तरफ, सरकार ने सोमवार को चालू वित्त वर्ष के लिए अनुदान की अनुपूरक मांग के तीसरे बैच में 1.07 लाख करोड़ रुपए अतिरिक्त व्यय के लिए संसद की मंजूरी मांगी। लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2021-22 के अनुदान की अनुपूरक मांगों के तीसरे व अंतिम बैच को दशार्ने वाला विवरण पेश किया। निचले सदन में पेश अनुदान की अनुपूरक मांगों के तीसरे बैच के दस्तावेज के अनुसार, इसके तहत 1.58 लाख करोड़ रुपए के सकल अतिरिक्त व्यय के लिये मंजूरी मांगी गई है। इसमें 1.07 लाख करोड़ रुपए निवल नकद व्यय के रूप में है जबकि विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों की बचत और बढ़ी हुई प्राप्तियों या वसूलियों के जरिए 50,946 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा।

## चीन में कोरोना प्रकोप बढ़ा, लाखों लोग लॉकडाउन में

### दुनिया में 6 करोड़ पार हुए सक्रिय मरीज

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक महामारी कोविड-19 अभी थमा नहीं है दुनिया में एक बार फिर संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में दुनियाभर में 13 लाख से ज्यादा नए केस सामने आए हैं। जबकि 3579 लोगों की मौत हुई है। वहीं, चीन में रविवार को करीब 3100 मामले सामने आए हैं। यह पिछले 2 साल में सबसे ज्यादा केस हैं। इसके चलते चीन के शेनजेन में लॉकडाउन लगा दिया गया। इसी के साथ यहां रहने वाले 1 ।7 करोड़ लोग घरों में कैद हो गए। उधर, शंघाई में भी स्कूलों को बंद कर दिया गया।

अब तक दुनिया में कोरोना वायरस के 45.85 करोड़ केस सामने आ चुके हैं। हालांकि, इनमें से 39.16 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। दुनियाभर में कोरोना के सक्रिय केस 6.08 करोड़ हो गए हैं। यानी इन लोगों का अभी इलाज चल रहा है। दुनियाभर में



कोरोना से 60.6 लाख लोगों की मौत हो चुकी है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो सबसे ज्यादा केस दक्षिण कोरिया में मिले हैं। यहां 350,176 कोरोना के नए केस मिले हैं। वहीं, इसके बाद जर्मनी में 213,264, वियतनाम में 166,968, फ्रांस में 60,422, इटली में 48,886 और रूस में 44,989 केस मिले हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना से सबसे ज्यादा रूस में जान गई हैं। यहां 596 लोगों की मौत कोरोना से हुई है। इसके अलाव दक्षिण कोरिया में 251 लोगों की जान गई है। इंडोनेशिया में 215, मैक्सिको में 203 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

चीन में एक बार फिर कोरोना के केस तेजी से मिलने लगे हैं। यहां शेनजेन में एक दिन में 66 केस मिलने के बाद लॉकडाउन लगा दिया गया। इससे पहले शुक्रवार को चांगचुन में लॉकडाउन का ऐलान किया गया था। इसके अलावा शांडोंग के युचेंग में भी लॉकडाउन का ऐलान किया गया था। चीन में 2019 में कोरोना का पहला केस मिला था। इसके बाद से चीन कड़ाई से जीरो कोविड पॉलिसी का पालन करा रहा है। इसके तहत किसी क्षेत्र में केस आने पर लॉकडाउन, कड़े यात्रा प्रतिबंध और बड़े स्तर पर टेस्टिंग जैसे कदम उठाए जाते हैं।


चीन में अधिकारियों का कहना है कि ओमिक्रॉन के चलते केस बढ़ रहे हैं। चीन में केस बढ़ने के चलते लाखों लोगों को लॉकडाउन के तहत घरों में कैद होना पड़ रहा है। 1.70 करोड़ आबादी वाले शेनजेन में सोमवार से सभी शहरों-गांवों में लॉकडाउन लगा दिया गया। यहां मेट्रो और बस सर्विस भी बंद कर दी गई। शंघाई में भी स्कूलों, बिजनेस और मॉल-रेस्टोरेंट्स को बंद कर दिया गया। हॉन्गकॉन्ग में भी हालात बिगड़ रहे हैं। यहां रविवार को 27,647 नए केस मिले। जबकि 87 लोगों की मौत हुई है। हॉन्ग कॉन्ग में वुहान के बाद सबसे बुरी स्थिति मानी जा रही है। भारत में कोरोना के पिछले 24 घंटे में 2,503 मामले सामने आए हैं। वहीं, 4,377 लोग ठीक हुए हैं। जबकि 27 लोगों की कोरोना से मौत हुई है। देश में एक्टिव केस 36,168 रह गए हैं। यह 675 दिन में सबसे कम हैं। वहीं, 680 दिन में कोरोना के केस भी सबसे कम मिले हैं।

## राज्यसभा में उठी मांग, यूक्रेन से लौटे बच्चों की पढाई को लेकर कदम उठाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। राज्यसभा में सोमवार को कई सदस्यों ने यूक्रेन से वापस लौटे भारतीय छात्रों का मुद्दा उठाकर सरकार से मांग की हैं कि उनकी पढ़ाई पूरी करने में मदद के लिए वह उपयुक्त कदम उठाए। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि यूक्रेन पर रूस की सैन्य कार्रवाई से पैदा हुए हालात के मद्देनजर बड़ी संख्या में वहां से भारतीय छात्रों को वापस लाने की जरूरत पड़ी। उन्होंने कहा, यह बेहद ही चुनौतीपूर्ण काम था। मोदी सरकार ने इस मौके पर भारतीय छात्रों के साथ ही कुछ अन्य देशों के छात्रों को सुरक्षित निकाला। यह प्रयास बेहद प्रशंसनीय है। उन्होंने उच्च सदन में शून्यकाल के दौरान कहा कि मुद्दे पर चर्चा के लिए उन्हें कांग्रेस सदस्य के सी वेणुगोपाल और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य डॉ वी शिवदासन के नोटिस मिले हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्ययूक्रेन की स्थिति पर संबंधित मंत्री मंगलवार को सदन में बयान देने वाले हैं। इस बीच, विभिन्न दलों के सदस्यों ने यूक्रेन से सुरक्षित लौटे छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताकर सरकार से अनुरोध किया कि वह इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाए। वेणुगोपाल ने कहा कि यूक्रेन से लौटे छात्र अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यउनका भविष्य सुरक्षित करने के लिए सरकार क्या कर रही है, इस बारे में स्पष्टीकरण दिया जाना चाहिए। सरकार को इस बारे में अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।ह्ल तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के कनकमेदला रवींद्र कुमार ने कहा कि हजारों की संख्या में मेडिकल शिक्षा की पढ़ाई करने छात्र यूक्रेन गए थे लेकिन युद्ध की स्थिति में वे वहां फंस गए। उन्होंने कहा कि वह सुरक्षित स्वदेश आ गए लेकिन अब उनके भविष्य पर सवालिया निशान लग गए हैं। वहीं बीजू जनता दल (बीजद) के अमर पटनायक ने सुझाव दिया कि देश के सभी सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में दो से पांच प्रतिशत तक सीटों की संख्या बढ़ाकर यूक्रेन से लौटे छात्रों को समाहित किया जाना चाहिए।

# कांग्रेस की परम्परा रही है पीड़ितों, वंचितों और जरुरतमंदों की सहायता करने की : चौ. अनिल कुमार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि पूर्वी दिल्ली, गोकुलपुरी क्षेत्र की झुग्गी झौपड़ियों में आग लगने की दुर्घटना में 7 लोगों की मृत्यु होने और करीब 60 झुग्गियां पूरी तरह से जलकर बर्बाद हो गई। आगजनी से प्रभावित लोगों को घर की जरुरतों की पूर्ति करने के लिए आज प्रदेश कांग्रेस द्वारा बर्तन, कपड़े, खाने और जरुरत की चीजों का वितरण किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की परम्परा रही है पीड़ितों, वंचितों और जरुरतमंदों की सहायता करने की। कांग्रेस की विचारधारा और संकल्प को आगे बढ़ाने की दृष्टि से कांग्रेस कार्यकर्ता गोकुलपुरी क्षेत्र में बर्बाद हुए लोगों की मदद करने पहुचे।



राहत सामग्री वितरण के समय प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक जय किशन, पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान, करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज, एस.पी. सिंह, पूर्व पार्षद ईश्वर बागड़ी और बिमला, करावल नगर जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रिया जंयत और ब्लाक अध्यक्ष राम विलास शर्मा मुख्य रुप से मौजूद थे।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री केजरीवाल ने घटनास्थल का दौरा केवल औपचारिक था जबकि मृतकों, मृतक बच्चों के परिवार वालों और झुग्गी जलकर बर्बाद होने का मुआवजा भी शायद जुमला बनकर रह जायेगा, क्योंकि 3 से केजरीवाल सहित उनकी सरकार के नुमाईंदे पंजाब जीत का जश्न मना रहे है। प्रदेश अध्यक्ष ने कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या 25 हजार में झुग्गी/घर बनाया जा सकता है या 10 लाख मुआवजा घर के मुखिया की कमी पूरी जा सकती है? मृतकों को 1 करोड़ का मुआवजा दिया जाए तथा झुग्गी बनाने की व्यवस्था सरकार एजेंसी से करे अथवा प्रभावित लोगों के पुर्नवास की व्यवस्था तुरंत की जानी चाहिए।

चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार की तर्ज पर केजरीवाल ने ह्यजहां झुग्गी वहीं मकानह्व का नारा दिया था परंतु 8 वर्षों के शासन में कांग्रेस सरकार द्वारा राजीव रत्न आवास योजना के तहत गरीबों के लिए बनाए गए 45000 फ्लेटों में से एक भी मकान गरीबों को नही दिया। यदि केजरीवाल इन मकानों को झुग्गी झौपड़ी वालों विस्थापित करके आंवटित कर देते तो आज आधी से अधिक दिल्ली में झुग्गी झौपड़ी खत्म हो जाती और इन लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आ जाता, जबकि जेजे कलस्टर में यह लोग नरकीय जीवन जीने का मजबूर है। केजरीवाल के गरीब विरोधी और अवसरवारी व्यक्तित्व के कारण ही आज गोकुलपुरी में यह दर्दनाक हादसा हुआ।

चौ. अनिल कुमार ने भाजपा और आम आदमी पार्टी के गरीबों के उत्थान का वायदा खोखला साबित हो रहा है, केजरीवाल सरकार के गैरजिम्मेदराना, निष्क्रियता और गरीब विरोधी नीतियों के चलते राजधानी में गरीबों की संख्या लगातार बढ़ रही है तथा पढ़ा लिखा युवक अजीविका चलाने के लिए मजबूरी में मजदूरी कर रहा है, यह कड़वी सच्चाई है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल कहते है कि राजधानी दिल्ली में सब कुछ ठीक है परंतु जो दिखाया जा रहा है वास्तविकता से बिलकुल विपरित है।

# दिल्ली के मेयर को मिल सकते हैं सीएम जैसे अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार तीनों निगमों के एकीकरण के अलावा दिल्ली नगर निगम अधिनियम (डीएमसी एक्ट) में कई बदलाव करने की कवायद में जुटी है। केंद्र महापौर को मुख्यमंत्री की तरह अधिकार देने पर विचार कर रहा है। इसके अलावा नगर निगम में स्थायी समिति खत्म करने और पार्षदों को वेतन देने का भी प्रावधान करने की सोच रही है। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने दिल्ली नगर निगम अधिनियम (डीएमसी एक्ट) में परिवर्तन कराने के लिए तैयार किए गए ड्राफ्ट में शामिल हैं। प्रदेश भाजपा के नेता केंद्र सरकार से उस ड्राफ्ट के अधिकतर प्रावधानों को लागू करने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त रहे और दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के तत्कालीन आयुक्त राकेश मेहता ने वर्ष 2014 में दिल्ली नगर निगम अधिनियम (डीएमसी एक्ट) में परिवर्तन कराने की तैयारी शुरू की थी। इस कड़ी में उन्होंने एक ड्राफ्ट तैयार किया था। इस बारे में प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वाकिफ हैं। सूत्रों के अनुसार, इन वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र से ड्राफ्ट के अधिकतर प्रावधानों लागू करने की मांग की है। सूत्रों के बताया कि ड्राफ्ट में पांच साल के दौरान तीन महापौर बनाने और प्रत्येक महापौर का 20 माह का कार्यकाल का सुझाव है। पहला महापौर



महिला, दूसरा अनुसूचित जाति का और तीसरा किसी भी पार्षद बनाने का सुझाव है। इसके अलावा ड्राफ्ट में महापौर को शक्तिशाली बनाने के लिए भी कई सुझाव हैं। इनमें महापौर को नगर निगम का सर्वेसर्वा बनाने की बात की गई है। ड्राफ्ट में महापौर को वित्तीय अधिकार एवं अधिकारियों का तबादला करने और उनकी कार्य रिपोर्ट लिखने का अधिकार देने का भी सुझाव है। इस कड़ी में स्थायी समिति की व्यवस्था खत्म करके महापौर की सहायता के लिए विभागों का कामकाज देखने के लिए 10-12 पार्षदों की एक टीम (मंत्रिमंडल) की व्यवस्था करने पर जोर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 12वां वार्षिक विश्व सिख पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया




सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता, गुरुग्राम ।12वां वार्षिक विश्व सिख पर्यावरण दिवस रूप में मनाया गया ।मुख्यातिथि वार्ड 29 के पार्षद कुलदीप यादव रहे। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण गतिविधी के सदस्यों की गहरी भागीदारी देखी गई, ।अजय पंडित,व अमित भटनागर के नेतृत्व में एक साइक्लोथॉन का आयोजन, भी कर रहे हैं। साइकिलिंग प्रमोशन,. वृक्षारोपण,. प्रकृति और पर्यावरण पर सबद कीर्तन,. बागवानी आदि मुख्य रहेगे।

### टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन को एयर इंडिया का प्रमुख नियुक्त किया गया



नई दिल्ली, एजेंसी। एयर इंडिया एयरलाइन के निदेशक मंडल ने एन। चंद्रशेखरन को एयर इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किया है। टाटा समूह ने पिछले साल आठ अक्टूबर को कर्ज के बोझ से दबी सार्वजनिक क्षेत्र की एयरलाइन एयर इंडिया के अधिग्रहण की बोली जीती थी। समूह ने यह अधिग्रहण 18,000 करोड़ रुपये में किया है ।हालांकि, टाटा संस ने अभी तक एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति नहीं की है। सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन के बोर्ड ने पिछले सप्ताह चेयरमैन के रूप में चंद्रशेखरन की नियुक्ति को मंजूरी दे दी थी। समूह ने 14 फरवरी को तुर्की की एयरलाइन के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी के एयर इंडिया का सीईओ एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने की घोषणा की थी। एक मार्च को आयसी ने इस पद की पेशकश को खारिज करते हुए कहा था कि भारतीय मीडिया का एक वर्ग उनकी नियुक्ति को अपने हिसाब से ह्यरंगह्व दे रहा है ।आयसी को तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन का करीबी माना जाना था। तुर्की के राष्ट्रपति को पाकिस्तान के ह्यसहयोगियोंह्व में गिना जाता है।

# पटेल नगर वालों ने किया विधायक एवं पार्षद का सम्मान

» मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम । गुरुग्राम सीनियर सिटीजन विकास क्लब पटेल नगर का एक शिष्टमंडल पटेल नगर में आ रही पानी की विकट समस्या के समाधान के लिए गत माह वार्ड के पार्षद सुभाष सिंगला के नेतृत्व में गुरुग्राम विधायक श्री सुधीर सिंगला जी से मिला था पानी की आ रही इस समस्या के समाधान के लिए दोनों जनप्रतिनिधियों के अथक प्रयास स्वरूप नहरी पानी की एक नई पाइप लाइन बिछवाँकर पटेल नगर की लाइन से जुड़वा दी गई। गत दिवस उपरोक्त कार्य के पूर्ण होने के उपरांत आज पटेल नगर के शिष्टमंडल ने विधायक निवास पहुंचकर स्थानीय निगम पार्षद श्री सुभाष सिंगला एवं गुरुग्राम विधायक श्री सुधीर सिंगला जी का बुका एवं फूल माला पहनाकर तथा लड्डू खिलाकर दोनों का बहुत-बहुत हार्दिक आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया। इस नहरी पाइप लाइन के जुड़ने के कारण आधे पटेल नगर को पानी की आपूर्ति में काफी फायदा होगा। इस अवसर पर विधायक गुरुग्राम श्री सुधीर सिंगला ने पानी को अमूल्य बताते हुए इसकी एक एक बूंद कीमती बताई और कहा कि जल ही जीवन है हमें पानी की एक एक बूंद का बचाव करना है इसकी बबार्दी रोकनी है नगर पार्षद सहित उक्त शिष्टमंडल ने विधायक जी को आश्वासन दिया कि हम पानी की एक-एक बूंद बचाएंगे जल है तो कल है जल ही जीवन है हम इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे।



उक्त शिष्टमंडल में सर्वश्री दिलबाग सिंह राठी, लाल चंद शास्त्री, अमर सिंह, कृष्ण कुमार यादव, सत्यनारायण शर्मा, राजेश मलिक, बनवारी लाल शर्मा, रणवीर, रामअवतार, रामकुमार यादव, पंकज, केसर सिंह, देवेंद्र पाठक एवं बीएल यादव सहित काफी पटेल नगर निवासियों ने भाग लिया।

# अपने हक के लिए लड़ रही महिलाओं से माफी मंगवाना शर्मनाक-आदेश गुप्ता

नई दिल्ली, 14 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार तानाशाही रवैया अपनाते हुए आंगनवाड़ी की 90 से अधिक महिलाओं को बर्खास्त करने का नोटिस भेज दिया है जबकि प्रदेश महिला बाल विकास ने इन महिलाओं को तत्काल प्रभाव से सिर्फ इसलिए बर्खास्त कर दिया है क्योंकि वे अपने अधिकारों के लिए दिल्ली सरकार के खिलाफ आवाज उठा रही थीं। उन्होंने कहा कि पिछले 45 दिनों से अधिक समय से प्रदर्शन कर रही महिलाओं को माफी पत्र लिखने के लिए दवाब बनाया जा रहा है जो कि बेहद ही शर्मनाक बात है।



श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि महिला सम्मान की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले केजरीवाल ने पंजाब चुनाव से पहले वायदा किया था कि आंगनवाड़ी महिलाओं को वे नियमित करेंगे लेकिन जैसे ही चुनाव खत्म हुआ उन्होंने अपना असली चेहरा सबको दिखा दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने आंगनवाड़ी के ऊपर पहले ह्यअत्यावश्यक सेवा अनुरक्षण कानूनह्व यानि एस्मा लागू किया और अब उनका दमन कर रही है। कोरोना काल में जिस तरह से आंगनवाड़ी महिलाओं ने दिन-रात एक कर लोगों की सेवा की है, वह सबने देखा है और आज इस तरह से उनकी आवाजों को दबाना इंसानीयत को शर्मसार करना है। यह केजरीवाल सरकार के ह्यमॉडलह्व का एक प्रमाण है।

श्री गुप्ता ने कहा कि आज दिल्ली में 22000 से अधिक आंगनबाड़ी महिलाएं काम कर रही हैं लेकिन उन्हें न्यूनत्तम रोजगार भत्ता के अंतर्गत भी नहीं रखा गया है। आंगनबाड़ी महिलाओं को प्रतिमाह जितने रुपये मिलते हैं वह एक परिवार को चलाने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने केजरीवाल से मांग की है कि आंगनबाड़ी महिलाओं का वेतन कम से कम 25 हजार रुपये तक होना चाहिए ताकि महिलाएं अपने परिवार का भरण-पोषण अच्छी तरह कर सके।

# आप में शामिल होंगे आईएएस अधिकारी अशोक खेमका

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब में बड़ी जीत के बाद अब आम आदमी पार्टी की नजर हरियाणा पर है। वहीं अकसर विवादों में रहने वाले अशोक खेमका के आम आदमी पार्टी जॉइन करने की भी चर्चा है। खेमका वह आईएएस अधिकारी हैं जिनका 30 साल की सर्विस में 54 बार ट्रांसफर किया गया। आम आदमी पार्टी के सत्रों ने बताया कि अब तक खेमका राजनीति से दूर थे। हालांकि वह हरियाणा में आम आदमी पार्टी के प्रिंसिपल अडवाइजर भी हो सकते हैं। बता दें कि 2024 में हरियाणा में चुनाव होना है। आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और नेताओं ने इस बारे में ट्वीट किया है। अशोक खेमका अरविंद केजरीवाल के कॉलेज के दोस्त हैं। ऐसे में सूत्रों का कहना है कि हरियाणा में खेमका आम आदमी पार्टी को दिशा देने का काम कर सकते हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी में शामिल होने के लिए वह आईएएस अधिकारी के पद से इस्तीफा भी दे सकते हैं। 2014 में आम चुनाव के वक्त अरविंद केजरीवाल ने अशोक खेमका को पार्टी जॉइन करने का न्योता दिया था। हालांकि तब अशोक खेमका ने राजनीति में रुचि नहीं दिखायी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि तब से अब में बहुत बदलाव आ गया है। खेमका और अरविंद केजरीवाल आईआईटी खड़गपुर में साथ पढ़ते थे।



# इतिहास को नहीं समझ रही है कांग्रेस: केजे अल्फोंस

## भाजपा सांसद बोले- धारा 370 के निरस्त होने के बाद सुधरे हालात

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के सबसे खूबसूरत केंद्रशासित प्रदेश में कश्मीर पंडितों की हत्या पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स रिलीज हो चुकी है और उसे काफी ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इसी बीच भाजपा सांसद केजे अल्फोंस का बयान सामने आया है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह इतिहास को नहीं समझती है। भाजपा सांसद केजे अल्फोंस ने कहा कि कांग्रेस इतिहास को नहीं समझती है, उनके पास बेहद विकृत संस्करण हैं। हर कोई जानता है कि 1.5 लाख से अधिक कश्मीरी पंडितों को सांप्रदायिक आधार पर सत्ता से बाहर कर दिया गया था, जो कि कांग्रेस या उसकी समर्थित सरकारें थीं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने एक ऐसी स्थिति पैदा कर दी जिसमें पंडित अब और नहीं रह सकते थे; उनकी हत्या कर दी गई, उनके जीवन के लिए एक वास्तविक भय था, इसलिए वे चले गए... धारा 370 के निरस्त होने के बाद चीजों में नाटकीय रूप से सुधार हुआ है। दरअसल, केरल कांग्रेस ने कश्मीरी पंडितों के मुद्दे पर कई ट्वीट किए थे, जिसको लेकर विवाद खड़ा हो गया है। केरल कांग्रेस ने कहा था कि यूपीए सरकार ने जम्मू में कश्मीरी पंडितों के लिए 5242 आवास बनवाए। इसके अतिरिक्त छात्र छात्रवृत्ति, किसानों को सहायता के लिए योजनाओं समेत प्रत्येक परिवार को 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी। कांग्रेस ने कहा था कि भाजपा ने विस्थापित पंडित परिवारों को सरकारी समर्थन के बारे में झूठ बोला और कांग्रेस सरकार की पहल के लिए श्रेय का दावा किया।



# एम्स की तरह दूसरे अस्पतालों का भी विस्तार शुरू कम हो जाएगा मरीजों का दबाव

नई दिल्ली, एजेंसी। एम्स की तरह अब दिल्ली के दूसरे अस्पतालों का भी विस्तार हो रहा है। जिस तरह एम्स में अलग-अलग सेवाओं को लेकर ब्लॉक बनाए गए हैं, उसी तरह अन्य अस्पतालों में भी जल्द ही यह व्यवस्था देखने को मिलेगी। इससे अस्पतालों में मरीजों की भीड़ कम होगी और सरकारी स्वास्थ्य सेवाएं लेना हर किसी के लिए आसान हो जाएगा। इस साल के अंत तक दिल्ली के सात बड़े अस्पतालों में यह बदलाव हो सकता है। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राजधानी के सभी बड़े अस्पतालों में इन दिनों विस्तार प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। लोकनायक, जीटीबी, चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में नए ब्लॉक का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे पूरा होने में करीब छह से सात महीने का वक्त अभी और लगेगा। एक अधिकारी ने लोकनायक अस्पताल का उदाहरण देते हुए बताया कि एक मरीज जब अस्पताल पहुंचता है तो वह ओपीडी या फिर आपातकालीन वार्ड में सबसे पहले पहुंचता है। इसके बाद आगे का उपचार शुरू होने पर वह जांच आदि के लिए इधर-उधर जाता है। चूंकि, हर दिन यहां हजारों मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, ऐसे में जरूरी है कि स्वास्थ्य सेवाओं के हिसाब से अलग-अलग ब्लॉक बनें और उसी ब्लॉक में उक्त विभाग से जुड़ी सभी प्रक्रिया जैसे जांच, रिपोर्ट, इलाज, ओपीडी पंजीयन, वार्ड में भर्ती जैसी सेवाएं मिलनी चाहिए, ताकि रोगी या फिर तीमारदारों को भटकना न पड़े। हाल ही में एम्स ने सर्जरी ब्लॉक शुरू किया है। बहुमंजिला इमारत में शुरू हुए इस ब्लॉक में सर्जरी से जुड़े मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इसी तर्ज पर दिल्ली सरकार अपने बड़े अस्पतालों में सुविधा विकसित कर रही है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जिन अस्पतालों में नए ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है उनमें कम बजट के साथ मजबूत ढांचा तैयार हो रहा है।




# जवाहर पार्क ई ब्लॉक आरडब्लूए के चुनाव में प्रधान पद पर दूसरी बार मिथिलेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली। जवाहर पार्क ई ब्लॉक आरडब्लूए के त्रिवार्षिक चुनाव में मिथिलेश कुमार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए । मिथिलेश कुमार की लोकप्रियता का यह अद्भुत उदाहरण है। जवाहर पार्क आरडब्लूए के इस चुनाव में आवेदन की अंतिम तिथि तक ना तो अध्यक्ष पद के लिए किसी ने अपनी उम्मीदवारी पेश की और ना ही अन्य पदों के लिए किसी ने आवेदन किया। जवाहर पार्क ई ब्लॉक का यह चुनाव भी एक मिसाल है जिसमें प्रधान मिथिलेश कुमार एवं उनके अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ किसी भी व्यक्ति ने अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार दुबे द्वारा चुनाव की सारी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए निर्विरोध रूप से मिथिलेश कुमार को अध्यक्ष, महेश कुमार को उपाध्यक्ष, बी. बी.मिश्रा को महासचिव, संजीव कुमार शर्मा को संयुक्त सचिव, राकेश कुमार त्यागी को कोषाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।




उल्लेखनीय है कि पिछले 27 फरवरी को जवाहर पार्क ई ब्लॉक आरडब्ल्यूए के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए एक बैठक की गई जिसमें प्रदीप कुमार दुबे को सर्वसम्मति से निर्वाचन अधिकारी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार दुबे ने 28 फरवरी को अधिसूचना जारी किया तथा एसोसिएशन के चुनाव के लिए 5 मार्च की शाम 8 बजे तक केवल 5 उम्मीदवारों ने ही नामांकन पत्र दाखिल किए । नाम वापसी की अंतिम तारीख 6 मार्च शाम 8 बजे निर्धारित किया गया, परंतु आवेदन के निर्धारित तिथि तक किसी भी पद के लिए किसी भी व्यक्ति ने अपनी उम्मीदवारी पेश नहीं की ।मिथिलेश कुमार एवं उनकी पूरी टीम की ओर से 5 आवेदनों पर गहन विचार विमर्श किया गया और इन आवेदनों में कोई त्रुटि नहीं पाई गई। प्रत्येक पद के लिए केवल एक एक ही उम्मीदवार होने के कारण पांचो उम्मीदवारों को निर्विरोध घोषित कर दिया गया। मिथिलेश कुमार दूसरी बार जवाहर पार्क ई ब्लॉक आरडब्ल्यूए के प्रधान चुने गए। दूसरी बार उनकी टीम निर्विरोध निर्वाचित हुई यह उनकी लोकप्रियता एवं जवाहर पार्क में उनके द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं सामाजिक धार्मिक गतिविधियों में उनके योगदान के पारितोषिक के रूप में देखा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सामाजिक नेत्री अनिता चांदना का असमायिक निधन

मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। आमडा से जुड़ी सामाजिक नेत्री अनिता चांदना का सोमवार को असमायिक निधन हो गया। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। उनके निधन से सामाजिक, धार्मिक व विभिन्न सरकारी-गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं से जुड़े प्रमुख लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की। आमडा के प्रधान नम्बरदार सुरेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष एमएल मक्कड आदि ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बांधते हुए इसे अपूर्णीय क्षति बताया।

### हलवाई के साथ दबंगों ने की मारपीट

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/कुरावली। नगर के मोहल्ला बैदनटोला निवासी हलवाई विनोद कुमार उर्फ मौसा पुत्र राजाराम ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते 9 मार्च को वह ग्राम मकबूलपुर में हलवाई का काम करके घर वापस लौट रहा था। रात्रि के लगभग 8:30 बजे जैसे ही वह मैनपुरी मार्ग पर स्थित नौगांव मोड पर पहुंचा तभी वहां पहले से मौजूद रामवीर हलवाई निवासी ग्राम नगला बख्ती, सुनील पुत्र कलेक्टर सिंह, प्रमोद पुत्र अमृत सिंह, जसवंत पुत्र किशन लाल निवासीगण ग्राम सुजानपुर ने आकर गाली-गलौज करते हुए विनोद की मारपीट कर दी तथा गर्दन के बगल में लाठी मार दी जिससे विनोद घायल हो गया। राहगीरों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार 2 लोग घायल

, मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/कुरावली। बीते रविवार की रात्रि क्षेत्र में जैथरा मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार नेम सिंह पुत्र खुशीराम तथा पुष्पेंद्र पुत्र प्रमोद निवासी ग्राम तिगरा थाना जैथरा जनपद एटा घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### सेठी व महता चौक हांसी में होली मिलन समारोह का आयोजन - कश्मीरी लाल ग्रोवर

मदरलैंड संवाददात मनमोहन शर्मा, हांसी। नगर परिषद के



चेयरमैन पद प्रत्याशी कश्मीरी लाल ग्रोवर ने बताया कि सेठी चौक व महता चौक हांसी में रविवार को सांय 6 से 9 बजे तक ह्यह्यहोली मिलन समारोहह्यह्य बड़े ही श्रद्धाभाव व खुशी से मनाया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व फूलों की बारिश करके इस प्रोग्राम ने चार चांद लगा दिये।

इस मौके पर नवरस स्वांग मण्डली द्वारा राधाकिशन का गुणगान किया गया। इस अवसर पर मास्टर राजेश के निर्देशन में, डॉ. ईश्वर, कविता सिंह, विक्रम लोट, अंजली, नेहा, असुंक, बेबी पायल, परी आदि कलाकारों ने अपने कार्यक्रम दिखाकर समां बांध दिया। इस अवसर पर जतिन कुमार, हरीश छाबड़ा, शंकर लाल मिट्ठु कापी हाउस, जवाहर लाल छाबड़ा, कृष्ण, कन्हैया लाल, राजेन्द्र डाकिया, लाखन, प्रवीण लुथरा, विकास सैनी, जसवन्त पंजाबी, विक्की तनेजा, चिंकी, सन्नी चोपड़ा, कंचन, सिमरन, लाजवन्ती, पूनम, सुमित कथूरिया, राजू सेठी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कश्मीरी लाल ग्रोवर ने आए हुए लोगों का धन्यवाद किया व प्रसाद वितरण किया।

# नूंह की अनाज मंडी में गंभीर पेयजल संकट बना

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। जिला की तावडू, नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका व सब यार्ड पिनगवा में रबी की फसलों की आवक शुरू हो चुकी हैं। सीजन शुरू होने से पूर्व संबंधित मंडियों के अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, किसानों-व्यापारियों को सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराने का दावा पेश किया था। लेकिन जिला की अधिकांश मंडियां अव्यवस्था के तौर पर गुजर रही है। खासकर जिला मुख्यालय नूंह की अनाज मंडी में गंभीर संकट बना हुआ हैं। मंडी में उपज ला रहे किसानों की माने तो मंडी में पेयजल का गंभीर संकट बना हुआ है और गला तरर करने के लिए वह स्वंय के खर्चे से बोतल बंद, मयूर जग पानी लाने को मजबूर हैं उपज ला रहे विशेष समुदाय के किसानों ने आरोप लगाकर कहा कि नमाज अता करने की तैयारी तक के लिए मंडी में पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहताज रहते हैं। हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि मंडी प्रशासन को बार-बार समस्या समाधान के लिए फरियाद करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई हैं।



अखिल भारतीय किसान संगठन के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कामरेड काले खां, किसान नेता वेदप्रकाश, सुभाष चंद, मदनलाल, इलियास, नसीबा आदि ने जिला प्रशासन से अनाज मंडी में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने की फरियाद की है और साथ ही धमकी देकर कहा है कि यदि इसकी जल्द व्यवस्था नहीं की गई तो वह विरोध में धरना पर बैठ जाऐंगे।

इस बारे में नूंह मंडी के सचिव कम कार्यकारी अधिकारी राजीव सौलंकी ने सोमवार सांय माना कि मंडी में पेयजल व्यवस्था को लेकर प्रशासिका कम एसडीएम को लिखा हुआ है और साथ ही दावा कर कहा कि उनकी सहमति मिलने से जल्द ही व्यवस्था करा दी जायेगी।

# धोखाधड़ी कर युवक से 1.32 लाख की ठगी

» मदरलैंड संवाददाता

● फेसबुक के जरिए साइवर ठग के जाल में फंसा युवक

मैनपुरी। फेसबुक पर कार खरीद के लिए एक व्यक्ति से संपर्क होने के बाद युवक ने बताए गए बैंक खाते में 1.32 लाख रुपये डाल दिए, लेकिन बाद में पता चला कि वह ठगी का शिकार हो गया है। इसके बाद युवक ने आईजीआरएस के जरिए ऑनलाइन शिकायत कर रुपये वापस कराए जाने की मांग की है।

कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव शिवसिंहपुर निवासी दुर्विजय सिंह एक कार खरीदना चाहता था। कुछ दिन पूर्व फेसबुक पर डाले गए विज्ञापन के जरिए एक व्यक्ति से उसकी बातचीत हुई। वह कार बेचना चाहता था, जिसके बाद दुर्विजय ने फेसबुक पर दिए गए उसके नंबर पर कॉल कर संपर्क किया। उसके व्हाट्सएप पर व्यक्ति द्वारा कार के फोटो आदि डाले गए। कार पसंद आने के बाद 1.70 लाख रुपये में सौदा भी तय हो गया। कार बेचने वाले के बताए गए बैंक खाते में नौ मार्च को 1.32 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद उक्त व्यक्ति से कार देने की बात कही तो उसने पूरे रुपये खाते में डालने के लिए कहा, तब दुर्विजय ने कहा कि कार लेने के समय वह पूरा हिसाब कर देगा। इसके बाद ठग ने नंबर बंद कर लिया, ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराते हुए रुपये वापस दिलाने व कार्रवाई की मांग की है।

# श्यामनगर में एक व्यक्ति ने चूमा फाँसी का फंदा

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। कोतवाली नगर के मोहल्ला श्यामनगर में एक व्यक्ति ने अपने ही घर मे फाँसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार मृतक जयप्रकाश यादव उत्तर प्रदेश परिवहन निगम अलीगढ़ डिपो में चालक के पद पर कार्यरत थे सोमवार को जब मृतक की पत्नी सुबह अपने घर के कार्य करने के लिए जागी तो देखा कि घर के आंगन में ऊपर जाल पर फांसी के फंदे पर अपने पति को लटका देख घर मे कोहराम मचगया। तभी मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए और जब देखा तो जय प्रकाश म्रतक हो चुका था। तभी मोहल्ले वासियो ने कोतवाली नगर को सूचना दी मोके पर पहुची कोतवाली नगर की पुलिस ने म्रतक के शरीर को फाँसी के फंदे से नीचे उतार कर अपनी कार्य बाही करते हुए म्रतक के शरीर को पीएम ग्रह पर पहुचाया।

जिसमे म्रतक की पत्नी वीना देवी ने वताया कि हमारे पति जयप्रकाश तीन दिन से लापता थे मैंने कोतवाली नगर में 11 मार्च को एक प्रार्थना पत्र दिया जिसमें राजू यादव ग्राम सैलार कोतवाली देहात मेरे पति को तीन दिन से कही ले गए है और जब मैने राजू से जानकारी ली तो मेरे साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगा जब पूछा कि पति कहा है तो मुझ से कहा कि मुझे नही मालूम और गलत नियत से देखते हुए मेरे साथ छेड़ छाड़ करने लगा तभी में कोतवाली नगर गई और कोतवाली नगर में एक प्रर्थना पत्र भी राजू के खिलाफ दिया तभी रात को मेरे पति घर पर आगये और फिर विना खाना खाएं ही सो गए। जब सुबह देखा कि पति जयप्रकाश फाँसी के फंदे पर लटके हुए है तो चीख निकल गई तभी मोहल्ले वासी आये और उन्होंने पुलिस को अवगत कराया।

# मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह में सनातन धर्म प्रेमियों में होली पर्व को लेकर खूमार चढने.लगा है

» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। प्रदेश के मुस्लिम बाहुल्य जिला नूंह(मेवात) में होली पर्व को लेकर खूमार चढने. लगा हैं। लोगों की माने तो गत वर्ष कोरोना काल के चलते प्रशासन ने सख्ताई की हुई थी और लोग पूरे उत्साह से होली पर्व नहीं मना पाये थे लेकिन अब ऐसी कोई बात नहीं होने से लोग पर्व की खुशिया बांट रहे हैं और वह नंदगांव, वृंदावन, बरसाना की होली का आनंद, मोहन बाबा, खाटू श्याम की यात्रा कर पर्व का पूरा-पूरा आंनद ले रहे हैं। जिला के नूंह, तावडू, पुन्हाना, नगीना, पिनगवा, फिरोजपुर झिरका के बाजारों में लोग होली पर्व की खरीददारी के लिए निकल पड़े, खासकर ईंट भटटों पर काम करने वाले प्रवासी श्रमिक पर्व को लेकर काफी उत्सुक दिखाई दिये और वह बाजारों में खरीददारी के लिए टूट रहे थे। बाजार भी रंग, गुलाल, पिचकारी,





गुंजिया, मेवा, पूजन सामग्री, माला आदि से सजे हुए थे। जबकि बहन-बेटियों के यहां होली के त्योहार का शगुन देने वाले लोग भी आ-जा रहे थे।

क्षेत्रवासी बिजेन्द्र जिंदल, हरीश सिंगला, गोपाल पंडित, नीरज सिंगला, चमन गर्ग, ब्रहम कोशिक, जैकी बागडी, राहुल मंगला, मदनलाल, राजीव गर्ग आदि ने बताया कि मेवात बेशक से मुस्लिम बाहुल्य जिला हैं लेकिन यहां दोनों समुदाय मिलजुलकर त्योहार की खुशियां बांटते हैं और भाईचारे के रंग में मिल जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कोरोना के नियमों का पर्व पर कोई असर नहीं होने से लोग पर्व की खुशियां बांट रहे हैं।

# सिकंदराराऊ में निकला मेला रंगभरनी एकादशी



» मदरलैंड संवाददाता

सिकंदराराऊ नगर के मोहल्ला बगिया बारहसैनी स्थित मंदिर राधा कृष्ण से परंपरागत रूप से निकलने वाला रंगभरी एकादशी का मेला हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ निकाला गया। इस दौरान डोला में मौजूद राधा कृष्ण की मूर्तियों की पूजा अर्चना करके मौजूद लोगों ने एक दूसरे के ऊपर अबीर गुलाल डालकर व उनके चेहरों पर लगा कर मेला का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी मात्रा में पुलिस व पीएसी फोर्स संग चल रहा था।

मेला में मौजूद हुरयारे युवाओं की टोलियां द्वारा डीजे पर होली की गानों पर मस्त होकर झमकर मस्ती के साथ नृत्य किया जा रहा था। वही बरसाने से आए कलाकारों द्वारा लठमार होली का शानदार प्रदर्शन करते हुए लोगों का मनोरंजन किया जा रहा था। उसके बाद डोला में विराजमान राधा कृष्ण की मूर्तियों की जगह जगह आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई। शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी मात्रा में कोतवाली पुलिस व पीएसी के जवान मौजूद थे जो मेला के आगे व पीछे चल रहे थे।

मेला में प्रमुख रूप से विपिन वार्ष्णेय, पंकज गुप्ता, विशाल राज चौहान, निशांत चौहान, आकाश दीक्षित, बृज मोहन गुप्ता ,अभिषेक वार्ष्णेय, नीरज वैश्य, कृतांक वार्ष्णेय सूरज वार्ष्णेय अनिल महाजन, संजीव महाजन, मुकुल गुप्ता, प्रिंस भामाशाह, जितेंद्र वार्ष्णेय, प्रवीण कुमार डौबी, मनोज कुमार, दुर्गेश पचौरी ,अजय प्रताप जादौन बंटी खलीफा, बबलू सिसोदिया, चेतन शर्मा, धीरज वार्ष्णेय, बिहारी कौशिक,मीरा माहेश्वरी कमलेश शर्मा, विष्णु वार्ष्णेय, शिव कुमार वार्ष्णेय आदि थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर का समापन

» अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/भोंगाव। नेशनल पी.जी. कॉलेज भोंगाव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर के समापन के मुख अतिथि नुकुल सक्सेना प्रबंधक समिति नेशनल पी जी कॉलेज भोगांव मैनपुरी रहे। इस मौके पर नकुल सक्सेना ने कहा कि आज की आवश्यकता है कि युवा मन वचन और कर्म से राष्ट्र सेवा में जुट जाये। वही कार्यक्रम के वरिष्ठ अतिथि पूरन चन्द्र शास्त्री ग्राम प्रधान छाछा भोंगाव ने कहा कि व्यक्ति महान ईमानदारी पूर्वक मेहनत करें। प्रभारी प्राचार्य डॉ ए.के. पाल ने कहा की युवा शक्ति के राष्ट्र सेवा से जोड़ने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र प्रसाद मिश्रा प्रबंधक समिति ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजकुमार सिंह ने सात दिनों तक चले शिविर की



आख्या प्रस्तुत की और स्वस्थ, स्वच्छता, साफ ,सफाई और बालिका सुरक्षा के लिए लोगों का आह्वान किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर कार्यक्रम समापन समारोह में डॉ राकेश गुप्ता , पुनीत चौहान, डॉ फतेह सिंह , डॉ कौशलेंद्र दीक्षित,डॉ राजेश सिंह चौहान, डॉ अशुतोष, डॉ आदित्य गुप्ता , डॉ कीर्ति गुप्ता, पंकज दीक्षित ,विनय कुमार,बृजेश कुमार, सत्येंद्र ,जयवीर के अलावा जूनियर हाई स्कूल की शिक्षिका सविता वर्मा,गिरिजा शाक्य, सविता शाक्य,मीरा राजपूत के अलावा छात्र आनस हुसैन, मुकुल शर्मा , राजकुमार, रीतिका, मोहित, हेमंत आदि लोग मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन का तार टूट युवक की मौत

## युवक की मौत से नगर की 24 घंटे तक बिजली गुल रही

» मदरलैंड संवाददाता




सिकंदराराऊ नगर के मोहल्ला नौरंगाबाद पश्चिमी में हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से ऑटो में बैठे एक युवक की करंट की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। सूचना पर एसडीएम वेद सिंह चौहान, सीओ सुरेंद्र सिंह एवं कोतवाल अशोक कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

रविवार की रात्रि नौ बजे करीब मौहल्ला नौरंगाबाद पश्चिमी निवासी मेहंदी कुरैशी का 22 वर्षीय पुत्र खन्ना मोहल्ला में ही सड़क के किनारे खड़े एक ऑटो में बैठा हुआ था। अचानक हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूट कर ऑटो के ऊपर गिरा। जिससे युवक करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया और ऑटो में आग लग गई। देखते ही देखते युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इससे घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई और युवक की मौत से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। मृतक के परिजनों में हाहाकार मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना को लेकर आक्रोशित लोगों का कहना था कि मोहल्ले में होकर गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी जर्जर हो चुकी है। कई बार पहले भी तार टूट चुके हैं और मोहल्ले के लोगों ने तारों के नीचे जाल लगाए जाने की मांग विद्युत अधिकारियों से कई बार की है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। यदि जाल लगा होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।वहीं सूचना पर कोतवाल अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने पुलिस को शव नहीं उठाने दिया तथा विद्युत अधिकारियों को मौके पर बुलाकर कार्रवाई की मांग करने लगे। मामले की जानकारी होते ही उपजिलाधिकारी वेद सिंह चौहान तथा सीओ सुरेंद्र सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि विद्युत लाइन के नीचे जाल लगवा दिए जाएंगे और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने शव को हटाने दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाथरस भेजा है।



हादसे के बाद नगर की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। इस बारे में जेई पंकज चौबे का कहना है कि लाइन को ठीक कराया जा रहा है। लाइन ठीक होने पर आपूर्ति शुरू करा दी जाएगी। वही रविवार को युवक की मौत के बाद पूरे दिन लगभग 24 घंटे बिजली नगर की गुल रही। कोतवाली पुलिस की निगरानी में बिजली विभाग लाइन को ठीक करने में जुट गए हैं।

# जिले में कानून व्यवस्था दिख रही है लचर

अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं और सत्ता में एक बार फिर यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ जा चुके हैं। वहीं जिस प्रकार पिछले पांच साल के कार्यकाल में भयमुक्त माहौल रहा उसको देखते हुए जनता ने सरकार को एक बार फिर इसलिए सत्ता पर काबिज किया क्योंकि वह चाहते हैं गुंडागर्दी, चोरी, लूट, हत्या जैसे अपराधों से प्रदेश की जनता भयमुक्त रहे, परंतु जनपद एटा में पिछले कुछ समय से लगातार बड़ी बड़ी घटनाओं का प्रकाश में आना जनपद के लोगों को भय का एहसास करा रहा है।

आपको बता दें हाल ही में जनपद के अंदर आधा दर्जन से अधिक शव मिलने से लोग सहमे हुए हैं, लगातार एक के बाद एक मिल रहे शव से लोगों में भय पैदा कर रहे हैं। वहीं कानून व्यवस्था भी लचर नजर आ रही है। अगर बात की जाए तो जिला प्रशासन भी कछुए की चाल पर अग्रसर नजर आ रहा है, जनपद में कुकुरमुत्ता की तरह तेजी से उपज रहे झोलाछाप डॉक्टरों की फसलें आम लोगों और गरीबों की जान से खिलवाड़ करने में कोई भी कोताही नहीं बरत रही हैं। प्राइवेट चिकित्सालय चांदी काट रहे हैं। वही गरीब से उपचार के नाम पर मोटी मोटी रकम ऐंठी जा रही है और बदले में उन्हें केवल मौत नसीब हो रही है।

आपको बता दें जनपद में प्राइवेट चिकित्सक जो पूर्णतया झोलाछाप हैं वह बड़े बड़े ऑपरेशन को मोटी रकम लेकर दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की करने में व्यस्त हैं। आपको बता दें जनपद में निजी चिकित्सालयों पर मौत के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। मगर स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से हर बार प्रतिबंध लगाने के बाद प्रसाद लेकर फिर बरी किया जा रहा है।

हाल ही में एक प्राइवेट चिकित्सालय पर जच्चा-बच्चा की मौत के बाद परिजनों ने प्राइवेट चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसे मौत का जिम्मेदार बताया, जिसके बाद हरकत में आई स्वास्थ्य विभाग टीम ने जांच कर निजी चिकित्सालय को हरी झंडी दे दी। अब बात आती है कि गरीब सरकारी अस्पताल होने के बावजूद भी प्राइवेट चिकित्सकों के यहां जाता ही क्यों है। तो आपको बता दूं कई बार ऐसा हुआ है कि मेरे मिलने वाले लोगों का फोन मेरे पास भी आया है उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल में उनकी प्रसूता (पत्नी) कई घंटों से तड़प रही है लेकिन उपचार नहीं मिल रहा है। डॉक्टर लगातार उसे गुमराह कर रहे हैं ऐसे में वह अपने मरीज को तड़पता ना देख प्राइवेट चिकित्सालय पर जाने को मजबूर हो जाते हैं। जनपद में स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे हैं मोटी तनख्वाह में सरकारी चिकित्सक मौज लेते नजर आते हैं। जब सरकारी सिस्टम ही खराब हो तो लोग मजबूर होकर इधर-उधर भटकने को विवश नजर आते हैं। जनपद के अस्पतालों का हाल बेहाल है। मेडिकल कॉलेज के नाम पर खानापूर्ति की गई है। वहीं जैसे पहले चल रहा था सब कुछ वैसा ही अभी भी चल रहा है। सरकारी मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी चांदी काट रहे हैं गरीब मजदूर इलाज के अभाव में तड़प तड़प कर दम तोड़ रहे हैं।

# परिषदीय और मान्यता प्राप्त स्कूलो में 22 से परीक्षा

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। बेसिक शिक्षा परिषद ने कक्षा एक से कक्षा आठ तक के परिषदीय और मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वार्षिक परीक्षाएं कराने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। वार्षिक परीक्षाएं 22 मार्च से 27 मार्च के बीच कराई जाएंगी। 31 मार्च को परीक्षाफल घोषित होगा और छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में तैयारियां शुरू हो गई हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद के विशेष सचिव आरबी सिंह की ओर से परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। सभी बीएसए को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया है कि सभी परीक्षाएं प्रबंध समितियों के निर्देशन में संपन्न कराई जाएंगी। जनपद स्तर पर प्रश्न पत्रों का निर्माण होगा और 16 मार्च को प्रश्न पत्रों की छपाई का कार्य कराया जाएगा। इसके बाद होली की छुट्टी हो जाएगी। 21 मार्च को सभी खंड शिक्षा अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रश्न पत्रों का वितरण कराएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### नानकशाही नया सम्वत 554 की आरम्भता एवं चैत महीने की संग्रान्द के उपलक्ष्य में कथा कीर्तन का आयोजन

देहरादून, एजेंसी। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, आढ़त बाजार, देहरादून के तत्ववाधान में नानकशाही नया सम्वत 554 की आरम्भता एवं चैत महीने की संग्रान्द के उपलक्ष्य में उत्साह तथा श्रद्धापूर्वक कथा कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक सविता कपूर ने इस अवसर पर मत्था टेक गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर प्रातः नितनेम के पश्चात भाई चरणजीत सिंह ने आसा दी वार का सबद चैत गोविन्द आराधीये होवे अनंद घना का गायन किया, रखे गये श्री अखण्ड पाठ साहिब के भोग डाले गये। इस अवसर पर हैड ग्रंथी भाई शमशेर सिंह ने कहा कि जीवन मे शुभ गुणों के बिना जीवन व्यर्थ है, अच्छे गुण ही मनुष्य को जीवत रखते हैं। चैत महीने में संगत के साथ जुड़ कर प्रभु की भक्ति करने का बहुत लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि जो प्रभु के साथ मिलाप कर लेते हैं उनका जीवन सफल माना जाता है। इस अवसर पर भाई सतवंत सिंह ने सबद जो तुध भावे सो परवान मन तन तुहे आधारी का गायन कर संगत को निहाल किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित विधायक सविता कपूर को गुरु घर से शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने नानकशाही नव सम्पत 554 की बधाई देते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी आप के सहयोग से मिली है उसे ईमानदारी से निभाया जायेगा। इस अवसर पर अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। अतुल कपूर एवं अमित पांडे को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंच का संचालन सेवा सिंह मठारु ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के पश्चात संगत ने गुरु का लंगर प्रसाद छका।

### ट्रक खाई में समाया, चालक की मौत

देहरादून, एजेंसी। बीती देर रात गरमपानी-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के पाडली के पास एक ट्रक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में चालक की मौत हो गई। इस अवसर पर सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार नैनीताल के गरमपानी-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग के पाडली के पास बीते देर रात एक ट्रक अनियंत्रित होकर शिप्रा नदी में गिर गया। इस अवसर पर ट्रक के खाई में गिरने की आवाज सुन आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इस अवसर पर सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत-बचाव अभियान चलाकर गंभीर घायल ट्रक चालक को बाहर निकाला। जिसके बाद उसे 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चालक का नाम तनवीर सैनी निवासी कनखल हरिद्वार बताया जा रहा है। पुलिस ने घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दे दी है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर नव निर्वाचित विधायक बंशीधर भगत का जोरदार स्वागत

देहरादून, एजेंसी। चुनाव जीतने के बाद नव निर्वाचित विधायक व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां पर कार्यकताओं ने ढोल नगाडों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। आज भाजपा प्रदेश कार्यालय पर चुनाव जीतने के बाद नव निर्वाचित विधायक व भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर कार्यकताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व कैबिनेट मंत्री बंशीधर भगत ने चुनाव में इतना प्यार देने के लिए जनता का आभार व्यक्त किया, वहीं मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर बंशीधर भगत ने कहा है कि जो भी आलाकमान निर्णय लेगा वह सर्वमान्य होगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित विधायक बंशीधर भगत ने कहा है कि जिस उत्साह से जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया है उसी तरह से राज्य में बनने वाली सरकार राज्य के विकास के साथ ही साथ जनता के हितों के लिए व्यापक स्तर पर कार्य करेगी। उन्होंने जनता का आभार जताते हुए कहा कि क्षेत्र का व्यापक स्तर पर विकास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अपने विधानसभा क्षेत्र को आदर्श विधानसभा बनाया जायेगा और वहां पर विकास की गंगा बहाई जायेगी। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

### महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

देहरादून, एजेंसी। भारत विकास परिषद समर्पण शाखा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम सनराइज एकेडमी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध मूर्तिकार एवं चित्रकार ज्ञानेंद्र कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर इसके अलावा कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सविता कपूर विधायक कैंट ने सामाजिक कार्य में अपना योगदान दे रही महिलाओं को सम्मानित करने के लिए समर्पण शाखा की प्रशंसा की। इस अवसर पर समर्पण शाखा सचिव कमल कुमार लाल ने बताया कि सम्मान समारोह में विभिन्न सामाजिक कार्य में काम कर रही महिलाओं का सम्मान किया गया।

# कोतवाली नगर में तीन चोरियों का खुलासा, तीन गिरफ्तार

## 09 लाख की नगदी, लाखों के जेवरात, बाइक व आलानकब बरामद

- आरोपियों को एक साथी लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फरार
- डीआईजी ने खुलासा करने वाली टीम को पांच हजार का दिया इनाम



हरिद्वार,एजेंसी। पुलिस-सीआईयू की संयुक्त टीम ने तीन चोरियों को खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से लाखों की नगदी व लाखों के जेवरात बरामद किये हैं। जबकि आरोपियों को एक साथी लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फरार है। जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिनको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है। डीआईजी की ओर से चोरी का खुलासा करने वाली टीम को पांच हजार का ईनाम देने की घोषणा की है। इस बात जानकारी एसएसपी व डीआईजी डॉ. योगेन्द्र कुमार रावत ने सोमवार को पुलिस कार्यालय रोशनाबाद के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि प्रमोद जयसवाल पुत्र तारकेश्वर निवासी इन्द्रा विकास कालोनी निकट सूखी नदी खड़खड़ी कोतवाली नगर हरिद्वार ने 11 फरवरी 22 को तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि 09 फरवारी की रात को अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर का ताला तोड कर 18 लाख की नगदी व लाखों की जेवरात चोर कर ले गये हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए चोरों की शिनाख्त के प्रयास कर तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना के खुलासे के लिए सीआईयू टीम को भी पुलिस तलाश में शामिल किया गया। सीआईयू ने घटना वाले दिन क्षेत्र में मोबाइलों को ट्रेस शुरू किया गया। पुलिस की कई टीमों को यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों की ओर रवाना किया गया। लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने चोरी की घटना के खुलासे के लिए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी थी कि इसी दौरान रविवार की शाम को मुखबिर की सूचना पर पुलिस व सीआईयू की संयुक्त टीम ने सर्वानन्द घाट हाईवे पुल के नीचे अन्डरपास से तीन संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनको कोतवाली लाकर पूछताछ की गयी। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना नाम रोशन मिश्रा पुत्र शम्भू मिश्रा निवासी फ्लैट नं. 48, काशीनाथ राजीव कालोनी, कुष्ठ आश्रम शिव मन्दिर के पास थाना सुनगढी जिला पीलीभीत, सूरज चैहान पुत्र छोटन चैहान निवासी ग्राम महदीपुर थाना नकटपुरा जिला नालन्दा बिहार और विकास कुमार पुत्र जयप्रकाश निवासी ग्राम भगवानपुर शिव मन्दिर के पीछे तहसील नगीना थाना बडापुर जिला बिजनौर बताते हुए खुलासा किया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी अनुज ऊर्फ बंगाली पुत्र छोटन निवासी कबाड़ी बस्ती लालजीवाला हरिद्वार के साथ मिल कर 09 फरवरी की रात को प्रमोद जायसवाल के यहां पर अनुज उर्फ बंगाली के कहने पर घर पर ताला तोड कर चोरी की थी। क्योंकि अनुज उर्फ बंगाली प्रमोद जायसवाल के घर काम कर चुका था। इससे पूर्व उन्होंने 03 फरवरी को रेलवे कॉलोनी हरिद्वार और बहादराबाद शमशान घाट के पास स्थित कॉलोनी में चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल किया। उन्होंने बताया कि पुलिन और सीआईयू टीम ने आरोपियों की निशानदेही से 09 लाख 78 हजार की नगदी व 04 लाख रुपए कीमती ज्वैलरी, एक बाइक, एक आलानकब व अन्य औजार बरामद किये हैं, जबकि फरार अनुज ऊर्फ बंगाली लाखों की नगदी व जेवरात लेकर फरार है। आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। तीन चोरियों की वरदात को खुलासा करने वाली टीम को उनकी ओर से पांच हजार का इनाम दिया जा रहा है। पत्रकार वार्ता के दौरान एसपी सिटी स्वंतत्र कुमार, सीओ सिटी शेखर सुयाल, कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक राकेन्द्र सिंह कठैत, एसएसआई मनोहर सिंह, खड़खड़ी चैकी प्रभारी विजेन्द्र गुंसाई, सीआईयू प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### चकराता से पांचवीं बार जीत पर प्रीतम को दी बधाई



देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सैनिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सेनि कैप्टन बलबीर सिंह रावत ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के पांचवीं बार चकराता विधानसभा से जीत दर्ज करने पर बधाई दी है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में चकराता विधानसभा क्षेत्र से निरंतर पांचवी बार विजयश्री हासिल करने पर वह पूर्व सैनिकों की ओर से बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की है। इस मौके पर वह देवतुल्य स्वर्गीय पित्ता उच्च सम्मान युक्त गुलाब सिंह का स्मरण करते हुए आपको विशेष धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उनकी विरासत को अति सम्मान के साथ सुरक्षित और संभाल के रखा है। उन्होंने अंत में कांग्रेस पार्टी की पराजय पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं के द्वारा चुनाव में दिलो जान से की गई कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद दिया।

### धूमधाम से मनाया फोर बाई फोर गोरखा राइफल्स रेजीमेंट का स्थापना दिवस



देहरादून, एजेंसी। फोर बाई फोर गोरखा राइफल्स के पूर्व सैनिकों ने पलटन का स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर फोर बाई फोर गोरखा राइफल्स रेजीमेंट के पूर्व सैनिक संगठन ने अपने रेजिमेंट का स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर पुनीत शर्मा ने दीप जीतकर तथा कोरोना महामारी में दिवंगत पुण्य आत्माओं को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और बटालियन के पूर्व सैनिक संगठन के वरिष्ठ सलाहकार सूबेदार मेजर और नदी लैपटॉप ऑर्डिनरी लेफ्टिनेंट विजेंद्र राणा ने बटालियन के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शुद्धता से पहले बटालियन 15 मार्च 1941 में बबलू लेफ्टिनेंट कर्नल बर्कले के नेतृत्व में खड़ी हुई थी और द्वितीय विश्व युद्ध में हमारी बटालियन ने बर्मा की बहुत-बहुत दिली से लड़ी, जिस कारण 09 मार्च 1945 को बटालियन के बैटल ऑनर्स मेडल से प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 1946 को बटालियन डेमो ब्लिस्ट हो गई, 01 मार्च 1962 को अंबाला कैंट में लेफ्टिनेंट कर्नल गुरबख्श सिंह गिल के नेतृत्व में दोबारा खड़ी हुई जो आज तक निरंतर बहादुरी और मुस्तैदी से काम कर रही है। प्रतिवर्ष रेजीमेंट का स्थापना दिवस समारोह बहुत धूमधाम से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी भूतपूर्व सैनिक अपने परिवार के साथ सम्मिलित होते हैं तथा अपने परिवार को उस बहादुर युग के बारे में बताते हैं जिससे परिवार के लोगों को भी सदस्यों को भी अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति श्रद्धाभाव बना रहे। इस अवसर पर कहा कि कार्यक्रम 11 मार्च को होना था परंतु विधानसभा चुनाव की मतगणना एवं उसके पश्चात यातायात व्यवस्था को देखते हुए कार्यक्रम को आज मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य शामिल रहे।

### भू माफियाओं से नगर निगम की भूमि बचाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन

देहरादून, एजेंसी। भू माफियाओं से नगर निगम की भूमि को बचाये जाने की मांग को लेकर भाजपा पार्षदों ने प्रदर्शन करते हुए नंगर निगम में प्रदर्शन कर धरना दिया। आज भाजपा के पार्षद भूपेन्द्र कठैत के नेतृत्व में नगर निगम में इकटठा हुए जहां उन्होंने भू माफियाओं से नगर निगम की भूमि को बचाये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। इस अवसर पर भूपेन्द्र कठैत ने कहा कि क्षेत्र में अगर कोई भी नगर निगम की भूमि है तो क्यों न सभी के व नगर निगम के सहयोग से उस भूमि की जांच करवा कर क्षेत्रवासियों के पार्क, बच्चों के खेलने के मैदान अथवा कोई अन्य सार्वजनिक उपयोग की अवस्थापना करने का प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि क्योंकि आज अगर हम सब जागरूक हो गए और एक होकर प्रयास करें तो यह संभव है। उन्होंने कहा कि अन्यथा कल फिर ऐसा न हो कि कोई भू-माफिया अधिकारियों की मिलीभगत करके डालनवाला क्षेत्र में स्थित नगर निगम की जमीन पर कब्जे के जैसे प्रयास किये जा रहे हैं और क्षेत्र में भी जमीन कब्जाने का प्रयास न करने लगे या निगम अधिकारियों से मिलीभगत करके जमीन को खुर्द-बुर्द न कर दे। उन्होंने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में पार्क व बच्चों के खेलने के मैदान की जगह के लिए तरसते रह जाएं। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में निगम की जमीनों को बचाने के लिए सहयोग करें ताकि हम अपने अपने क्षेत्र की बात को मजबूती से रखवा कर और जनहित में उन्हें मनवा कर एक नई पहल करें। उन्होंने कहा कि ऐसी आपराधिक मिलीभगत करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों को किन अधिकारियों व उच्चपदस्थ लोगों का वरदहस्त प्राप्त है। उन्होंने कहा कि मोथरोवाला में चिह्नित की गई 150 बीघा जमीन की खुर्द-बुर्द में कौन-कौन सम्मिलित है उन्होंने कहा कि इसका खुलासा किया जाये। इस अवसर पर भाजपा के अनेकों पार्षद शामिल रहे।

### सिडकुल से गांजा के साथ एक गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। सिडकुल पुलिस ने रविवार की शाम को क्षेत्र में गश्त के दौरान एक नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने भारी मात्र में गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। सिड़कुल प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि पुलिस बीती शाम को क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस ने सूचना पर एक नशे के सौदागर को दबोचा है। जिसके पास से पुलिस ने 720 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस आरोपी को पकड कर थाने लेकर पहुंची। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम पंकज कुमार पुत्र धीर सिंह निवासी ग्राम रोशनपुरी पुलिया के पास रावली महदूद सिडकल हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय**
**अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप खण्ड हरिद्वार।**

पत्रांक-191 /अ0अ0/न0ख0ह0/वाहन — दिनांक.. 14 /03 /2022

कोटेशन नोटिस संख्या-191/अ0अ0/न0ख0ह0/2021-22

उत्तराखड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नलकूप खण्ड हरिद्वार में खण्डीय कार्यो के लिए बोलेरो वाहन को किराये पर रखने हेतु मोहरबन्द लिफाफे में दिनांक 28.03.2022 अपरान्ह 3.00 बजे तक कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन शाम 3.30 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कोटेशन खुलने की तिथि को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में कोटेशन खोली जायेगी। कोटशे न से सम्बन्धित शर्ते या विशिष्टियां, कोटेशन खुलने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से शांय 4. 00 बजे तक कार्यालय नलकूप खण्ड हरिद्वार से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | सख्या | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | चालक सहित बोलेरो वाहन (कमर्शियल) किराये पर लेने हेतु (अनुबन्धित) | 1 | न. |

(क) कोटेशन निम्न प्रकार से ए-4 साईज कागज में अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड हरिद्वार के नाम देना होगा। मैंने आपके कोटेशन नोटिस संख्या /न0ख0ह0/ वाहन दिनांक के अन्तर्ग त सेवा शर्ते/विशिष्टियां कार्यालय से प्राप्त करने के उपरान्त भलीभांति पढ लिया है और मैं वर्णित सभी शर्तो को मानने के लिये सहमत हूँ जिस हेतु मेरी दर विवरण निम्न है-
1. दर प्रति माह (जी0एस0टी0 सहित)......................
2. डीजल की खपत................ किमी0 प्रति लीटर।
3. वाहन मॉडल..............................................................
4. वाहन रजिस्ट्रेशन नम्बर.........................................
5. वाहन का प्रकार....................................................
6. कोटेशन दाता का नाम व पूरा पता....................

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड हरिद्वार


# गढ़वाल आयुक्त ने ली 'लैंण्ड फ्रॉड समन्वय समिति' की बैठक



देहरादून, एजेंसी। आयुक्त गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार की अध्यक्षता में आज आयुक्त गढ़वाल मण्डल कैम्प कार्यालय ईसी रोड़ में ह्यह्यलैंण्ड फ्रॉड समन्वय समितिह्लह्ल की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार एवं गढ़वाल मण्डल के अन्य जनपदों के संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयुक्त गढ़वाल मण्डल ने जनपदों के तहसीलवार भूमि संबंधित मामलों की विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को शीघ्र हटवाने एवं बेदखली की कार्यवाही करने तथा उक्त भूमि पर घेरवाड़ करने के निर्देश दिए, साथ ही कुछ प्रकरणों पर अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त टीम गठित करते हुए एक सप्ताह के भीतर भूमि संबंधी मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। कहा कि राजस्व विभाग का कार्य भूमि की सुरक्षा बनाए रखना है। सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार की अवैध अतिक्रमण न हो इस बात को गम्भीरता से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिनियम 2015 एवं नियमावली 2017 के बिन्दुओं को मध्यनजर रखते हुए कार्यवाही करने को कहा। साथ ही आपसी लेन-देन एवं धोखागड़ी वाले भूमि के मामलों को पुलिस को स्थानातरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि पर घेरवाड़/चारदिवारी करवाने तथा भूमि पर अवैध कब्जा करने वालो के विरूद्ध पीपी एक्ट में चालान करने के निर्देश नगर निगम को दिए। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को सरकारी भूमि पर कब्जे हटाने के लिए पुलिस की सहायता लेने तथा जिन क्षेत्रों में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतें है पर वन विभाग के अधिकारियों को भी मौका मुआवना के दौरान साथ लेते हुए बेदखली की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सरकारी भूमि कब्जा करवाने में यदि किसी कार्मिकों की भूमिका सामने आती है तो उनके विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी डॉ. आर राजेश कुमार, अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल नरेन्द्र सिंह क्वीरियाल, सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व केके मिश्रा, आयुक्त नगर निगम देहरादून अभिषेक रोहिला, ऋषिकेश गिरीश चन्द्र गुणवंत, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, ऋषिकेश अपूर्वा पाण्डेय, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला युक्ता मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रेनू लोहानी, एआईजी मुख्यालय अरूण प्रताप सिंह, वन विभाग से सुभाष चन्द्र वर्मा सहित गढ़वाल मण्डल के अन्य संबंधित जनपदों अधिकारी उपस्थित रहे।


**कार्यालय**
**अधिशासी अभियन्ता**
**नलकूप खण्ड हरिद्वार।**

पत्रांक-192 /अ0अ0/न0ख0ह0/विविध — दिनांक.. 14 /03 /2022

कोटेशन नोटिस संख्या-192/अ0अ0/न0ख0ह0/2021-22

उत्तराखड के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नलकूप खण्ड हरिद्वार के कार्यालय परिसर में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगवाने हेतु मोहरबन्द लिफाफे में दिनांक 21.03.2022 अपरान्ह 3.00 बजे तक कोटेशन आमंत्रित की जाती हैं जो कि उसी दिन शाम 3.30 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। कोटेशन खुलने की तिथि को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्य दिवस में कोटेशन खोली जायेगी। कोटेशन से सम्बन्धित शर्ते या विशिष्टियां, कोटेशन खुलने से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 11.00 बजे से शांय 4.00 बजे तक कार्यालय नलकूप खण्ड हरिद्वार से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | कार्यालय परिसर नलकूप खण्ड हरिद्वार में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने का कार्य। |

अधिशासी अभियन्ता
नलकूप खण्ड हरिद्वार

संक्षिप्त समाचार

## चंडीगढ़ सब-जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021- 22 में जीते कई ईनाम



विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता , चंडीगढ़। सेक्टर 27 स्थित श्री औरोबिन्दो स्कूल ऑफ इंटरग्रल एजुकेशन ने चंडीगढ़ सब–जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2021- 22 में कई इनाम जीते। ऊंची कूद में मृत्युंजय रजत और लम्बी कूद मे अंकुश और बिनीता ने कांस्य पदक जीता। भाला फेंक में आदित्य सिंह रजत और अर्पिता ने कांस्य जीता। ऊंची कूद में स्मृति ने कांस्य पदक जीता। 5 किमी पैदल में अर्श कैथ ने गोल्ड, 80 मीटर हर्डल में स्मृति ने कांस्य और 50 मीटर दौड़ अंडर–8 लड़कियों में अंजलि ने कांस्य तथा लड़कों में लक्षित ने रजत और अमितोज ने कास्य पदक जीता। लड़कियों की रिले रेस में रजत पदक अपने नाम किया।

## एमसीएम ने आंत्रप्रेन्योर स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डेवलपमेंट पर कार्यशाला का आयोजन किया




मदरलैंड संवाददाता , चंडीगढ़। मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन, चंडीगढ़ की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) ने 'आंत्रप्रेन्योर स्किल, एटीट्यूड एंड बिहेवियर डिवेलप्मेंट' विषय पर एक ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के लिए प्रमुख वक्ता के रूप में प्रो. राज कुमार सिंह वाराणसी स्थित स्कूल ऑफ मेनेजमेंट में उद्यमिता, नवाचार और कौशल विकास केंद्र के अध्यक्ष, वाणिज्य विभाग के प्रमुख और आर एंड डी के डीन शामिल हुए। कार्यशाला में कुल 117 छात्रों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। उद्यमिता कौशल, दृष्टिकोण और व्यवहार को विस्तृत अर्थ प्रदान करने के अलावा, प्रमुख वक्ता ने भारत जैसे विकासशील देश में अधिक स्टार्टअप और पेटेंट की आवश्यकता पर भी चर्चा की। प्रो. सिंह ने तकनीकी व्यवहार्यता, ग्राहक की वांछनीयता और व्यवसाय की व्यवहार्यता के मुख्य सिद्धांतों पर चर्चा की।

## नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में, तीसरा आरोपित गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता , महेंद्रगढ़। थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस ने हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के मामले में 22,50,000 की धोखाधड़ी के मामले में तीसरे आरोपित को किया गिरफ्तार। आरोपित से मामले की पूछताछ करने के लिए पुलिस रिमांड पर लिया। अश्वनी कुमार निवासी बचीनी ने थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस को नामजद व्यक्तियों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उसका संपर्क कुछ व्यक्तियों से हुआ था । जिन्होंने बताया कि उनकी पहुंच बहुत अच्छी है और किसी भी नौकरी में लगवा सकते हैं। उन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि नौकरी लगवाने के लिए पैसे लगेंगे और हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के नाम पर 25 लाख रुपए की मांग की थी। जिन्होंने शिकायतकर्ता को विश्वास में लेकर शिकायतकर्ता के दोहते को हरियाणा पुलिस में एसआई के पद पर नौकरी लगवाने के लिए 22,50,000 रुपए लिए थे। जो शिकायतकर्ता ने आरोपितों को मनी ट्रांसफर, इंटरनेट और फोन पे आदि के माध्यम से पैसे ट्रांसफर किए थे। लेकिन आरोपित समय-समय पर शिकायतकर्ता को झूठा आश्वासन देते रहे। लेकिन आरोपितों ने शिकायतकर्ता के दोहते को न ही नौकरी लगवाया और पैसे वापस लेने पर शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। जो इस शिकायत पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत थाना सदर में मामला दर्ज किया था। मामले में प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना सदर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने नौकरी लगवाने के नाम पर 22,50,000 रुपए की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपित परीक्षित निवासी नांगल हरनाथ को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था। जिससे पुलिस ने ढाई लाख रुपए बरामद किए थे।

# ए ड्राइव टू इंपावर ट्रेजर हंट कार रैली में फिक्की फ्लो मेंबर्स ने किया फन






» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः फिक्की फ्लो लुधियाना द्वारा चेयर पर्सन राधिका गुप्ता के निर्देश में ए ड्राइव टू इंपावर कार्यक्रम का आयोजन किया गया वुमन एंपावरमेंट थीम पर आयोजित कार्यालय में अफलो मेंबर्स और उनके फ्रेंड्स फैमिली के साथ खूब इंजॉय किया और हिस्सा लिया एप बेस्ट इवेंट में प्रतियोगियों को ट्रेजर हंट क्विज के जरिए अपनी सिटी को जानने के लिए प्रेरित किया गया इसके लिए एक नेवीगेशन रूट तैयार किया गया ज्यादा खर्च करने पर नेगेटिव मार्किंग का भी प्रावधान रखा गया प्रतियोगियों को तय समय स्पीड में अपने टारगेट तक पहुंचना था सतलुज क्लब से शुरू हुई रैली को डिप्टी कमिश्नर वरिंदर शर्मा ने हरी झंडी देकर रवाना किया जो कि ओमेक्स रेजीडेंसी में जाकर खत्म हुई हरमन, माना, मोनिका, निति, भावना, एकता, शिखा, किम्मी बजाज, पूजा, रिचा ने बताया कि कार रैली में खूब एंज्वॉय किया व्हाइट टॉप और ब्ल्यू जींस डालकर ऊपर व्हाइट कैप में सेल्फी करते हुए गए एक अलग तरह की पहचान बन कर रह गई।

## होली के रंगो में रंगी किट्टी में लुधियाना की महिलाएं

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता



लुधियानाः होली के त्योहार पास आते हैं लुधियाना की महिलाओं ने होली थीम पर किट्टी की शुरूवात करी सभी महिलाओ ने मिलकर एक दूसरे को रंग लगाया और खूब मस्ती की गुरप्रीत सोनिया ने बताया कि होली का त्यौहार रंगो भरा होता है जिसमे सभी दोस्त आपसी रंजिश छोड़ कर एक हो जाते हैं इस अवसर पर टीना सचदेवा ने बताया कि सभी मेंबर्स होली थीम वाली व्हाइट टी शर्ट और ब्ल्यू जींस में आए और सेल्फी की गुलाबी, लाल, पीले रंगो को एक दूसरे के गालों में लगा कर खूब मस्ती करी कशिश नंदा ने बताया कि इस अवसर पर सभी ने मिलकर बॉलीवुड गानों में खूब डांस किया रंगो के साथ फूलो से भी होली खेली गई



## 19 को इंडस्ट्रीज एरिया में मनाया जाएगा होली महोत्सव

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। दक्षिण हरियाणा सांस्कृतिक मंच की ओर से 19 मार्च को होली महोत्सव कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा की सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित आकर्षक कलाओं व परम्पराओं का मंचन किया जाएगा। यह आयोजन 19 मार्च 2022 को इंडस्ट्रियल एरिया निजामपुर रोड नारनौल में प्रातः 11:15 बजे मनाया जाएगा।

दक्षिणी हरियाणा सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष संतलाल ने बताया कि मंच द्वारा मनाया जाने वाले होली महोत्सव के मुख्य अतिथि ओम प्रकाश यादव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री होंगे। इस कार्यक्रम की विशेषताओं में होली के फाग, पारंपारिक डफ, छंद, धमाल का दंगल आयोजित होगा।

इस मुकाबले में जिले के कलाकारों की टीम के अलावा बाहर से भी प्रतिभागी कलाकार भाग लेंगे साथ ही नए पारंपारिक कार्यक्रम भी शामिल किए गए है जो एक नया रंग रूप लिए होंगे तथा सांस्कृतिक विरासत से संबंध रखने वाली अनेक प्रस्तुतियां गीत संगीत नृत्य आदि विधाओं के साथ ही मनमोहक सांग व महिलाओं के कार्यक्रमों के साथ बाल व बालिकाओं द्वारा भी सुंदर व मनमोहक प्रस्तुतियों का मंचन किया जाएगा। संस्था प्रधान संतलाल ने बताया कि होली महोत्सव का यह कार्यक्रम होली के बाद19 मार्च को मनाया जा रहा है , कार्यक्रम एक नई छटा लिए हुए होगा। सभी दर्शक गण कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं और कार्यक्रम से जुड़ कर अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुडे रहने का का रोमांच व गर्व भी महसूस करें।

कार्यक्रम अध्यक्ष ने बताया कि मंच के सभी पदाधिकारियों व सहयोगियों को उनके उत्तरदायित्व सौंप दिए गए हैं और उन्होंने सभी नागरिको को इस मंच की तरफ से होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए, यहाँ पधारने का निवेदन भी रखा है।

खबर का हुआ असर ...

## नगर निगम ने पार्किंग एरिया कराया साफ

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः मॉडल टाउन एक्सटेंशन मार्केट में पार्किंग एरिया पर रेडी और टेबल कुर्सी लगा कर दुकान दारी करी जा रही थी जिस कारण सड़को पर जाम लगा रहता था मदर लैंड की खबर के बाद नगर निगम अधिकारी जागे और तुरंत एक्शन लिया गया आज रेडी फड़ी की जगह पर जनता ने अपनी गाड़ियों को पार्क किया नहीं तो इस जगह पर टेबल कुर्सी लगा कर लोगो को खाना परोसा जा रहा था कांग्रेस सरकार के समय कोई भी अधिकारी कार्यवाही करने को तैयार नहीं होता था क्योंकि राजनेतिक दवाब इतना बना होता था मगर आज आम आदमी पार्टी की सरकार बन जाने पर अधिकारी भी अपनी पॉवर का इस्तमाल करना शुरू कर दिया है





नगर निगम अफसरों की देख रेख में सड़को पर लग रहे टेबल कुर्सियां

अधिकारियों को सूचित करने पर भी कोई असर नहीं

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियानाः आम आदमी पार्टी पंजाब में आने के बाद भी आज भी कांग्रेस पार्टी और अकाली दल पार्टी के नेताओ के कहने पर नगर निगम के अफसर चल रहे हैं सड़को पर रेडी फड़ी वाले खुले आम टेबल कुर्सी लगा कर जनता को खाना परोसा जा रहा है जबकि मॉडल टाउन एक्सटेंशन मार्केट रोड पर पहले ही इतना ट्रैफिक जाम लगा रहता है ऊपर से नगर निगम अफसरों की देख रेख पर सड़को पर कुर्सियां टेबल लग रही है जब नगर अधिकारियों को सूचित किया गया तो हर बार वही जवाब मिलता है कि जल्द कारवाही करेंगे मगर सामने देख कर चले जाते हैं और अपनी आंखे बंद कर लेते हैं इससे साफ जाहिर होता है कि इस के पीछे कोई बड़ा ही राजनेतिक दवाब बना हुआ है यह किसी नगर निगम अफसर के साथ सेटिंग है जिसे देख कर नगर निगम के इंस्पेक्टर नजर अंदाज कर रहे हैं जबकि आम आदमी पार्टी पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बार बार वही बयान दे रहे हैं कि अब पंजाब में भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया जाएगा

## बोर्ड की परीक्षा नकल रहित संचालित करने में जिला शिक्षा अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी: प्रोफेसर डॉ जगबीर सिंह



» जयप्रकाश भारद्वाज, मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। राजकीय हिंदी अध्यापक संघ जिला प्रधान राजेश शर्मा झाड़ली ने बताया कि 30-31 मार्च को होने वाली 10वीं व 12वीं परीक्षाओं को मध्य नजर रखते हुए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी के चेयरमैन प्रोफेसर डॉक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि अबकी बार नकल रहित परीक्षा करवाने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि नकल रोकने में जिला शिक्षा विभाग के अधिकारियों की अहम भूमिका होनी चाहिए जिससे परीक्षा केंद्रों पर किसी प्रकार की गड़बड़ी ना होने पाए। उन्होंने ग्राम पंचायतों से भी निवेदन किया है कि आप परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर नकल रूपी इस कलंक को जड़ से मिटाना है। जाएगा कि हम कितने लेवल तक परीक्षा में अंक हासिल कर सकते हैं।

आज हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन से मिलकर उन्होंने दिशा निर्देश दिए की आमजन तक नकल रूपी कलंक को जड़ से खत्म करना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं उनके अभिभावकों, शिक्षकों, ग्राम पंचायतों आदि सामाजिक संस्थाओं से आह्वान किया है कि आप हरियाणा विद्यालय बोर्ड का साथ दें। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड की परीक्षाएं नकल रहित संचालित करना उनकी प्राथमिकता है तथा इसके लिए शिक्षा विभाग विशेषकर जिला शिक्षा अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी अति आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों से नकल रोकने की अपील की है। उन्होंने बताया कि नकल रोकने में शिक्षकों की भी अहम भूमिका है तथा परीक्षाओं को नकल रहित संचालित करवाने में उन्हें पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा तथा ईमानदारी से राष्ट्र निमार्ता होने के नाते अपने कर्तव्य से विमुख नहीं हो सकते उन्होंने नकल रोको अभियान को जन-जन तक पहुंचाना है। वह बोर्ड के कर्मचारियों का मामला हो, चाहे परीक्षाओं संबंधित हो, चाहे छात्र-छात्राओं से संबंधित हो, इसके साथ ही बोर्ड चेयरमैन ने घोषणा की है कि जो परीक्षाओं में नकल रोकने में हम भूमिका निभाएगा उसे बोर्ड प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। चाहे शिक्षक हो, चाहे ग्राम पंचायतें हो, चाहे सामाजिक कार्यकर्ता हो उसको भी बोर्ड सम्मानित करेगा।

## भाजपा कार्यकताओं ने देखी फिल्म दी कश्मीर फाइल

» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में जिला भाजपा ने कश्मीर पर बनी फिल्म द कश्मीर फाइल गोल्ड सिनेमा नारनौल में देखी। उसके लिए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से सभी कार्यकर्ता एकत्रित होकर तिरंगे झंडे के साथ वंदे मातरम, भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ सिनेमा हॉल के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि कश्मीर जो भाजपा का विचार व भाजपा का संकल्प रहा है। उसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने डॉ मुरली मनोहर जोशी के नेतृत्व में एकता यात्रा जम्मू कश्मीर तक निकाली और लाल चौक पर तिरंगा झंडा फहराया वहीं दूसरी तरफ कोलकाता से और श्रीनगर तक तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा का विचार भाजपा का संकल्प कश्मीर रहा और उसी का संकल्प को पूरा करते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में धारा 370 को हटाकर भाजपा ने अपने संकल्प को पूरा किया परंतु 1990 के अंदर कश्मीरी हिंदुओं ने जो अत्याचार सहे उस पर देश की संसद में मीडिया हाउस में कोई चर्चा नही हुई और इस नरसंहार को व पलायन को दबाया गया। परंतु द कश्मीर फिल्म में इसको दशार्या गया है हम सब लोग उन कश्मीरी हिंदुओं के दर्द को महसूस करने के लिए और उस दर्द को आने वाली पीढ़ी भी महसूस करेंगी। इसके लिए दी कश्मीर फाइल फिल्म देखने के लिए जिले के सभी कार्यकर्ता जा रहे हैं और ऐसे ही अगली कड़ी में अलग-अलग मोर्चों के अध्यक्ष के नेतृत्व में मोर्चा की टीम, मंडलों की टीम भी द कश्मीर फाइल फिल्म देखने जाएगी। आजादी के बाद आजाद भारत में इतना बड़ा पलायन, इतना बड़ा नरसंहार और इतना बड़ा कुकृत्य कहीं भी नहीं हुआ जो श्रीनगर कश्मीर के अंदर हुआ और उससे भी बड़ा पाप तत्कालीन सरकार ने उसे छुपाकर किया। संसद में उस पर कोई चर्चा नहीं हुई, मीडिया उस पर कुछ नही बोला ना ही विदेशी मीडिया के भी मुंह से कुछ निकला। मानव अधिकार आयोग जैसे संगठन भी निढाल और मृतप्राय हो गए थे। उस समय कश्मीर समस्या बनी हुई थी। धारा 370 हटा कर जिसका निदान किया है। इस फिल्म को देखने जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, अजीत सिंह कलवारी, सत्यवृत शास्त्री, गोविंद भारद्वाज, लख्मी चंद चौहान, भवानी सिंह राजपूत, नवरंग सिंह , किशनलाल सैनी, अमित भारद्वाज, विकास अग्रवाल, राकेश यादव, भारती सैनी, मौसम शर्मा, सरोज बाला, अरुण मंढाना, मनीष संघी, हेमंत चौबे, राजेश बंटी, कर्मवीर खींची, रमेश सैनी, रोशन लांबा, संदीप वर्मा, बंसीलाल, चंद्रकांत शास्त्री, सुशील चौटाला, सतीश बाल्मिकी, सुनील यादव, राज सिंह, अशोक लांबा, पूर्ण गुर्जर, हंसराज व अमर सिंह मौजूद थे।

# कांग्रेस और अकाली दल की सरकार के बाद आम आदमी पार्टी की सरकार मे भी सभी मंडियों से वसूल रहे हैं हफ्ता

### सब्जी मंडी से हफ्ता वसूली करने वाले जाएंगे जेल.... कुलवंत सिंह सिद्धू

» मदरलैंड संवाददाता





लुधियानाः पिछले 20 सालों से लग रही अवैध रूप से सब्जी मंडियों में खुलेआम हर पार्टी में हफ्ता वसूली की है चाहे अकाली दल हो चाहे कांग्रेस की पार्टी सभी के नेताओं ने हफ्ता बारी लग रही मंडियों में से अपने कंधों को भेज कर पैसे वसूलते रहे हैं लोगों को उम्मीद थी कि भ्रष्टाचार खत्म हुए और पंजाब में माफिया खत्म हुए इसलिए आम आदमी पार्टी की पंजाब में सरकार बनाई गई मगर अभी भी आतम नगर हल्के में लग रही सब्जियों मंडियों से हफ्ता वसूली की जा रही है कांग्रेश और अकाली दल के करिंदे तो पीछे हट गए अब आम आदमी पार्टी के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं दुगरी के श्मशान घाट के पास शुक्रवार लगी मंडी से ₹20000 वसूले गए शनिवार एमजीएम के पास लगी मंडी से ₹12000 वसूले गए किसने वसूले कौन आम आदमी पार्टी के नाम से पैसे वसूल कर ले गया किसी ने भी जांच नहीं की जब इस संबंध में आतम नगर हल्का के विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू से पूछा गया तो उन्होंने कहा जो भी पार्टी को बदनाम करेगा उसको बख्शा नहीं जाएगा और जो मंडियों से पैसा वसूल करता हुआ पकड़ा गया तो वह सीधा जेल जाएगा कोई भी अगर मंडियों से पैसा वसूल करता है तो तुरंत विधायक आत्म नगर के कुलवंत सिंह सिद्धू के नंबर पर संपर्क करें उन्होंने खुलेआम चेतावनी दी है कोई भी रेडी फड़ी वाला किसी को भी कोई पैसा न दे मगर फिर भी वसूली चल रही है आज ग्लाडा टीम ने दुगरी में लग रही दुकानों के बाहर रेडियो को हटाने की कोशिश की तो कुछ आम आदमी पार्टी के नाम के कार्यकर्ता ने विरोध जताया जिसे देख कर ग्लाडा टीम वापिस चली गई सूत्रो ने बताया कि आत्म नगर में सब्जी मंडियों से एक महीने में एक लाख से दो लाख रुपए वसूले जाते हैं मगर अभी तक किसी भी सरकार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई अब देखना यह है कि आम आदमी पार्टी अपनी छवि कैसे साफ रखेगी वरना जनता ने नगर निगम चुनावों में जैसे बाकि पार्टियों को साफ किया है वैसे ही आम आदमी पार्टी को कर देगी

## अजय चौटाला के जन्मदिन पर नारनौल में 245 यूनिट रक्त एकत्रित

» मदरलैंड संवाददाता

- फरीदाबाद केंद्र के थैलीसीमिया रोग ग्रस्त बच्चों के लिए किया 154 यूनिट रक्तदान, ब्लड बैंक नारनौल को दी 91 यूनिट

नारनौल। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला के 61वें जन्मदिन पर स्थानीय निजामपुर रोड सिटी मैरिज पैलेस में जजपा के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली द्वारा लगातार 15वां विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसका जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राव कंवर सिंह कलवाड़ी ने रिबन काटकर तो पूर्व विधायक चौधरी मूलाराम ने केक काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर 61 किलो का केक काटकर खुशी मनाई गई और डा. अजय चौटाला को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई। इस शिविर में स्वेच्छा से युवाओं ने कुल 245 यूनिट एकत्रित किया, जिसमें से 91 यूनिट नारनौल ब्लड बैंक तथा 154 यूनिट रोटरी क्लब फरीदाबाद को दी गई।

शिविर आयोजक एवं इंडियन रैडक्रॉस सोसायटी के सदस्य सिकंदर गहली ने कहा कि रक्तदान महादान है, जिसका पूरे विश्व में कोई विकल्प तैयार नहीं हो पाया है। जरूरत पड़ने पर मनुष्य का रक्त ही मनुष्य को बचा सकता है। जाट महासभा के प्रधान एडवोकेट विजयपाल ने रक्तदान शिविर आयोजित करने पर जजपा नेता सिकंदर गहली की खूब तारीफ की और उन्हें युवाओं का प्रेरणा स्त्रोत बताया। रैडक्रॉस सचिव श्याम सुंदर, सहायक सचिव पवन कुमार, प्रेम शर्मा, डा. सुरेंद्र, कृष्ण कुमार और एलटी चिंटू के सहयोग से इस शिविर में रोटरी ब्लड बैंक चेरिटेबल ट्रस्ट फरीदाबाद की टीम को 154 यूनिट रक्त का दान किया गया। रक्त जुटाने के लिए रोटरी क्लब फरीदाबाद की ओर से डा. निलेश, सुनील कुमार, योगेश कुमारी, दीपक पहुंचे। यह रक्त फरीदाबाद में थैलीसीमिया से ग्रस्त करीब 170 बच्चों की रक्त की आवश्यकता पूर्ति के लिए दिया गया। इस रोग से ग्रस्त बच्चों को हर 15 दिन में रक्त चढ़ाया जाता है। रक्त नहीं मिलने की सूरत में इनकी जान को खतरा हो जाता है। आज चौटाला के जन्मदिन पर इन बच्चों के लिए रक्त जुटाया गया। शिविर में गांव गहली से पिता-पुत्र ने एकसाथ रक्तदान किया, अग्निपाल एवं उनके बेटे अमनदीप बडेसरा शामिल रहे।

इस मौके पर जजपा की राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी, राष्ट्रीय सचिव अनीता यादव, प्रदेश महासचिव मंजू चौधरी, जिलाध्यक्ष तेजप्रकाश एडवोकेट, महिला जिलाध्यक्ष सुलोचना ढिल्लो, युवा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, हलका अध्यक्ष सुरेंद्र पटीकरा, बेदू राता, हजारीलाल लंबोरा, सुरेश पटीकरा, रामकुमार मकसूसपुरिया, वीरेंद्र नंबरदार, रघुबीर सैनी, ओम गहली, महीपाल जटराणा, धर्मवीर यादव, संजय यादव, राजबीर बडेसरा, ईश्वर नांगल चौधरी, अमित एडवोकेट, मनीष शर्मा, सतबीर सरपंच, नवीन राव, नितिश त्रिपाठी, देवेंद्र यादव, सुमेर यादव, बिल्लू बापड़ोली, अनमोल गुप्ता, सुरेंद्र ढिल्लो, चैनसुख तोताहेड़ी, कुलदीप यादव, कृष्ण यादव, संदीप गहली, सूरज ढिल्लो, अमित, मनोज गहली, प्रवीण जैलाफ, सत्तू खटीक, शेरू महरमपुर, पवन कुमार, सुनील कुमार, सुनील श्योराण, ब्रिजेश सैनी, महेंद्र सैनी, प्रवीण, अग्रिपाल, अजय, डा. कर्ण, विक्रम, जीतू, आदित्य, अरुण, कालू सैनी, नरेश सैनी, बावल से संजय, मोहरसिंह, जितेंद्र व बिल्लू आदि मौजूद थे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# ऑपरेशन गंगा - सुलगते सवाल



निर्मल रानी



रूस द्वारा यूक्रेन के विरुद्ध छेड़े गये सैन्य अभियान के बाद भारत सरकार ने यूक्रेन से भारतीय नागरिकों को भारत वापस बुलाने के लिये जो कथित ह्यबचाव अभियान ह्य छेड़ा उसे ह्यऑपरेरशन गंगा ह्य का नाम दिया गया है। परन्तु यह ह्यबचाव अभियानह्ल यूक्रेन में नहीं चलाया जा रहा बल्कि भारत अपने नागरिकों को यूक्रेन के सीमावर्ती देशों रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया और मॉल्डोवा आदि देशों से वायुसेना के विमानों से भारत वापस ला रहा है। इसलिये कुछ लोग कह रहे हैं कि इसे ह्यबचाव अभियानह्ल कहने के बजाये ह्यमुफ़्त वापसी हवाई यात्रा अभियान ह्य कहना ज्यादा मुनासिब होगा। क्योंकि यूक्रेन में बसे भारतीय विशेषकर वहां भारतीय बच्चे किन अभूतपूर्व संकटकालीन परिस्थितियों में भारत सरकार तथा भारतीय दूतावास की किसी भी सहायता के बिना भूखे प्यासे,बीमार अवस्था में ट्रेन,बसों अथवा पैदल मार्ग से भीषण बंबारी व धमाकों के बीच चलते हुए पड़ोसी रोमानिया, पोलैंड, हंगरी, स्लोवाकिया व मॉल्डोवा देशों में पहुँच रहे हैं यह सोशल मीडिया पर उनके द्वारा भेजे जा रहे वीडिओ क्लिप से पता चलता है। जबकि हमारे देश का अधिकांश मीडिया यूक्रेन में फंसे भारतीयों के दुःख दर्द बयान करने वाले ऐसे वीडिओज को दिखाकर सत्ता के प्रति अपनी वफादारी पर ह्यदाग ह्य नहीं लगाना चाहता।

बहरहाल खबरों के मुताबिक इस स्वदेश वापसी अथवा ऑपरेशन गंगा के तहत गत 8 मार्च तक भारतीय वायुसेना व अन्य भारतीय एयरलाइंस के द्वारा 76 विमानों से 16,000 से अधिक नागरिकों को भारत वापस लाया जा चुका है। जबकि संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने सुरक्षा परिषद को मंगलवार( 8 मार्च) को बताया कि भारत अब तक यूक्रेन से 20 हजार भारतीयों को सुरक्षित तरीके से बाहर निकालने में कामयाब रहा। गौरतलब है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापस लाने वाली पहली उड़ान 26 फरवरी को बुखारेस्ट से भारत पहुंची थी। कहा जा रहा है कि युद्धग्रस्त यूक्रेन से लोगों का पलायन द्वितीय विश्वयुद्द के बाद के दुनिया के सबसे बड़े शरणार्थी संकट की चुनौती के रूप में सामने आ सकता है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त कार्यालय ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि 11 दिनों के युद्ध के दौरान ही तकरीबन 17 लाख लोग यूक्रेन छोड़ चुके हैं।

ह्यऑपरेशन गंगाह्ल के दौरान सरकारी प्रतिनिधि के रूप में अनेक मंत्रियों द्वारा अपने सहयोगी ह्यगोदी मीडिया ह्य की जुगलबंदी के साथ फिर वही शर्मनाक हरकतें की जा रही हैं जिन्हें मानवीय व नैतिकता के दृष्टिकोण से हरगिज सही नहीं ठहराया जा सकता। गोदी मीडिया की इतनी हिम्मत नहीं कि वह सत्ता से यह सवाल करे कि बावजूद इसके कि रूस व यूक्रेन दोनों ही देशों में भारतीय दूतावास होने के बावजूद क्यों और किन परिस्थितियों में भारतीय दूतावास को समय रहते इस बात की जानकारी नहीं हो सकी कि रूस यूक्रेन पर आक्रमण करेगा ? और इस आक्रमण से पहले भारत समय रहते अपने नागरिकों को यूक्रेन छोड़ने की एडवाइजरी क्यों नहीं जारी कर सका ? बजाय इसके मीडिया यह जरूर दिखाता फिर रहा है कि कैसे मोदी सरकार के मंत्री हवाई जहाज में घुसकर वापस आये भारतीयों का स्वागत करते हैं और प्रधानमंत्री मोदी का गुणगान करते हैं और उनसे हवाई जहाज में मोदी के जिंदाबाद के नारे भी लगवाये जाते हैं। परन्तु यही घटनाक्रम आप सोशल मीडिया पर देखें जिन्हें स्वयं यूक्रेन के भुक्तभोगी भारतीय छात्रों व अन्य भारतीय नागरिकों ने रिकॉर्ड व अपलोड किया है तो ऑपरेशन गंगा के लिये सरकार व मीडिया के जुगलबंदी से सत्ता की पीठ थपथपाने के सभी प्रयास खोखले नजर आते हैं। उदाहरण के तौर पर एक भारतीय छात्रा ने बताया कि जब वे भारतीय छात्रों के एक दल के साथ किसी तरह रोमानिया पहुंची तो ह्यरोमानिया के लोगों ने उनकी पूरी सहायता की। उन्हें ठहरने की जगह दी और नाश्ता भोजन व पानी जैसी सभी बुनियादी सहूलियतें मुहैय्या कराईं। जबकि ठीक इसके विपरीत रोमानिया में स्थित भारतीय दूतावास के लोगों ने उन भारतीय बच्चों के साथ अत्यंत आपत्तिजनक व गंदा व्यवहार किया। भारतीय छात्रों के अनुसार भारतीय दूतावास के लोगों ने उनसे कहा कि जो छात्र दूतावास के बाथरूम साफ करेंगे पहले उन्हीं छात्रों को भारत ले जाया जायेगा,शेष लोगों को बाद में भेजा जायेगा। छात्रों के अनुसार वे इतने अधिक थके हुए थे कि बाथरूम साफ करने का उनमें साहस था। इसके बावजूद कई लोग जो यथाशीघ्र संभव भारत वापस जाना चाहते थे उन्होंने बाथरूम व टॉयलेट साफ करने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और भारतीय दूतावास के कर्मचारियों के सामने ही उन्हें यह सब करना पड़ा।

इसी रोमानिया का एक वीडीओ सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुआ जिसमें ज्योतिरादित्य सिंधिया व रोमानिया के मेयर के बीच नोक झोंक होती देखी गयी। प्राप्त समाचारों अनुसार केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया सरकार के प्रतिनधि मंत्री के रूप में रोमानिया में ठहराए गए भारतीय बच्चों से मिलने पहुंचे और बच्चों को संबोधित करते हुए भारत सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों का बखान करने लगे। तभी वहां मौजूद शहर के मेयर ने सख़्त लहजे में सिंधिया को टोक दिया और तीखी बहस करने लगा ।मेयर ने ऊँची आवाज में पूरे गुस्से में सिंधिया से कहा कि ह्यआप अपनी बात कीजिए, हम इन बच्चों के रहने और खाने का प्रबंध कर रहे हैं, आप नहीं कर रहे। आप इन्हें ये बतायें कि इन्हें घर कब ले जा रहे हैं ? कई वीडियो ऐसे देखने को मिले जिसमें सरकारी प्रतिनधि यूक्रेन से वापस आने वाले नागरिकों को विमान से उतारते समय फूल भेंट करना चाहते हैं परन्तु कई गुस्साए लोग इस फूल को स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

यूक्रेन के पड़ोसी देशों में सैकड़ों मील का सफर बसों,ट्रेन्स अथवा पैदल तय कर स्वदेश पहुंचे भारतीय नागरिकों लोगों को भारत सरकार द्वारा अपनी सामर्थ्य और विदेश नीति के तहत, वापस लेन का जो काम किया है उसकी सराहना जरूर की जानी चाहिये परन्तु इसकी आड़ में उनकी परेशानियों पर पर्दा डालने की कोशिश करना और उसी समय अपने प्रयासों की वाहवाही लूटने के लिये तरह तरह के हथकंडे अपनाना,अपनी पीठ थपथपाना और इसका राजनैतिक लाभ उठाना, यह नैतिकता के बिल्कुल विपरीत है। पहले भी सरकार ने इराक सहित अनेक युद्धग्रस्त देशों से भारतीयों की सुरक्षित स्वदेश वापसी के लिये बचाव एवं वापसी के कई सफल अभियान चलाये हैं परन्तु किसी सरकार ने ऐसा ढिंढोरा नहीं पीटा। परन्तु सरकार के लाख ढिंढोरों के बावजूद भुक्तभोगी लोगों के वीडिओ व उनके बयान ह्यऑपरेशन गंगाह्ल को लेकर कई सुलगते सवालों को जन्म जरूर देते हैं।

## संपादकीय

# भाजपा ने रचा इतिहास



उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने दोबारा सरकार बनाकर नया इतिहास रचा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम चार रिकॉर्ड दर्ज हो गए। इसके साथ कई मिथक भी टूटे हैं। 18 साल में यह पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री ने विधानसभा चुनाव लड़ा। इससे पहले 2003 में सीएम रहते हुए मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी से चुनाव लड़ा था। इस बार सीएम योगी गोरखपुर से चुनावी मैदान में थे। भाजपा की जीत के बाद यह तय है कि योगी आदित्यनाथ ही फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे। देश की आजादी के बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा पहली बार होगा, जब कोई मुख्यमंत्री अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद दोबारा सत्ता पर काबिज होगा। प्रदेश के 70 साल के इतिहास में अब तक ऐसा नहीं हुआ है। यह अलग बात है कि यूपी में ऐसे कई मुख्यमंत्री हुए, जो दोबारा सत्ता में आए, लेकिन उनमें से किसी ने पहले पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया था। इनमें संपूणार्नंद, चंद्र भानू गुप्ता से लेकर हेमवती नंदन बहुगुणा तक के नाम शामिल हैं। ये सभी मुख्यमंत्री रहते हुए दोबारा सत्ता में काबिज हुए, लेकिन किसी का पहला कार्यकाल एक साल का था तो किसी का दो या तीन साल का। यह भी एक संयोग ही है कि मायावती से लेकर अखिलेश यादव और खुद योगी आदित्यनाथ तक विधान परिषद के जरिए मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। मतलब इनमें से कोई भी नेता विधायक रहते हुए सीएम नहीं बना। 2003 में आखिरी बार मुलायम सिंह यादव मैनपुरी के गुन्नौर से मुख्यमंत्री रहते हुए चुनाव लड़े थे। चुनाव जीतने के बाद वह विधायक बने और फिर 2007 तक सत्ता संभाली। 2007 में मायावती मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन बिना चुनाव लड़े। 2012 में अखिलेश यादव और 2017 में योगी आदित्यनाथ भी विधान परिषद के रास्ते ही मुख्यमंत्री बने। इस बार योगी आदित्यनाथ खुद चुनाव लड़ रहे हैं। 2017 में योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने थे। अब वह पांच साल का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं। अब एक बार फिर उनकी सत्ता में वापसी हुई है। वह 1985 के बाद ऐसे पहले मुख्यमंत्री होंगे, जो अपनी पार्टी को लगातार दूसरी बार सत्ता दिलाएंगे। उत्तर प्रदेश के इतिहास में ऐसे पहले मुख्यमंत्री और राजनेता होंगे, जिनके नेतृत्व में विधानसभा का निर्धारित पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद कोई दल फिर सत्ता में वापसी करेगा। यदि वह मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं तो लगातार पांच साल पूरा करने के बाद दूसरी बार फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले भी पहले नेता होंगे। यूपी में अब तक माना जाता रहा है कि नोएडा जाने वाले मुख्यमंत्री की कुर्सी सुरक्षित नहीं रहती है। उसकी सत्ता में वापसी नहीं होती। इस कारण कुछ मुख्यमंत्री तो नोएडा जाने से बचते रहे। उद्घाटन या शिलान्यास को लेकर कुछ को कार्यक्रम के सिलसिले में वहां जाने की जरूरत पड़ी तो नोएडा न जाकर अगल-बगल या दिल्ली के किसी स्थान से इस काम को पूरा किया गया। योगी ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो नोएडा जाने से डरने के बजाय वहां कई बार गए। उन्होंने नोएडा जाने के बाद भी लगातार पांच साल मुख्यमंत्री रहकर एक मिथक तोड़ दिया, लेकिन अब सत्ता में वापसी का मिथक भी तोड़ चुके हैं।

# जागरूक उपभोक्ता प्रगति का प्रतीक है



डॉ. अशोक कुमार भार्गव

**विधेयक में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के गठन का प्रावधान है। जिसमें कोई भी उपभोक्ता क्षेत्राधिकार अनुसार ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं। जिला आयोग के आदेश के विरुद्ध राज्य आयोग तथा राज्य आयोग के आदेश के विरुद्ध राष्ट्रीय आयोग में अपील और अंतिम अपील करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय सक्षम है। अनुचित अनुबंध के विरुद्ध शिकायत केवल राज्य और राष्ट्रीय आयोग में ही की जा सकेगी। कोई भी उपभोक्ता यदि मांगी गई क्षतिपूर्ति की राशि एक करोड़ रुपए है तो जिला स्तर पर, एक करोड़ से अधिक किन्तु 10 करोड़ से कम राशि होने पर राज्य स्तर पर और 10 करोड़ से अधिक राशि के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष होगी। इस विधेयक में ई–कॉमर्स और डिजिटल व्यापार के लिए नियमों विनियमों का प्रावधान जो सलाहकारी न होकर अनिवार्य है।**

(विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस (15 मार्च 2022) पर विशेष)

अर्थ चिंतन की पूंजीवादी अवधारणा में यह स्वीकार्य था कि समाज में उपभोक्ता ही राजा होते हैं क्योंकि इनकी रूचि, पसंद और मांग ही पूरी अर्थव्यवस्था की दिशा तय करने में निर्णायक होती है। इस स्थिति को अमेरिका के विलियम हेराल्ड हट ने पहली बार ह्यउपभोक्ता की सार्वभौमिकताह्ल शब्द से निरूपित किया जैसा कि एक उच्च डच कहावत है ह्लडी क्लांट इज कोनिंगह्ल अर्थात ग्राहक राजा है। समय के बदलाव के साथ विश्व की विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं में उदारीकरण तथा वैश्वीकरण की संकल्पना ने उपभोक्तावादी संस्कृति को प्रोत्साहित किया। बाजार नियंत्रित समाजों में प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण सृजित हुआ जहां नैतिकता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों का अभाव था। विशुद्ध मुनाफाखोरी, कालाबाजारी, अनैतिक व्यापार की दूषित मानसिकता ने उपभोक्ता की सार्वभौमिकता के प्रभाव को निस्तेज कर दिया। यह धारणा विकसित हुई कि समाज के भीतर व्याप्त प्रत्येक तत्व उपभोग करने योग्य है। आवश्यकता बस इतनी है कि उसे सही तरीके से एक आवश्यक वस्तु के रूप में बाजार में स्थापित कर दिया जाए। उपभोक्ताओं को रूपहले मायावी, विज्ञापनों के आकर्षण की मृग मरीचिका से भ्रमित कर उनके लिए महंगी और गैर जरूरी वस्तुओं की भूख जागृत की। आधुनिक जीवन शैली को सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न बना दिया। बड़े-बड़े उद्योगपतियों और कंपनियों ने स्वयं को सामाजिक दायित्व बोध से मुक्त कर अपने उत्पादों के खोखले दावों और मिथ्या प्रचार के भ्रम जाल में उपभोक्ताओं को कैद कर लिया। बड़े-बड़े लोकप्रिय सेलिब्रिटिओं ने भी कुछ अपवादों को यदि छोड़ दें तो बिना जांच-पड़ताल के ही ऐसे मिथ्या विज्ञापनों को रूपायित किया जो उपभोक्ताओं के प्रति उनकी गैर जिम्मेदारी को प्रकट करते हैं। फलस्वरूप उपभोक्ताओं को असल और नकल के बीच की महीन रेखा को पहचानना कठिन हो गया। ऐसी विषम परिस्थितियों ने उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए उपभोक्ता आंदोलन को जन्म दिया जो अमेरिका में रालफ नाडेर के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। 15 मार्च 1962 को अमेरिका के राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने अमेरिकी संसद में उपभोक्ता संरक्षण संबंधी विधेयक को मंजूरी दी जिसमें उपभोक्ता सुरक्षा का, सूचित किये जाने, चयन करने और सुनवाई करने के अधिकार थे। बाद में प्रतितोषण पाने और उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार जोड़ा जो संयुक्त राष्ट्र संघ के मानवाधिकार घोषणापत्र में भी सम्मिलित थे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 15 मार्च 1983 से विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाना प्रारंभ किया। भारत में 1966 में मुंबई से फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन ने उपभोक्ता आंदोलन, उद्योगपति जेआरडी टाटा के नेतृत्व में प्रारंभ किया। 1974 में श्री बीएम जोशी ने पुणे में स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना की। तत्पश्चात देश के विभिन्न राज्यों में उपभोक्ता हितों के संरक्षण हेतु स्वयंसेवी संगठनों का गठन प्रारंभ हुआ और उपभोक्ता आंदोलन निरंतर आगे बढ़ता रहा।

भारत सरकार ने कानूनी स्तर पर 1986 में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जिसमें 1993 एवं 2002 में आवश्यक संशोधन किए गए। लेकिन सूचना क्रांति के विस्फोट के इस दौर में बाजार में आए बदलावों के चलते यह अनेक मामलों में लगभग अप्रासंगिक होने, अनुचित व्यापारिक लेन-देन, वस्तुओं के कृत्रिम संकट, मूल्यों में हेराफेरी, अमानक और गुणवत्ताहीन वस्तुओं के विक्रय, वस्तुओं के घटिया उत्पादों, वजन, माप, मात्रा में बेईमानी तथा नए बाजार के उपभोक्ताओं की बदली हुई जरूरतों को पूरा करने के संबंध में पर्याप्त समाधान नहीं कर सका। इसीलिए वर्ष 2019 में इस विधेयक में संयुक्त राष्ट्र संघ के उपभोक्ता संरक्षण पर जारी दिशा-निदेर्शों को समाविष्ट कर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 लागू किया गया। विधेयक में उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो अपने उपयोग के लिए कोई वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है जिसमें इलेक्ट्रॉनिक तरीके से टेलिशॉपिंग, बहुस्तरीय मार्केटिंग या सीधे खरीद के जरिए किए जाने वाले सभी तरह के ऑनलाइन या ऑफलाइन लेनदेन भी सम्मिलित है किन्तु ऐसे व्यक्ति नहीं हैं जो व्यावसायिक उद्देश्य के लिए किसी वस्तु या सेवा को खरीदते हैं। इसमें उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा के लिए त्रिस्तरीय अर्ध न्यायिक तंत्र के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के गठन का प्रावधान है जो राज्य और जिला स्तर पर भी गठित होंगे। यह प्राधिकरण अनुचित व्यापार प्रथाओं, भ्रामक विज्ञापनों तथा उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मामलों का विनियमन के साथ वैकल्पिक विवाद निवारण तंत्र के रूप में भी कार्य करेगा जिसमें मुकदमे के बाद भी मध्यस्थता का प्रावधान है।


विधेयक में उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के गठन का प्रावधान है। जिसमें कोई भी उपभोक्ता क्षेत्राधिकार अनुसार ऑनलाइन शिकायत कर सकते हैं। जिला आयोग के आदेश के विरुद्ध राज्य आयोग तथा राज्य आयोग के आदेश के विरुद्ध राष्ट्रीय आयोग में अपील और अंतिम अपील करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय सक्षम है। अनुचित अनुबंध के विरुद्ध शिकायत केवल राज्य और राष्ट्रीय आयोग में ही की जा सकेगी। कोई भी उपभोक्ता यदि मांगी गई क्षतिपूर्ति की राशि एक करोड़ रुपए है तो जिला स्तर पर, एक करोड़ से अधिक किन्तु 10 करोड़ से कम राशि होने पर राज्य स्तर पर और 10 करोड़ से अधिक राशि के मामलों की सुनवाई राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के समक्ष होगी। इस विधेयक में ई-कॉमर्स और डिजिटल व्यापार के लिए नियमों विनियमों का प्रावधान जो सलाहकारी न होकर अनिवार्य है। जहां तक सेलिब्रिटीज का प्रश्न है वे समाज में अधिक लोकप्रिय प्रभावी और अनुकरणीय होते हैं। यदि उनके द्वारा भ्रामक विज्ञापन किया जाता है तो पहले अपराध के लिए दस लाख रुपये तथा 1 साल का प्रतिबंध जबकि दूसरे अपराध के लिए पचास लाख का जुमार्ना और 3 वर्ष तक प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। इसी प्रकार भ्रामक विज्ञापन के लिए कंपनियों पर भी शिकंजा कसते हुए पहले अपराध के लिए दस लाख और 2 वर्ष की जेल इसके बाद के अपराध के लिए 50 लाख रुपये जुमार्ना और 5 वर्ष तक की जेल तथा खाद्य पदार्थों में मिलावट संबंधी प्रकरणों में जुमार्ने के साथ उम्र कैद की सजा का प्रावधान है।

भारत में उपभोक्ताओं को सशक्त समृद्ध बनाने के विशिष्ट प्रावधान होने के बावजूद सामाजिक आर्थिक समस्याओं, गरीबी, निरक्षरता, जानकारी का अभाव, क्रय शक्ति में कमी और उपभोक्ताओं के संगठित न होने के कारण उनके अधिकारों के दमन, ठगी, धोखाधड़ी व व्यापार संबंधी अनुचित क्रियाकलापों की घटनाएं निरंतर बढ़ रही हैं और विडंबना यह है कि पढ़े-लिखे तबके के उपभोक्ता भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं हैं। वे ठगे जाने पर भी मौन रहते हैं। शिकायत नहीं करते।

निःसंदेह उपभोक्ताओं के संरक्षण हेतु सरकारी, गैर सरकारी स्तर पर उपभोक्ता शिक्षा अभियान की आवश्यकता है। साथ ही अनैतिक व्यापार में लिप्त वर्गों को व्यावसायिक पवित्रता, नैतिकता, ईमानदारी और जवाबदेही के साथ मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ाना भी जरूरी है ताकि उपभोक्ता बाजारवाद की कठपुतली न बने। इस संबंध में शासन की ओर से कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए उपभोक्ताओं को कहीं से भी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए ह्यई दाखिल पोर्टलह्ल प्रारंभ किया गया है जिसमें फाइलिंग, ऑनलाइन भुगतान, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई आदि के प्रावधान हैं ताकि उपभोक्ता के समय श्रम धन की बचत के साथ त्वरित न्याय मिल सके।

जब तक उपभोक्ता स्वयं जागरूक जिम्मेदार नहीं बनेंगे अपने स्वर्णिम अधिकारों को जानेंगे नहीं तब तक उपभोक्ता अधिकारों का संरक्षण संभव नहीं। प्रत्येक व्यक्ति एक स्वाभाविक उपभोक्ता है चाहे वह शहरी-ग्रामीण, अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा कैसा भी हो। हम सभी अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए खरीददारी करते हैं किंतु समझदारी न रखी जाए तो हम धोखा खा सकते हैं। अतः जागरूक रहते हुए खरीददारी के पूर्व ठीक से जांच पड़ताल, अवसान की तिथि, कीमत, वजन, मात्रा, माप, गुणवत्ता, उपयोगिता, मानक मार्क आदि का ध्यान रखते हुए दुकानदार से पक्का बिल लेना न भूलें। सोशल मीडिया के विभिन्न प्रचार माध्यमों से सावधान रहें। जहां पांच मिनट में गोरा बनाने की क्रीम, दस मिनट में दुबला करने की मशीन, एक मिनट में घने काले बाल करने की तरकीब, गोलियां खाते ही ताकत प्राप्त करने की पेशकश, एक के साथ दो फ्री जैसे आकर्षक विज्ञापनों की भ्रामक दुनिया से बहुत सावधान रहें। धोखा होने पर शांत ना बैठे क्योंकि हमारी उदासीनता, सज्जनता ही अनुचित, अनैतिक व्यापार प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करती है। इसीलिए यह संदेश घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है कि जागो ग्राहक ! जागो ! हम समझें और समझाएं, उपभोक्ता शोषण के खिलाफ आवाज उठाएं।

# मौजूदा वैश्विक परिदृश्यव में दत्तोपंत ठेगड़ी की प्रासंगिकता



राकेश कुमार वर्मा

साम्राज्यावाद की महत्वणकांक्षा से प्रथम, द्वितीय पश्चाति तृतीय विश्वायुद्ध की ओर बढ़ता यूक्रेन-रूस संघर्ष संपूर्ण मानवीयता के लिए खतरा बन चुका है। रूस ने यूक्रेन से नाटो के संबंध और क्रीमिया पर अंतरराष्ट्रीय रुख को अपनी कार्रवाई का आधार बताया है। गौरतलब है कि दूसरे विश्वयुद्ध में अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर परमाणु बम गिरा कर दुनिया को इसके अंजाम के बारे में बता दिया था। तब वह पहला परमाणु बम था। पिछले पचहत्तर साल में दुनिया के देशों ने जिस तरह के जैविक और परमाणु हथियार ईजाद किये हैं, उससे होने वाले विनाश की कल्पना भी नहीं की जा सकती। युद्ध और महामारी जैसी विपत्तियां जनजीवन को किस तरह तबाह करती हैं, यह किसी से छिपा नहीं रह गया है। ऐसे में अगर दुनिया के बड़े देशो की युद्ध मे शामिल होने से उत्पबन्नद आर्थिक प्रतिंबधों से अस्तित्वय का संकट पर चिन्तार स्वलभाविक है। दुःखद है कि अफगान पर अमरीका की नीति के बावजूद उसके रुख से विश्वक को इतने बड़े संकट में डाल दिया। लेकिन देर आये दुरुस्ता आये की तर्ज पर यह सुखद संकेत है कि यूक्रेन ने रूस की शर्तों को मान लिया है। सेवियत संघ के विघटन पश्चांत पिछले तीन दशकों में अमरीका एकध्रुवीय समाज्यर कायम करने में सफल रहा है लेकिन यूक्रेन हमले के साथ ही यह चक्र घूम जाने से भारत जैसे देश ह्यकिम्कर्तव्यिवमूढ़ह्ल स्थिति में पहुंच गये। क्योंकि अमरीका भारत समेंत नई दुनिया का मित्र माना गया लेकिन उन्नवत अस्त्रत हमें रूस ही आपूर्ति करता रहा है। इस दुविधा का खामियाजा यूक्रेन में फंसे भारतीयों को भुगतना पड़ा। क्योंतकि युद्धदर्शक होकर भी बार्बरीक की तरह सर कलम करवाना पड़ता है। भारत को यह बात समझना चाहिये कि युद्ध में तटस्थो नहीं रहा जा सकता, अतएव रूबल के साथ रुपये की भी दुर्गति से इंकार नहीं किया जा सकता। हालांकि हाल ही में संपन्नव चुनावी प्रक्रिया से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने पिछले सत्र में पं. जवाहरलाल नेहरू के शासनकाल में हुए बाहरी देशों में अशांति का हवाला देते हुए मंहगाई बढ़ाने का संकेत दे दिया है। इनके अलावा यूक्रेन से भारतीयों को निकालने के श्रेय में वायरल होती क्लिप सरकार को इलजास में खड़ा करते हैं। समझ नहीं आता कि ये वही स्वेयंसेवक हैं जिन्हेह अभ्यानसवर्ग में प्रशिक्षित किया गया था। अभ्याईसवर्ग, श्रम अनुभव, अंतरराज्यीयय छात्र जीवन दर्शन, कश्मीर बचाओ, तीन बीघा सहित विद्यार्थी परिषद के अनेक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका के बाद जब वर्ष 1991 में संघ कार्य के दौरान तत्काचलीन जिला प्रचारक निरंजन शर्मा ने टिमरनी में आयोजित भाऊ साहब भुस्कुटि स्म.ति व्याख्याजनमाला में चिंतक दत्तोपंत ठेगड़ी से परिचय कराया तब मैंने संघ का साक्षात्काार किया। उन्हें सुनने की उत्काण्ठाा में व्याककुल इन्द्रिया उन पर शोध करने जिज्ञासा से विद्रोह करने लगीं। आज पंजाब में परिवर्तन का जो मंजर है उसमें कुछ नवोन्मेष सा प्रतीत होता है। माधवराव सदाशिव गोलवलकर ह्यगुरूजीह्ल ने कहा था ह्यह्ल जब एक बार एकता की जीवनधारा हमारे राष्ट्रपुर्ुष की सभी धमनियों से निर्बाध रूप से प्रवाहित होनी प्रारंभ हो जायेगी, तो हमारे राष्ट्री य जीवन के विभिन्नन अंग स्व्यंमेव सक्रिय होकर समन्वित रूप से समूचे राष्ट्र के कल्योण के लिए काम करने लगेंगे। क्योंकि पॉच और राज्योंन सहित विश्वम का प्रतिनिधित्व करने जा रही भाजपा को डाक्टोर हेडगेवार के वरदहस्तश दत्तो9पंत ठेगड़ी के चिन्तगन से अवगत कराना प्रासंगिक होगा। एक राजनीतिक दल के लिए उनके विचार शायद स्वचस्थे राजनीति की दिशा निर्धारित कर सकें।

ह्यदत्त ह्ल अर्थात देना और ह्यपंतह्ल अर्थात मार्ग । इस प्रकार संस्कृातियों के उत्थाान का मार्ग प्रशस्ति करने वाले दत्तोपंत ठेगड़ी के विचार ह्यसंघोपनिषदह्ल तत्वअ का दर्शन कराता है । अपने जीवन से पत्रम, पुष्पृम फलम तोयम देने वाले ठेगड़ी जी ने महात्मो गांधी के ह्यहिन्दे स्वदराज्यतह्ल का हवाला देते हुए कहा था कि ह्यहमारे देश में ब्रिटिश पार्लियामेण्ट्री सिस्टंम नहीं चलेगा, यदि इसे थोपा गया तो उसके घोर दुष्पंरिणाम हों। नेताओं की हालत ऐसी वेश्याए के समान हो जायेगी जिसे खरीदा और बेचा जा सकता है। जिस देश में साठ प्रतिशत गरीबी, निरक्षरता है वहां विधायकों ,सांसदों को बड़ी संख्याना में चुनकर लाने के लिए भ्रष्टाचार से अर्जित धन को बहाना उपयुक्ता नहीं होगा।

इस परिप्रेक्ष्या में राजनीति एक सौम्यह कला है- गरीब जनता से वोट प्राप्तद करने की तथा चुनाव के लिए श्रीमान्‌ लोगों से धन लेकर उन्हेंर परस्पंर संरक्षण का विश्वासि दिलाने की। यदि कोई ध्ये यवादी राजीतिक दल तक जनता के उत्थाथन के लिए भ्रष्टीचारमुक्तग प्रतिबद्धता के साथ दीर्घकाल तक धीरज रखने वाला हो तभी वह केवल साधन शुचिता को कायम रख सकता है । लेकिन जिन्हेंश सत्तो में आने की जल्दपबाजी हो उसके लिए वोट व नेता खरीदने के लिए भष्टोचार और अपराध अपरिहार्य हो जाता है। पैसा गरीब से तो मिलेगा नहीं और कोई धनवान कर्ण, शिवि, युधिष्ठिर या हर्षवर्धन नहीं है जो बिना स्वा र्थ के दान करेगा। जाहिर है इसके पीछे व्यतक्तिगत, पारिवारिक स्वाधथ के लिए या गरीबों की बलि पर राष्ट्री य स्वा भिमान को बेचने वाले धीरजहीन लोगो का संवर्धन और रक्षण शामिल होता है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### शादी की नियत से एक युवती का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

मदरलैण्ड संवाददाता, छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के डीह छपिया गांव में शादी की नियत से एक युवती का अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में अपहृता के पिता ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बिट्टू कुमार, मालती देवी, दौलत साह, रीना देवी, विक्की कुमार, और सोनी कुमारी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि उनकी पुत्री अपने मां के साथ गांव में ही एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गई हुई थी जहां से रात्रि में बिट्टू कुमार एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मिलकर उनकी पुत्री को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर शादी की नियत से अपहरण कर लेकर भाग गया। जब इस बात को आरोपी के परिजनों से पूछा गया तो वे लोग घटना से इनकार करने लगे। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### शांति समिति की बैठक आयोजित, सभी प्रतिनिधि रहे मौजूद!



मदरलैण्ड संवाददाता, बांका। सोमवार को बांका जिला के रजौन प्रखंड अंतर्गत संझा श्यामपुर कचहरी में शांति समिति की बैठक सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जहां पंचायत के सभी प्रतिनिधि मौजूद रहे तो रजौन थाने के सर्किल इंस्पेक्टर अजीत कुमार सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन हर संभव लोगों की मदद के लिए तैयार है। जिसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए आगामी त्यौहार होली को शांति व्यवस्था से मनाने की अपील की। तो प्रतिनिधियों ने भी उनके सामने अपने अलग-अलग सवाल रखें। जिनका जवाब उन्होंने दिया। जिसके बाद उप मुखिया वरुण पासवान ने लोगों से आपसी सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की जबकि इस अवसर पर राजीव पासवान, वरुण पासवान, जितेंद्र ठाकुर, कृष्ण कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### होली के मद्देनजर थाना में शांति समिति का बैठक सम्पन्न



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। फलका प्रखंड क्षेत्र में सब ए बरात एवं होली का त्यौहार को लेकर फलका थानाध्यक्ष उमेश पासवान, अंचल अधिकारी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक किया। सब ए बरात एवं होली का त्यौहार इस बार एक समय होना है। त्यौहार में शांति व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि राजनीतिक नेता आम जन की भागीदारी से ही शांति एवं सौहार्द कायम रहती है। प्रशासन ने स्पष्ट कहा कि नशा कर चौक, चौराहा, गलियों, बाजारों, में डीजे के साथ गायन एवं हुड़दंग करने वालों पर सख्ती से निपटा जाएगा। मध निषेध का कराई से पालन किया जाएगा। किसी भी प्रकार के नशा करने एवं कराने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पूर्व मुखिया मोहम्मद जवार उप प्रमुख नेहा परवीन एवं समाजसेवी और दर्जनों गणमान्य जन उपस्थित थे।

### मत्स्यजीवि सहयोगी समिति का मतदान सम्पन्न



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बारसोई में मत्स्यजीवि सहयोगी समिति का मतदान प्रखंड के ट्राइसम भवन मैं करे सुरक्षा के बीच हो रहा है। बता दें कि मतदान को लेकर दो बूथ बनाए गए हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 325 है। जिसमें 11 प्रत्याशियों का भाग का फैसला होना है। 7:30 बजे तक 5 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया वही इस संबंध में सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मुमताज अहमद ने बताया कि करे सुरक्षा के बीच मत्स्य जीविका सहयोगी समिति का चुनाव चल रहा है। 4:30 बजे तक मत का प्रयोग होगा। जिसमें कुल मतदाता 525 पूरे प्रखंड में है। 4:30 बजे के उपरांत मतगणना का कार्य कड़ी सुरक्षा के बीच होगी। पूरे प्रखंड में कुल 11 प्रत्याशी है। जिसमें अनुज महलदार, खगेन महलदार, ज्योतिष मालदार, दिवेन महाल्दार, बुलबुल सिंह, मंगल महाल्दार, मुनीब कुमार चौधरी, राजेश दास, राजकुमार, लखन महाल्दार, सुरेश महाल्दार शामिल है।

## मधुमक्खी पालन क्षेत्र में जीविका ग्रुप को मजबूत किया जाएगा-जिलाधिकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता



मोतिहारी। जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सोमवार को मेहसी प्रखंड पहुंचे।इस क्रम में हरपुर नाग पंचायत में जिलाधिकारी द्वारा मधुमक्खी पालन हेतु जगदम्बा जीविका मधु उत्पादक समूह की 26 दीदियों के बीच 260 मधु बॉक्स का वितरण किया गया।यह मधु बॉक्स गरीबी निवारण हेतु राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दिया गया।मौके पर जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया कि इस प्रकार का कार्यक्रम जीविका दीदियों के लिए अतिरिक्त आय का स्रोत है और इससे अधिक से अधिक दीदियों को जोड़ने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि मधु स्वादिष्ट एवं उत्तम पौष्टिक औषधीय आहार है।मधुमक्खी पालन क्षेत्र में जीविका ग्रुप को मजबूत किया जाएगा।ताकि भविष्य में हमारा जिला अग्रणी हो सके।वहीं जिला परियोजना प्रबंधक जीविका द्वारा बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में 17 मधु उत्पादक समूह के माध्यम से चार हजार बॉक्स दीदियों को वितरित की जानी है। जिसके अंतर्गत अभी तक कुल 1820 बॉक्स वितरित की गई है।शेष का वितरण एक सप्ताह के अंदर कर लिया जाएगा।इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी चकिया शंभुशरण पाण्डेय, जिला कृषि पदाधिकारी, प्रबंधक जीविका, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी गुप्तेश्वर कुमार सहित स्थानीय संबंधित जीविका दीदी आदि उपस्थित थे।

## चोरी से बिजली जला रहे चार लोगों को तरैया जेई ने पकड़ा, प्राथमिकी दर्ज

» मदरलैण्ड संवाददाता

- नॉर्थ बिहार डिस्ट्रीब्यूटर कम्पनी को 56853 रुपये राजस्व की हुई क्षति

छपरा। तरैया थाना क्षेत्र के दो गांवों में विद्युत कनीय अभियंता ने चोरी से बिजली जला रहे चार लोगों को पकड़ा है। इस संबंध में तरैया परिक्षेत्र के कनीय विद्युत अभियंता पंकज कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा गया है कि विभागीय निदेर्शानुसार क्षेत्र में टीम बनाकर विद्युत बकायेदारों एवं विद्युत ऊर्जा की चोरी पकड़ने के लिए छापेमारी किया गया। माधोपुर बड़ा गांव में सुदामा राय को पुराने मकान से नए मकान में बिना किसी आदेश के बिजली शिफ्ट कर मीटर बाईपास पर चोरी से बिजली जलाते हुए पकड़ा गया। जिस कारण विभाग को 17715 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। उसके बाद लौवां गांव में छापेमारी किया गया तो बिना विद्युत कनेक्शन लिए एलटी तार से चोरी से टोका फसाकर विद्युत ऊर्जा का उपयोग करते हुए प्रमोद महतो, विक्रमा ठाकुर एवं राजू कुमार को पकड़ा गया। इन लोगों द्वारा चोरी से विद्युत ऊर्जा का उपयोग करने से नार्थ बिहार डिस्ट्रीब्यूटर कंपनी लिमिटेड को लगभग 39148 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## होली और शब ए बरात को लेकर शांति समिति बैठक का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता




अररिया। होली और शब ए बरात को लेकर सोमवार को बथनाहा ओपी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक ओपी अध्यक्ष नंद किशोर नंदन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। ओपी अध्यक्ष ने बताया कि होली और शब ए बरात को शांति और सौहार्द के साथ मनाने में प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। शांति सौहार्द और भाईचारे के साथ सभी लोग होली और शब ए बरात का त्योहार मनाएं। साथ ही आपसी भाईचारा कायम रखते हुए दोनों समुदाय के लोग रंगों का त्योहार होली और शब ए बरात मनाएं। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध हैं। हुड़दंगियों, असामाजिक तत्वों और मोटरसाइकिल से लहरिया कट मारने वाले पर पैनी नजर रहेगी। माहौल बिगाड़ने वाले बख्से नही जाएंगे। इस मौके पर असलम परवेज(मुखिया प्रतिनिधि) मो०आबिद (पूर्व सरपंच) कलानंद राम(मुखिया) नागेश्वर यादव(समाज सेवी) नीतीश मेहता, मुख्तार आलम सरपंच प्रतिनिधि, आलोक यादव, कन्हैया यादव, अशोक मंडल, नागेश्वर यादव, लक्ष्मी नारायण गुप्ता, अशोक मंडल, पंकज मंडल, ओम प्रकाश सिंह, मो० मोसिम उप सरपंच, विजय पासवान, निक्कू झा, भाजपा नेता राजन तिवारी, मुरारी मेहता, एएसआई जेपी सिंह, ऋतु कुमारी, दयाशंकर पाठक, मिट्ठू पासवान, राजू पासवान, पप्पू पासवान मौजूद थे।

## मजाक बनकर रह गया आयुर्वेदिक औषधालय, मरीज खोजते रह गए इस अस्पताल को

» मदरलैण्ड संवाददाता




बेगुसराय। ऐसा आयुर्वेदिक औषधालय जिसमें इलाज करवाना तो दूर की बात रही, मरीज आजतक इसे देख नहीं पाया. जी हां यह कहानी है खोदावंदपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित आयुर्वेदिक औषधालय की.इस औषधालय में एक चिकित्सक भी पदस्थापित हैं. यहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ सहदेव महतो विभाग से वेतन जरूर पाते हैं, परन्तु अस्पताल कभी नहीं आते. वर्ष में दो बार इस औषधालय का ताला खुलता है. स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के मौके पर, केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने की खानापूर्ति करने के लिए. इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर न तो चिकित्सक पहुंचे और न ही झंडोत्तोलन ही हुआ.यह अस्पताल कागज पर ही संचालित किया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार यह आयुर्वेदिक औषधालय पहले मुफ्फसिल प्रखंड के रजौड़ा में संचालित किया जाता था.जिसे बाद में खोदावंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में संचालित किया जाने लगा. इस परिसर के पुराने जर्जर भवन में इस अस्पताल को कागज पर चलाया जाने लगा. कभी इस औषधालय का ताला नहीं खुला और न ही इस अस्पताल में पदस्थापित चिकित्सक की दिखाई दिए. मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने करिश्माई अंदाज में अब इस औषधालय को अझौर गांव में शिफ्ट कर दिया गया है. इसे सुशासन का कमाल कहा जा रहा है. बताते चलें कि आयुर्वेदिक तरीके से मरीजों के इलाज की व्यवस्था के लिए यह अस्पताल संचालित है, परन्तु इस औषधालय में पदस्थापित चिकित्सक इसे अपनी मर्जी से चला रहे हैं.इस औषधालय में किसी मरीज का इलाज नहीं होता.कोई कर्मी नहीं आते, परन्तु कर्मी वेतन पा रहे हैं.इसे कोई देखने वाला नहीं है.

कहते हैं अधिकारी-

इस संदर्भ में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ जगत रंजन ने बताया कि मुझे हाल में ही यहां पदस्थापित किया गया है.मुझे भी इस आयुर्वेदिक औषधालय को अन्यत्र शिफ्ट कर दिए जाने की सूचना मिली है.मैं अपने स्तर से वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दे दिया हूँ. प्राप्त निर्देश के बाद ही कुछ कहा जा सकता है.

## शुरू हो चुका है राम भक्तों का लंका कांड, अपनी डफली अपना राग!

### तो क्या सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है जदयू में

» मदरलैण्ड संवाददाता



बाँका। भागलपुर बांका स्थानीय प्राधिकार से एनडीए के उम्मीदवार विजय कुमार सिंह ने शनिवार को रजौन प्रखंड स्थित एक विवाह भवन में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों से मुलाकात किया। और उनसे समर्थन देने की अपील की तो इसके बाद बाजार में चर्चा गर्म होने लगा क्या इस बैठक के बहाने जदयू यह संदेश देना चाह रही है कि जदयू में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा है। और इसके लिए पंचायत प्रतिनिधि तक को बुलाया गया। वही सूत्र बताते हैं कि नॉमिनेशन के वक्त ही बांका के जदयू के एक कद्दावर नेता का नहीं दिखना बहुत कुछ इशारा कर रहा था। कि जदयू में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं है। हालांकि कई नेता जी इसे दबी जुबान से स्वीकार भी करते हैं।हालांकि एनडीए गठबंधन में वहां भी संदेश दे रहा था कि सबकुछ दोनों दलों के बीच ठीक-ठाक है। और यही कारण रहा कि नॉमिनेशन में भाजपा के भी आलाकमान तैनात रहे। जबकि यह राजनीति विश्लेषक बताते हैं कि चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है। क्योंकि महागठबंधन का उम्मीदवार संजय यादव भी एक बार इस सीट पर काबिज हो चुके हैं। ऐसे में उन्हें पहले से ही भागलपुर और बांका स्थानीय प्राधिकार चुनाव के सभी दांवपेच मालूम है। और एनडीए गठबंधन सूत्र बताते हैं कि कहीं ना कहीं अंतर कला से जूझते हुए नजर आ रही है। और अब यह यूं ही नहीं कहा जा रहा है। पिछले दिनों आई एक हवा ने लोगों के कान खड़े कर दी। दरअसल यह हवा पटना से चलकर निकला की बांका के एक कद्दावर नेता की पत्नी इस चुनाव में भाग्य आजमा रही है। हालांकि यह खबर उड़ते हुए आई और अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। और अगर ऐसा होता है तो निश्चित ही एनडीए गठबंधन के लिए अशुभ संकेत कहा जाएगा। चचाओं का बाजार गर्म है कि सबसे पहले एनडीए गठबंधन को अपने जयचंद से निपटना होगा।

## सामाजिक कार्यकर्ता के असामायिक निधन पर शोक

### मुखिया ने दी आर्थिक सहायता



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेगूसराय। बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के पानी टंकी टोला निवासी 72 वर्षीय व सामाजिक कार्यकर्ता गांगो पंडित के असामयिक निधन रविवार की बीती रात हो गया.वे लगभग दो वर्षों से कैंसर बीमारी से ग्रसित थे.परिजनों ने उनका इलाज स्थानीय स्तर से लेकर बेगूसराय, पटना, वेल्लोर में करवाया, परंतु कुछ राहत नहीं मिल सका. स्थानीय लोगों ने बताया कि गांगो पंडित अत्यंत ही गरीब थे, जो मिट्टी का बर्तन बनाकर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करते थे.मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है.उनके निधन पर सोमवार की अहले सुबह पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, सरपंच नवीन प्रसाद यादव, उपसरपंच दिनेश चौधरी, समाजसेवी राजेश कुमार, राम नारायण महतो, राधा रमण प्रसाद सहित अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने शोक व्यक्त की तथा उनके पार्थिक शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.वहीं पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा ने अपने निजी को से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान किया।

## एमएलसी प्रत्याशी संजय कुमार ने दाखिल किया नामांकन पर्चा!

» मदरलैण्ड संवाददाता

- भागलपुर,बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए 9 मार्च से ही नामांकन दाखिल प्रारंभ हो गया है



भागलपुर। आरजेडी प्रत्याशी भागलपुर-बांका स्थानीय प्राधिकार बिहार विधान परिषद के लिए अपना नामांकन पर्चा भागलपुर जिलाधिकारी के सामने भागलपुर समाहरणालय में भरा ह्न इस नामांकन पर्चा दाखिल में सैकड़ों की संख्या में उनके समर्थक शामिल थेह्न नामांकन पर्चा दाखिल करने के बाद लोगों ने खुशी का इजहार एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर कियाह्न साथ ही एमएलसी प्रत्याशी को उनके चाहने वाले अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दी ह्न

वही प्रेसवार्ता का आयोजन कर भागलपुर - बांका क्षेत्र के एमएलसी प्रत्याशी संजय कुमार यादव का स्वागत उनके समर्थकों ने जोर शोर से माल्यार्पण व पुष्पगुच्छ देकर किया ह्नजिसमें आए सभी अतिथियों ने एक सुर में कहा एमएलसी चुनाव में आरजेडी प्रत्याशी संजय कुमार यादव की जीत सुनिश्चित है।

क्योंकि भागलपुर - बांका क्षेत्र के प्रत्याशी संजय कुमार जो कर्मठ और जुझारू नेता हैंह्न इसलिए आरजेडी के समर्थकों का पूरा समर्थन रहेगा और जीत सुनिश्चित है ह्न

नामांकन एवं प्रेसवार्ता में एमएलसी प्रत्याशी संजय कुमार के अलावे, पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल, धोरैया बिधायक भूदेव चौधरी, नाथनगर विधायक असरफ अली सिद्धिकी, बांका पूर्व विधायक रामदेव यादव, पीरपैंती पूर्व विधायक रामविलास पासवान, जिला प्रभारी मृत्युंजय तिवारी, चक्रपाणि हिमांशु, जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर यादव के अलावे सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 7 लोगों के संदिग्ध अवस्था में मौत, पुलिस प्रशासन जुटी जांच में

» मदरलैण्ड संवाददाता

भागलपुर। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 8 संदिग्ध लोगों की मौत की खबर के बाद जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन जांच में जुट गई है। विश्वसनीय सूत्रों के मुताबिक 7 लोगों की मौत जहरीली शराब के कारण हुई है। जिसकी खबर मिलने के बाद जिलाधिकारी सुब्रत सेन और वरीय पुलिस अधीक्षक बाबूराम सबौर थाने में कैंप किए हुए हैं। वही मृतकों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है, और पुलिस की कई टीम अलग-अलग जगहों पर छापेमारी भी कर रही है। वही छापेमारी के दौरान पुलिस ने शराब की कुछ खाली बोतल भी बरामद की है। वहीं जिलाधिकारी और वरीय पुलिस अधीक्षक घटना की पूरी जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं कि आखिर 8 लोगों की मौत किस कारण से हुई है। वहीं वरीय अधिकारी अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। अब ऐसे में सवाल उठना लाजमी है। आखिर बिहार में शराबबंदी के बावजूद भी शराब आई कहां से यह तो फिलहाल जांच का विषय है। सवाल कई हैं जवाब अनुत्तरित है। जो लोगों के जेहन में तैर रहा है। सूत्रों पर यकीन करें तो लगातार छापेमारी के बाद यह माफिया भूमिगत हो गए थे। लेकिन त्योहारों में यह अलर्ट मोड में हो गए। और अपना एक अलग नेटवर्क खड़ा कर लिया। और उस नेटवर्क के आगे पुलिसिया तंत्र फिसड्डी साबित हो रहा है।खैर मामला जो भी हो मरने वाले लोग सरकार के लिए बस एक आंकड़ा है। लेकिन उनका क्या जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया।



## संक्षिप्त समाचार

### आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र पर लटका हुआ ताला, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ




मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। गांवा में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य केंद्र तो खोले गए हैं। लेकिन इन स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए जिला स्तर पर अस्पताल में जाना पड़ रहा है। इससे लोग परेशान हैं।आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्रों पर कहने को तो यहां 24 घंटे ए.एन.एम और इलाज की सुविधा मिलना है, लेकिन ताला नहीं खुलने से ग्रामीणों परेशान है। आए आपको बता दे कि प्राणपुर प्रखंड अंतर्गत बस्तौल पंचायत के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र बस्तौल के आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीणों को सुविधा नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।वही ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपए की लागत से बना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र शोभा की वस्तु बनकर रह गया है नाम का तो आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र है।लेकिन इससे लोगों को लाभ नहीं मिलने के कारण निजी स्तर पर इलाज कराने की मजबूरी बनी हुई है, स्थिति ऐसी है कि विगत कई वर्षों से स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटका हुआ है जिसे देखने वाला कोई नहीं है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण के मौके पर रस्म पूरी कर पुनः बंद कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी चले जाते निश्चित तौर पर यह स्वास्थ्य विभाग के कार्यशैली पर सवाल खड़े करती नजर आ रही है।वही स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त देखी जा रही है।

### आरडीएस कॉलेज में एड्स से बचाव हेतु सांझा की गई जानकारी



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पीयू की अंगीभूत इकाई आरडीएस कॉलेज सालमारी में रेड रिबन क्लब द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों व छात्र-छात्राओं के बीच एड्स जैसी खतरनाक बीमारी से बचाव की जानकारी सांझा की गई।इस पर कई वक्ताओं नें जानकारी साझा कर एड्स को ले मौजूद छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रभुकांत झा नें कहा एड्स की जानकारी ही बचाव का माध्यम है।उन्होंने कहा इस गंभीर बीमारी के बारे में लोग बात करने से कतराते है।इसी कारण इस रोग के रोकथाम की जानकारी लोगों तक नहीं पहुंचती है।अब विभिन्न प्रचार माध्यमों से एड्स को ले जागरूकता फैलाई जा रही है।जिससे इसको ले समाज में व्याप्त भ्रांतियां दूर हो रही है।और फैलाव में भी कमी आयी है।उन्होंने छात्र छात्राओं से इस जानकारी को साझा करने की भी अपील की।इस दौरान प्रो हीरालाल,प्रो टिकेश्वर प्रसाद,प्रो किसलय किशोर,प्रो प्रफुल्ल,प्रो मनोज कुमार सहित कई कॉलेज कर्मी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### ट्रक के चपेट में आने से दो बाइक सवार की मौत



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कोढ़ा थाना क्षेत्र के कोलासी एन एच 81गेड़ाबाड़ी कटिहार मार्ग पर ट्रक के द्वारा दो बाइक सवार को रौंदा गया घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि ट्रक चालक द्वारा स्कूटी सवार को ठोकर मार कर भागने का प्रयास किया सोनू कुमार उम्र 22 वर्ष अनिल कुमार उम्र 50 वर्ष के द्वारा पीछा कर ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया। चालक ने ओवर टेक करने के दौरान बाइक सवार को कोलासी पेट्रोल पंप से आगे ट्रक के द्वारा पीछे से रौंद दिया गया। जिसमें कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गया और वहीं उनकी मौत हो गई। वही स्कूटी सवार को ग्रामीणों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा दोनों मृतक बरारी थाना क्षेत्र के रोनिया गांव का बताया जा रहा है। जो कि रिश्ते में चाचा भतीजा बताया जा रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई और एन एच 81पर अगजनी कर घंटो जाम कर विरोध प्रदर्शन किया और कहा जब तक प्राधिकारी आकर आश्वासन नहीं देंगे मुआवजा लेकिन तब तक जान नहीं हटाया जाएगा। जाम लगने से गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही घटना की जानकारी कोढ़ा पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम मे भेजा। स्थानीय मुखिया ज्ञान चंद्र मंडल ने बताया कि आए दिन कोलासी में साधक दुर्घटना में लोगों की जान चली जाती है। जरूरत है। प्रशासन को इस ओर ध्यान देकर सड़क दुर्घटना को रोका जाये।

### श्रीखांटू श्याम महोत्सव को 13 किमी पैदल निशान यात्रा निकली



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बरारी प्रखंड के सेमापुर दुर्गा मंदिर से सोमवार को अपरान्ह ग्यारह बजे 8 वाँ श्रीखांटू श्याम महोत्सव पर रथ पर सवार बाबा खांटू की भव्य सवारी के साथ विशाल निशान यात्रा निकाली गई, सेमापुर ओपी थानाध्यक्ष बिजेन्द्र कुमार ,पुअनि जयंत कुमार दल बल के साथ भव्य पैदल निशान यात्रा सेमापुर से स्टेशन बाजार,सकरैली चौक,मधुबनी,परजेली होकर कटरिया चौक पर शरबत पानी के बाद हुसैन चौक, डुमरिया,चेट्रोलपम्प,बढ़दल्ला चौक,सुखासन हाट चौक,बालूघाट,दुगार्पुर,हवाई अड्डा,शरीकगंज,एफसीआई ,शिवमंदिर चौक श्रीखांटू श्याम मंदिर कटिहार में आस्था के साथ आराधना कर देर शाम निशान यात्रा समाप्त होगा,श्याम परिवार सहित क्षेत्र गणमाण्य सहित भक्तजन पूरी आस्था के साथ लगे रहे ।पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया,गर्मी में सड़क को ग्रामीण द्वारा पानी से ठंडा करते दिखे, जगह जगह पेयजल आदि का स्टॉल लगा कर सेवा कर रहे थे ग्रामीण ।यजमान नीलू अग्रवाल भक्तिभाव में लगे रहे ।जयश्रीराम,जय श्याम के जयघोष से गुंजाययान हुआ पूरा क्षेत्र ।

## विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने लहसा में सड़क का किया शिलान्यास




» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। मुख्यमंत्री संपर्क योजना के तहत लहसा गांव से बंगाली टोला तक बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने शिलान्यास करते कहा कि इस सड़क के बनने के बाद कई गांव आपस में पक्की सड़क से जुड़ जाएंगे,जिससे ऐसे गांव के लोगों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय जाने में सुगमता होगी साथ ही प्राणपुर प्रखंड भी मनसाही प्रखंड से आपस में जुड़ेंगे। उन्होंने विकास कार्यों में सभी को सहयोग करने की अपील की और कार्यों की गुणवत्ता को लेकर भी देखरेख करने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि जन समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रयत्नशील रहते हैं और लोगों से भी अपनी समस्याओं को सीधे उन तक पहुंचाने की अपील भी करते हैं। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख सीता देवी राजद के जिला सचिव संतोष यादव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर राजद के संतोष यादव,प्रखंड प्रमुख सीता देवी,प्रतिनिधि निर्मल भगत, अब्दुल मन्नान आदि मौजूद थे।

## अंधेर नगरी चौपट राजा

## वाह रे सदर अस्पताल :-जीते जी रेफर मरीज को नहीं मिला एंबुलेंस, मौत के बाद शव ढोने के लिए परिजनों को दिया गया एंबुलेंस

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। जीते जी इलाज के लिए मरीज को नहीं मिला एंबुलेंस। मरीज की मौत हो जाने के बाद मामला तूल न पकड़े इसके लिए बॉडी ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था कराई गई। घटना कटिहार सदर अस्पताल की है। जहां नगर थाना क्षेत्र के घोड़ा बारी से दिल का दौरा पड़ने के बाद ललन महतो को परिजनों के द्वारा इलाज के लिए 13 मार्च को कटिहार सदर अस्पताल लाया गया था। जहां चिकित्सकों के द्वारा मरीज का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत को देखते हुए भागलपुर रेफर कर दिया गया। चिकित्सक के द्वारा अस्पताल के पर्चे पर रेफर लिखा गया और उन्हें एंबुलेंस वालों के पास भेजा गया। जहां मरीज के भाई मनन महतो एंबुलेंस चालक के पास पहुंचकर एंबुलेंस की मांग किया। लेकिन उन्हें एंबुलेंस नहीं मिली। जिसके कारण 14 मार्च को उनके भाई की इलाज के अभाव में मौत हो गई। इधर परिजन सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था के कारण मरीज की मौत हुई है। ऐसा आरोप लगा रहे हैं।

## मनरेगा से ईट सोलिंग सड़क का हुआ निर्माण, ग्रामीणों में खुशी



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत भेड़मारा पंचायत के हरिप्रसाद में पीडब्ल्यूडी सड़क से परिमल झा के घर तक पहले पाठ में वहीं दूसरे पाठ में रंजन झा के घर से रतनपुर सीमा तक ईट सोलिंग सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों में खुशी देखा गया। इस मौके पर उपसरपंच मोहम्मद मालेकुस्तुर उर्फ लाबू आमीन ने कहा कि पीडब्ल्यूडी सड़क से परिमल झा के घर होते हुए रतनपुर सीमा तक ईट सोलिंग सड़क का निर्माण हो गया जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखा जा रहा हैं। ग्रामीणों ने भी इस सड़क के बनने से कहा कि अब हम लोगों को बरसात के समय में आने जाने में दिक्कत नहीं होगा पहले बरसात के समय में काफी दिक्कत होता था ,सड़क निर्माण हो जाने से अब हम लोगों को आने जाने में दिक्कत नहीं होगा।इस अवसर पर वार्ड सदस्य दसनंदन भुईया,मोहम्मद मालेकुस्तुर उर्फ लाबू आमीन, रंजन झा,रंजीत भुईया, उत्तम भुईया, शिवचरण भुईया, कमल किशोर गुप्ता, राजेंद्र पोद्दार आदि मौजूद थे।

## डीएम के निर्देश पर सीओ ने हल्का कचहरियों का किया औचक निरीक्षण

### राजश्व कर्मियों को दिए कई निर्देश

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड के सभी हल्का ग्राम कचहरीयों का जिलाधिकारी उदयन मिश्रा के निर्देश पर आजमनगर अंचलाधिकारी संजय कुमार ने सोमवार को जानकारी के मुताबिक खुरियाल,पलसा,आजमनगर,मस्जिद चौक,आलमपुर,निमौल,शीतलमणि सहित अन्य हल्का कचहरीयों का औचक निरीक्षण किया।

जांच के दौरान अंचलाधिकारी संजय कुमार ने सभी हल्का कचहरीयों के राजश्व कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हल्का कचहरीयों में अनावश्यक रूप से भीड़ न जुटे आम लोगों को लगान रसीद और म्यूटेशन कार्य के प्रति दिक्कत ना हो इस बात का पूरा ख्याल रखना है।

*आजमनगर में भू-समस्याओं में आई है गिरावटः-*

जनहित में आम लोगों को जमीनी मामलों में राजश्व कचहरी और कर्मी के स्तर से कोई दिक्कत न हो सरकार इस बात का पूरा खयाल रख रही है।जिसका पालन करना अंचल प्रशासन के साथ-साथ राजश्व कर्मियों की भी अहम भूमिका होती है।ऐसे में राजश्व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।कि हल्का में कर्मी खुद बैठे हैं।पूरी पारदर्शिता के साथ भू स्वामियों लगान दाताओं व जमीनी कार्य को लेकर कचहरी पहुंचने वाले आम जनों के साथ मित्रवत वार्ता करें।

*अनावश्यक व्यक्ति दस्तावेज को हाथ न लगाए ध्यान रहेः-*

इस दौरान अगर कोई अनावश्यक व्यक्ति किसी दूसरे की जमीन को लेकर जांच पड़ताल



करने पहुंचते हैं।तो उनको जमीनी संबंधित जानकारी जितनी जरूरत हो उतनी ही दी जाए क्यों कि जमीन क्रय विक्रय का भी मामला रहता है।ऐसे लोगों को हीं जमीन संबंधित जानकारी सांझा करें।खुद से जमीन संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन करें।और फिर जानकारी दें।साथ हीं रजिस्टर टू जैसे दस्तावेजों का अवलोकन दूसरों को करने ना दें इससे आम जनों में नकारात्मक संदेश जाता है।इससे बचते हुए सरकार के निदेशों के तहत अपने राजश्व कार्य का निर्वहन करें।किसी भी राजश्व कर्मी की लापरवाही अगर सामने आएगी तो उनके विरुद्ध जांच कमिटी गठित कर जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

*जांच के दौरान सीओ ने मदरलैंड वॉइस से कहाः-*

जांच के दौरान अंचलाधिकारी संजय कुमार ने मदरलैंड वॉइस से कहा बीते 10मार्च को आप के अखबार ने (शीर्षक) भूमि सुधार एवं राजश्व मंत्री राम सूरत राय जी हल्का कचहरियों में कर्मचारी कम बिचौलिये पलटते हैं रजिस्टर टू जैसे दस्तावेज से संबंधित खबर प्रकाशित की थी।जिसके आलोक में कटिहार डीएम महोदय के संज्ञानार्थ पत्र जारी किया गया।कि संबंधित मामलों की जांच कर जांच प्रतिवेदन समर्पित करें इसी के आलोक में हल्का ग्राम कचहरियों का सोमवार को औचक निरीक्षण किया गया।इस दौरान एक भी बिचौलिया कहीं नजर नहीं आया?उक्त जांच प्रतिवेदन जिला प्रशासन को प्रतिवेदित की जाएगी।जांच के दौरान अंचलाधिकारी संजय कुमार के साथ अंचल निरीक्षक शमीम आलम उपस्थित रहे।साथ हीं बताना हुआ इस तरह के औचक निरीक्षण का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

*इस तरह निरीक्षण समय-समय पर होना चाहिएः-*

औचक निरीक्षण को देख क्षेत्र के लोगों ने कहा अंचल स्तर से इस तरह जांच समय-समय पर किया जाना चाहिए।वर्तमान समय में आजमनगर अंचल में भू-समस्याओं के मामलों में काफी गिरावट आई है।साथ हीं जमीन खरीद बिक्री से पूर्व क्रेता विक्रेता कचहरी पहुँच संबंधित जमीन की अद्यतन जानकारी लेकर हीं कोई कार्य करें।इससे भू-समस्याओं में और ज्यादा गिरावट आएगी।

*कहते हैं सीओ संजय कुमारः-*

कटिहार जिले के आजमनगर अंचलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कटिहार जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर प्रखंड के सभी हल्का कचहरियों का औचक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण क्रम में राजश्व कर्मचारी लगान रसीद काटते दिखे।राजश्व कर्मचारियों मो हफीजुर्रहमान(टिंकू)मो.मनौवर हुसैन,कृष्ण कुमार राय,अजीत कुमार सिंह,मो.साबिर आलम,विजय कुमार सिंह को कई निर्देश दे गए।सीओ के औचक निरीक्षण से हल्का कचहरियों में हड़कंप की स्थिति रही।

## नए उमंग के साथ किसानों शुरू की मखाना की रोपनी

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार।

हसनगंज प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में मखाने की खेती शुरूआत किसानों द्वारा कर दी गई है। मखाना पल्ली पौधे को एक खेतो से दूसरे खेतों में रोपनी के लिए तैयार किया खेतो में रोपी जाती है। इस क्षेत्र में करीब 245 हेक्टेयर भूमि पर मखाने की खेती होती है। जो पूरे सूबे में तीसरे स्थान पर है। किसान खेतों में उन्नत किस्म के मखाना पल्ली के पौधे लगाकर रोपनी का कार्य शुरू कर दिए हैं। विधिवत हो कि हसनगंज प्रखंड मखाना खेती के लिए प्रसिद्ध है। यहां से मखाना पूरे प्रदेशों में भेजी जाती है। मखाना की खेती करने के बाद किसानों की किस्मत बनने व बदलने लगी है। अब दिनों दिन और किसान इस खेती की ओर आकर्षित होते जा रहे हैं। पिछले साल की भांति इस वर्ष मखाने की खेती करने वाले किसानों की काफी संख्या में बढ़ोतरी हो गई है। वही मखाने की खेती करने वाले किसानों को शुरूआती दिनों में अधिक मेहनत करनी पड़ती है। इसकी खेती के लिए सर्वप्रथम अपने खेतों को सिंचाई कर भूमि समतल कराया जाता है। इस के बाद जिसमें पौधे की रोपनी की जाती है। वही खेतो की गहराई कम से कम करीब पांच से चार व पानी भी तीन से कम नही रहना चाहिए। मखाने की अच्छी उपज के लिए खेतो में जैविक खाद एवं कंपोस्ट खाद काफी फायदेमंद होती है। इससे किसानों को काफी लाभ पहुचता है। इससे उपजाऊ मखाना गुड़िया की वजन में काफी बढ़ोतरी होती है।

क्षेत्र के कई स्थानीय किसान पूर्व वार्ड सदस्य अब्दुल वाहिद, सुबोध विश्वास, मो मोहसीन आदि ने कहा कि धान व गेंहू की तुलना में मखाने की खेती हम लोगो के लिए वरदान साबित हो रहा है। यदि कृषि विभाग का सहयोग मिलता तो यह और सोने पर सुहागा साबित होता। समय के अनुसार खर्च काफी बढ़ा गया है और मजदूर की मजदूरी दिनों दिन बढ़ती जा रही है। मखाना लगाने के बाद फसल में करीब तीन से चार दफे दवा का छिड़काव करना पड़ता है। इसके साथ ही जंगल कमोनी और मोथनी कर समय-समय पर पटवन भी करवाना पड़ता है। बताया गया कि डीएपी और पोटास खाद की मूल्य में आसमान छूता जा रहा है। इस तरह से रसायनिक खाद फसल में उपयोग करने के लिए मील का पत्थर साबित होने लगा है।

## शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन, पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया



» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। अरविंदो सोसाइटी के तत्वाधान में शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन मध्य विद्यालय मिर्चाईबारी के सभागार में किया गया। शिक्षक सम्मान समारोह की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान द्वारा किया गया। इस मौके पर अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला में कोविड-19 काल में विद्यालय बंद रहने पर अरविंदो सोसायटी द्वारा शून्य निवेश नवाचार कार्यक्रम पर शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। शून्य निवेश पर नवाचार कार्यक्रम में जिला के सभी प्रखंडों से 80 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया है। ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागी शिक्षक को अरविंदो सोसाइटी की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान को भी पुष्पगुच्छ एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान समारोह में ऑनलाइन प्रशिक्षण के सभी प्रतिभागी शिक्षकों ने अपने अपने अनुभव एवं विचार को रखा।

शिक्षक सम्मान समारोह में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान ने बताया कि शिक्षक अपने प्रशिक्षण के अनुभवों को शिक्षण कार्य में बच्चों के बीच साझा करेंगे, तभी इसके उद्देश्य का फलाफल प्राप्त हो सकेगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य भी यही है। सभी बच्चे समानुपातिक रूप से नित नए प्रयोगों एवं नवाचारों से अवगत हो सके।

शिक्षक सम्मान समारोह के अंत में सभी शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक कटिहार द्वारा किया गया।

## कटिहार में विधान पार्षद के लिये तीन प्रत्याशी ने नामजदी का पर्चा दाखिल किया

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार विधान पार्षद चुनाव को लेकर आज दिन भर कटिहार में नेता एवं कार्यकताओं का भीड़ लगी रही। जिसको लेकर शहर में सुबह से लेकर विभिन्न सड़कों पर जाम की समस्या बनी रही। जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। जिलाधिकारी उदयन मिश्रा ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच बिहार विधान परिषद के चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया किया गया। आज तीन प्रत्याशियों ने नाम जदी का



पर्चा दाखिल किया। इसमें पूर्व विधान पार्षद अशोक अग्रवाल, सुनील यादव, कुंदन यादव ने नाम जैजी का पर्चा दाखिल किया। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक अग्रवाल एनडीए समर्थित प्रत्याशी हैं। इसलिए उनके नामांकन में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, पूर्णिया सांसद संतोष कुशवाहा, गोपालपुर विधानसभा विधायक गोपाल मंडल, कोढा विधायक कविता पासवान ,बरारी विधायक विजय सिंह, पूर्व सांसद निखिल कुमार चौधरी, पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह ,भाजपा जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, जदयू जिला अध्यक्ष समीम इकबाल, भाजयुमो जिला अध्यक्ष सौरभ कुमार मालाकार ,जिला परिषद अध्यक्ष रेशमी कुमारी, जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, धर्म नाथ तिवारी, पूर्व डिप्टी मेयर सूरज राय, मनिहारी जदयू प्रत्याशी शंभू सुमन, सहित उपस्थित एनडीए के तमाम नेता व कार्यकर्ता एवं त्रिस्तरीय पंचायत के सभी प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में निवर्तमान विधान पार्षद अशोक कुमार अग्रवाल के नामांकन में एल डब्ल्यू सी मैदान में शामिल हुए।कार्यकर्ता शामिल हुए।वही कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार सुनील यादव एवं राजद समर्थित उम्मीदवार कुंदन यादव भी अपने-अपने समर्थकों के साथ नाम जदी का पर्चा दाखिल किया।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडो नेपाल बॉर्डर पर भारतीय कपड़ो के साथ एक बाइक जप्त तस्कर फरार



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ इंडो नेपाल बॉर्डर से कपड़ों के साथ एक बाइक को जब्त की गई। इनरवा बीओपी के इंस्पेक्टर राकेश मणिपाल ने बताया कि बसंतपुर बीओपी के जवान बलवंत सिंह के नेतृत्व में पिलर संख्या 416/5 के पास गस्ती चल रहा था। गस्ती के दौरान जवानों ने देखा कि कोई व्यक्ति बाइक पर लदा बोरे में समान लेकर भारत से नेपाल जाने की फिराक में था। जवानों ने आम गाछी के पास रोका, जवानों को देख तस्कर घबराकर बाइक छोड़ नेपाल की तरफ भाग निकला। बाइक की तलाशी शुरू की तलाशी के दौरान देखा गया कि प्लास्टिक के बोरे में रखा कपड़ा था जो तस्करी के नियत से नेपाल ले जा रहा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि जब्त कपड़ा और बाइक की कुल कीमत 49990 रू आंकी गई है। जब्त की गई सामान को बेतिया कस्टम को भेज दिया गया।

### घास काटने गए व्यक्ति पर भालू ने किया हमला, रेफर बेतिया

मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा वीटीआर के गोवर्धना वन क्षेत्र के बनहवा मटियरिया गाँव निवासी अनिल कुमार को अपने गन्ना खेत में घास काटने के क्रम में भालू ने हमला कर बुरी तरह जख्मी कर दिया है इसकी जानकारी देते हुए वनरक्षी प्रीति कुमारी ने बताया कि अभी तक इस संबंध में वन विभाग को आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है अगर आवेदन मिलती है तो मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगो घटना के संबंध में बताया जाता है कि बनाहवा मटियरिया निवासी अनिल महतो जंगल के किनारे अपने गन्ने के खेत में घास काटने गए हुए थेइसी दरमियान भालू ने उन पर हमला बोलकर जख्मी कर दियोपरिजनों ने जख्मी को इलाज हेतु पीएचसी गौनाहा ले गऐ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु बेतिया रेफर कर दियो

### होली एवं शोब- ए -बारात पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



मदरलैण्ड संवाददाता, बेतिया। मैनाटांड़ होली एवं शब–ए–बारात पर्व को लेकर इनरवा थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार एवं सीओ कुमार राजीव रंजन की अध्यक्षता में मंगलवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से होली के हुड़दंग की विधि–व्यवस्था को लेकर बैठक में विस्तृत विमर्श किया। शांति व्यवस्था बनाए रखने और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली एवं शब–ए–बारात पर्व घर में ही अपने परिजनों के साथ मनाए जाने पर चर्चा किया गया। सभी जनप्रतिनिधियों, प्रबुद्ध लोगों से अनुरोध करते हुए थानाध्यक्ष प्रकाश कुमार ने कहा कि खतरा को देखते हुए सरकार द्वारा पर्व को लेकर विशेष दिशा–निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेर्शों को शत प्रतिशत पालन करना है। साथ ही डीजे और चौक–चौराहे पर जमाबड़ा सख्त वर्जित रहेगा। उन्होंने बैठक में मौजूद लोगों से पुनः अपील किया कि सरकारी दिशा–निदेर्शों का पालन किया जाए। हुड़दंग करने वालों एवं शांति भंग कर अव्यवस्था फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की सूचना पुलिस को देने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि पर्व को लेकर पुलिस गश्ती तेज कर दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत इनरवा के मुखिया रामदेव भगत, पूर्व मुखिया अशोक कुशवाहा, इनरवा सरपंच इनेश गिरी, पैक्स अध्यक्ष बुनिलाल साह, उप मुखिया आनंद मिश्रा, शेषनाथ कुशवाहा, जनार्दन प्रसाद कुशवाहा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध लोगों एवं थानाकर्मी शामिल थे।

## साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार और ठकराहा थानाध्यक्ष अजय कुमार का एक साल का कार्यकाल रहा बेमिसाल

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। बेतिया पुलीस जिला का साठी थाना और बगहा पुलीस जिला का ठकराहा थाना का क्षेत्र अपने आप में एक रहस्यमय है।बगहा जिला के गंडक पार ठकराहा थाना तीन दिशाओं से उत्तर प्रदेश से घिरा हुआ है। थाना के दक्षिण, पश्चिम और पूरब तीनों दिशाओं में उत्तर प्रदेश की सीमा थाना क्षेत्र की सीमा से सटा हुआ है। भले ही दोनों जगहों के लोगों का बोलचाल,भाषा एक है।लेकिन दोनों राज्यों के कायदा कानून में काफी अंतर है।ऐसी स्थिति में किसी भी थानाध्यक्ष के लिए अपने थाना क्षेत्र में सौहार्द कायम रखना अपने-आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार और ठकराहा थानाध्यक्ष अजय कुमार अपनी सूझबूझ से जहां अपने अपने थाना क्षेत्र के शराब तस्करों और अपराधियों में पुलिस के दहशत का माहौल कायम किए हुए हैं।ठीक उसी प्रकार थाना क्षेत्र के अपराधी प्रवृत्ति से दूर लोगों में एक विश्वास भी कायम किए हुए है। मौजूदा स्थिति में ठकराहा थाना में नामजद अपराधी कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं या फिर पुलिस के डर से दूसरे राज्यों में छिपकर अपना गुजर-बसर कर रहे है। अभी हाल ही में आईएएस दीपक मिश्रा के द्वारा थाना निरीक्षण किया गया। जिसमें थाना अध्यक्ष और उनके सहयोगीयों के कार्यों को एसडीएम के द्वारा सराहना भी किया गया। साठी थाना क्षेत्र और ठकराहा थाना क्षेत्र के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दोनों थानाध्यक्ष की सक्रियता के कारण शांतिपूर्ण चुनाव समाप्त होने से उत्साहित साठी थाना क्षेत्र और ठकराहा थाना क्षेत्र के सम्मानित जनप्रतिनिधि लालबहादुर साह, वीरेंद्र उपाध्याय, दीपु तिवारी, जिला पार्षद कलीम गफ्फार, सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने साठी थानाध्यक्ष उदय कुमार की जमकर सराहना किया वही ठकराहा थाना क्षेत्र के रुपेश चौधरी,वीरेंद्र तिवारी,कौशल अली,जुनैद खान इत्यादि ने थानाध्यक्ष अजय कुमार की जमकर सराहना की।।






## काली धाम ट्रस्ट द्वारा किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन

### लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी नमी चौक स्थित काली मंदिर के परिसर में काली धाम ट्रस्ट के द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें इलाके के सैकड़ों लोग शामिल होकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल का तिलक लगाकर गले मिलकर एक-दूसरे को होली की शुभकामना दी। वहीं आयोजक सह पत्रकार आकाश वर्मा ने सभी क्षेत्र वासीयो को होली त्यौहार पर सुख-समृद्धि की शुभकामना दी। साथ ही लोगों को सद्भावना भाईचारा के साथ त्यौहार को मनाने का आग्रह किया। इस समारोह मे शिक्षक ,पत्रकार, प्रशासन , समाजसेवी सहित राजनीति दल के अतिथि भी मौजूद रहें जहां मंदिर के पुजारी बाकेश्वर मिश्रा ने मंदिर के जर्जर स्थिति को देखा कर मरम्मत के लिए चर्चा कि वहीं मौके पर पत्रकार सरफराज अहमद, दिपक वर्मा वार्ड संघ अध्यक्ष दिपक कुमार , अमन मिश्रा ,अनुप्रास शांडिल्य पवन वर्मा , पंकज वर्मा , सौरभ ठाकुर ,दिपू पटेल , सर्वेश वर्मा , विकास निराला , साहेब यादव सहित सैकडों लोग शामिल रहें।

## महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं ने प्रस्तुत की रंगारंग कार्यक्रम

### प्रखंड प्रमुख ने किया कार्यक्रम का उद्घाटन

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को जन शिक्षा भवन रमपुरवा में महिलाओं द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, जन शिक्षा केंद्र रमपुरवा के निर्देशक फादर आनंद व गौनाहा मुखिया प्रतिमा देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर की। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मटियरिया की बच्चियों ने स्वागत गीत गाए। संस्था के निर्देशक फादर आनंद ने स्वागत भाषण किया।सिलाई केंद्र में बेदौली व बैरटवा की बच्चियों ने डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संस्था की सक्सेना दीदी व शोभा देवी ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की चर्चा करते हुए महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।एसएचजी ग्रुप बखरी व धमौरा की महिलाओं ने जमकर झपटा नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की खूब तालियां बटोरी। किशोरी ग्रुप मंडीहा व बखरी की बच्चियों ने डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को मोह लिया, जबकि अंतिमा कुमारी ने महिला दिवस के अवसर पर भाषण प्रस्तुत की। सिलाई केंद्र गोइठही व मटियरिया की बच्चियों ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत की। ऐसे ही मटियरिया के बच्चियों ने साक्षरता गीत गाकर महिलाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संत जेवियर विद्यालय के एचएम फादर राजन लकड़ा, सिस्टर लुमी व अमली ने भी अपना विचार व्यक्त किया। फादर आनंद के धन्यवाद ज्ञापन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।




## 84 पीस 8 पीएम फ्रूटी व एक मोटरसाइकिल के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार भेजा गया जेल

### यूपी-बिहार को जोड़ने वाली सभी मार्गो पर पुलिस की पैनी नजर

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा होली पर्व के मद्देनजर ठकराहां पुलिस ने शराब व शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे छापामारी अभियान के तहत रविवार की शाम ठकराहां थाने की पुलिस ने पीपा पुल से 84 पीस 8पीएम फ्रूटी अग्रेंजी शराब प्रत्येक मात्रा 180ह्म कुल मात्रा व एक मोटरसाईकिल के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर सोमवार की सुबह जेल भेज दिया। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की शराब कारोबारी शराब की खेप लेकर पीपा पुल के रास्ते दियारे में प्रवेश करने वाला है। सूचना के आधार पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। जिसमे 84 पीस 8पीएम फ्रूटी व मोटरसाइकिल के साथ दो कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान श्रीनगर थानां क्षेत्र के निवासी छोटा यादव पिता स्व. मंगल यादव व मुन्ना यादव पिता हरिसंकर यादव के रूप में हुई। गिरफ्तार कारोबारी के खिलाफ थाने में मद्य निषेध अधिनियम व उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए सोमवार की सुबह जेल भेज दिया गया। वही उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में शराब कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापेमारी जारी है। शराब पीकर या शराब लेकर थाना क्षेत्र में प्रवेश करने वाले की खैर नहीं है यूपी-बिहार को जोड़ने वाली सभी मार्गो पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।



## भाजपा कार्यकताओं द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

### समृद्ध उर्फ आयुष वर्मा की ओर से होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड़ जेपी संतोष प्रखंड के रामपुर गावं में भाजपा के कार्यकताओं के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक दिलीप वर्मा के सुपुत्र समृद्ध और आयुष वर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा से जुड़ी कार्यकताओं के साथ रामपुर कॉलोनी की महिलाओं और युवतियों ने शामिल हुई। होली मिलन समारोह को लेकर महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली के गीतों के धुन पर आयुष वर्मा को होली की बधाई दी। साथ ही साथ होली के गीतों की धुन पर महिलाएं में उत्साह देखी गई। समारोह को लेकर भाजपा के क्रीडा प्रकोष्ठ क्षेत्रीय प्रभारी समृद्ध और आयुष वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक सूत्र में सभी लोगों को बांधने का काम मिलन समारोह के माध्यम से किया जा रहा है। ताकि समाज में लोग एक परिवार की तरह रहे और एक दूसरों को मदद करते हुए एक मिसाल के रूप में बन सके। होली मिलन समारोह के साथ साथ एक पारिवारिक मिलन के तौर पर भी इस कार्यक्रम को मनाया गया। मौके पर अनुसूचित जनजाति के जिला अध्यक्ष अशोक सुब्बा, जनार्दन प्रसाद कुशवाहा, भाजयुमो के स्वास्थ्य एवं रचनात्मक मुन्ना यादव, पूर्व जिला पार्षद कृष्णाधन दास, सुभाष प्रसाद विद्यार्थी, वीरेंद्र पटवारी, ओम प्रकाश कुमार, संजय विश्वास, टोला चपरिया पैक्स अध्यक्ष शेषनाथ कुमार, जितेंद्र कुमार पप्पू, रामपुर पंचायत के मुखिया मुन्ना द्वारिया, वंदन कुमारी, नैना कुमारी, अमृता, जयोति कुमारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## होली को लेकर थाना में शांति समिति की बैठक सम्पन्न



» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। होली के त्योहार को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें प्रभारीनिरीक्षक अजय कुमार ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी का बैनर को न फाड़े व दुकानों के शटर न बजाएं। जिस व्यक्ति को रंग से ऐतराज हो उस पर रंग न डालें। उन्होंने कहा की शरारती तत्व को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। जुलूस निकलने वाले मार्ग पर पुलिस निगरानी रहेगी। शांतिभंग करने वालों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। वही बीडियो अजीत सिंह ने कहा कि होली को आपसी सौहार्द पूर्ण माहौल में मनाने से आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। अंचलाधिकारी राहुल कुमार ने बताया कि छोटे-बड़े सभी असामाजिक तत्वों पर नजर रखने की जरूरत है। बैठक में कोतवाल अजय कुमार के अलावा बीडियो अजीत सिंह, अंचलाधिकारी राहुल कुमार, मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, मुखिया रुपेश चौधरी,पप्पू तिवारी उर्फ शशि प्रताप तिवारी, विद्यागिरी,मनजीत सिंह,रामाधार तिवारी,विनय पाठक,मंतोष तिवारी,तारकेश्वर तिवारी,हैदर अली, विकास गिरी, जितेंद्र कुशवाहा,सुरेंद्र यादव, जितेंद्र मिश्रा,विजय चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने में सभी का सहयोग आपेक्षित:उपायुक्त

» मदरलैण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिरी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार से #ळंह्लह्यळङ्कऊउ ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के सभी दसों प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं 110 सीएससी केंद्रों के माध्यम से जिले के विभिन्न पंचायत के लोगों ने उपायुक्त से ऑनलाइन मुलाकात कर अपनी समस्याओं व सुझावों से अवगत कराया।

इसके अलावे #ळंह्लह्यळङ्कऊउ कार्यक्रम के दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री द्वारा उपस्थित लगभग सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। सर्वप्रथम उपायुक्त ने देवघर प्रखण्ड के शिकायतकर्ता बिनोद मंडल के मामले पर संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए झारसेवा से जुड़े मामलों का निष्पादन समय के अनुसार करें। साथ हीं उन्होंने संबंधित मामले को लंबित रखने को लेकर संबंधित कर्मचारी पर स्पष्टीकरण के साथ प्रपत्र-क गठित करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी प्रखण्डों के अंचलाधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि अधिसूचित प्रदायी सेवाओं से संबंधित प्राप्त आवेदन पत्रों को नियत समय-सीमा के अन्दर निष्पादित किया जाना अनिवार्य है। साथ हीं प्रावधानानुसार नाम निर्दिष्ट पदाधिकारी आवेदन प्राप्त होने पर नियत समय-सीमा में सेवा उपलब्ध करायेंगे या आवेदन अस्वीकृत करेंगे और आवेदन की अस्वीकृति की दशा में कारणों को अभिलिखित कर आवेदक को सूचित करेगा। वहीं सेवा देने की गारंटी अधिनियम अन्तर्गत अधिसूचित प्रदायी सेवाओं का निष्पादन ससमय नहीं होने का मामला संज्ञान में आया है। ऐसे में झारसेवा के तहत आये हुए मामलों का ससमय निष्पादन करें। साथ हीं बिना औचित्यपूर्ण कारणों से इन मामलों को अनावश्यक लंबित रखने वाले पदाधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

वीडियो कॉन्फ्रेसिंग दौरान विभिन्न प्रखण्डों से प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न पेंशनों से जुड़े मामले के सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए, समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। साथ हीं वैसे लाभुक जिनको पूर्व में योजना का लाभ मिल रहा है मगर किन्हीं कारणों से पेंशन से जुड़े योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है, वैसे लाभुकों को चिन्हित करते उनके त्रूटियों का शत प्रतिशत निराकरण करें, ताकि पुनः वैसे सभी लाभुकों को संबंधित योजना की राशि उनके खाते में डीबीटी की जा सके। इसके अलावे जसीडीह के वार्ड नंबर-05 के शिकायतकर्ता के मामले को संज्ञान में लेते हुए उपायुक्त ने वार्ड-07 में अनुसूचित जाति महिला आरक्षित सीट होने एवं संबंधित वार्ड में अनुसूचित जाति के एक भी मतदाता न होने की स्थिति में संबंधित प्रखण्ड विकास व जिला पंचायती राज पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपवर्जन के लिए विभाग को पत्राचार करने का निदेश दिया, ताकि विभागीय मार्गदर्शन कर आगे की कार्रवाई की जा सके। वहीं वार्ड नंबर 05 के शिकायतकर्ता के मामले को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अंचलाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि जमीन से जुड़े मामलों के तहत पंजी-02 का जब डीजिटाईजेशन हुआ था, तब कुछ त्रूटियां पाई गयी थी। ऐसे में उन त्रूटियों को अंचल स्तर से सुधार करते हुए ऐसे लंबित मामलों की सूची को उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करायें, ताकि उसका सही निराकरण किया जा सके और लोगों को होने वाली असुविधा का निराकरण भी किया जा सके। आगे देवघर नगर निगम के करनीबाग मोहल्ले में सीवर व नाली जाम की समस्या को सुधारने के उद्देश्य से जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी को पत्राचार करने का निदेश दिया, ताकि नगर निगम द्वारा आवश्यक जांच करते हुए आगे की कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छ व सुंदर देवघर बनाये रखने में आप सभी का सहयोग आपेक्षित है। इसके लिए आवश्यक है कि अपने घरों के साथ-साथ अपने आसपास सफाई का हम सभी ध्यान रखें और यत्र-तत्र व नालियों में कचड़ा व प्लास्टिक न फेंके और प्लास्टिक व थर्मोकॉल को पूर्ण रूप से नो कहें। आगे उपायुक्त ने मधुपुर के मंजूला देवी का दिव्यांग पेंशन व सोनारायठाढ़ी के पेंशन योजना का लाभ बंद होने के मामले पर संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया। वहीं मधुपुर प्रखण्ड की पार्वती देवी की जगह उनके घर के परिजनों को पेंशन योजना से जोड़ने का निदेश दिया। साथ हीं पालोजोरी प्रखण्ड अन्तर्गत आपदा के कारण आवास गिर जाने के मामलों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को ऐसे लाभुकों को जल्द से जल्द योजना का लाभ देने का निदेश दिया। इसके अलावे कार्यक्रम के दौरान पालोजोरी प्रखण्ड अन्तर्गत सिंचाई कूप से जुड़े योजना में अवैध निकासी के मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधकारी को जांच करते हुए उक्त मामले से उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निदेश दिया। साथ हीं मोहनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत मेदनीडीह गांव के प्रदीप यादव की समस्या को संज्ञान में लेते हुए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व कनीय अभियंता विद्युत विभाग को निदेशित करते हुए कहा कि उक्त आवेदक द्वारा आटा चक्की उद्योग लगाने हेतु बिजली का कनेक्शन हेतु आवेदन किया गया है। ऐसे में स्थल जांच करते हुए वास्तुस्थिति से उपायुक्त कार्यालय को अवगत कराने का निदेश दिया गया। आगे उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया पुरी तरह से पारदर्शी रहे। टॉक टू डीसी कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त श्री मंजुनाथ भजंत्री ने लोगो को पूर्ण भरोसा दिलाया कि सभी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम से जुड़े लोगों को जानकारी देते हुए कहा कि हरेक सोमवार को पंचायत स्तर में आपकी समस्याओं की समाधान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी से आग्रह होगा कि वैसे लोग जो लोग अपनी शिकायत जिला प्रशासन तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं, वैसे लोगों को जागरूक करें, ताकि सभी लोगों की समस्याओं को दूर किया जा सके। इसके अलावे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान के अंतिम व्यक्ति को मिले। इस पर विशेष रूप ध्यान दें। आगे उपायुक्त ने जिले में सक्षम लोगों द्वारा राशन कार्ड के उपयोग किये जाने के मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जिला स्तर पर अभियान की शुरूआत कर ऐसे लोगों को चिन्हित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

ळंह्लह्यळङ्कऊउ कार्यक्रम के दौरान वृद्धा पेंशन, पीएम आवास योजना, राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जमीन के पर्चा व लगान से जुड़े संमस्याओं के समाधान को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि मामले का सही तरीके से त्वरित जाँच करते हुए आवश्यक कार्रवाई कर उपायुक्त कार्यालय को रिपोर्ट समर्पित करें। इसके अलावे पेंशन व राशन कार्ड से जुड़े शिकायतों को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा करते हुए लाभुकों को उनका हक जल्द से जल्द दिया जाय।

इसके अलावे #ळंह्लह्यळङ्कऊउ कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जिले के सभी सीएससी केन्द्र संचालकों को निदेशित किया कि आ रहे लोगों की समस्याओं व शिकायतों से जुड़े आवेदन को अपने पास न रखकर उपायुक्त कार्यालय के ई-मेल पर भेजना सुनिश्चित करें, ताकि वैसे मामले जिन पर कार्यक्रम के दौरान संज्ञान नहीं लिया गया हो। उनकी ट्रेसिंग और ट्रैकिंग करते हुए उनका निष्पादन किया जा सके। साथ हीं उन्होंने सभी सीएससी संचालकों को निदेशित करते हुए कहा कि अपने-अपने गांव में थर्मोकॉल के उपयोग को पूर्ण रूप से बंद करने के उदेश्य ग्रामीणों को जागरूक करें, ताकि दोना-पतल के उपयोग को बढ़ावा मिल सके।

#ळंह्लह्यळङ्कऊउ कार्यक्रम के दौरान जिले के वैसे राशन कार्डधारियों पर सख्त संज्ञान लेते हुए उपायुक्त श्री मंजुनाथ भजंत्री ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिला स्तर पर सघन जांच अभियान का आयोजन करते हुए अवैध या गलत तरीके से राशनकार्ड का लाभ ले रहे लोगों को चिन्हित कर कड़ी करवाई करते हुए अनाज की वसूली 10 प्रतिशत ब्याज के साथ करें।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# माई 11 सर्कल के ब्रांड एंबेसडर के रूप में गेम्स 24X7 ने नामी बल्लेबाज शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड़ को शामिल किया

चंडीगढ़/अमृतसर, 14 मार्च, 2022: भारत की अग्रणी ऑनलाइन स्किल गेमिंग कंपनी गेम्स24७7 ने अपने लोकप्रिय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म माई11सर्कल के लिए युवा और प्रतिभाशाली भारतीय क्रिकेटरों, शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड़ को नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। शुभमन और ऋतुराज, दोनों को माई11सर्कल के टीवी, डिजिटल और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फैले हुए मल्टीमीडिया अभियानों में देखा जाएगा।

गेम्स 24x7 के सह-संस्थापक और सीईओ भाविन पांड्या ने इस सहयोग पर टिप्पणी करते हुए कहा, ह्लमाई11सर्कल परिवार में शुभमन गिल और ऋतुराज गायकवाड़ का स्वागत करते हुए हम रोमांचित हैं। शुभमन और ऋतुराज ने एक प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के साथ भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अपने लिए एक अलग स्थान बनाया है। मैदान पर उनका प्रदर्शन माई11सर्कल के ऑफ-फील्ड प्रदर्शन के अनुरूप है, जहाँ ब्रांड ने पिछले साल 100 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बहुत कम समय में फंतासी खेलों में खुद के लिए जगह बनाई है।हमारी सफलता के कारणों में उत्साही भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के साथ जुड़ना और उनके कौशल और जुनून का मूल्यांकन करके उन्हें पुरस्कृत करना रहा है।ह्व

शुभमन ने 2018 में आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में अत्यधिक रन बना करके भारतीय क्रिकेट टीम में प्रवेश किया।आगामी आईपीएल सीजन में, उन्हें देखने लायक प्रमुख खिलाड़ियों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। इस गठबंधन के बारे में बोलते हुए शुभमन गिल ने कहा, ह्लमैं माई11सर्कल का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूँ, यह एक ऐसा ऐप है जो देश भर से लोगों को उनके पसंदीदा खेल के साथ गहराई से जुड़ने की सुविधा प्रदान करता है।ह्व

ऋतुराज की प्रतिभा तब सुर्खियों में आई जब उन्होंने 2016-17 के विजय हजारे टूनामेंट में केवल सात मैचों में 444 रन बनाया। गायकवाड़ आईपीएल 2021 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले/ऑरेंज कैप धारक थे। अपने जुड़ाव के बारे में टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा, ह्लमैं वास्तव में इस तरह के एक अद्भुत फैंटेसी स्पोर्ट्स ऐप का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रहा हूँ और माई11सर्कल के ब्रांड एंबेसडर के रूप में मुझे मेरे साथी शुभमन और सिराज के साथ शामिल होने का सौभाग्य मिला है।' क्रिकेट प्रशंसक माई11सर्कल के अभिनव प्रस्तावों का केंद्र हैं जिसने ऑनलाइन स्किल-गेमिंग उद्योग को फिर से परिभाषित किया है। खेल के प्रति अपने जुनून को और प्रदर्शित करने के लिए माई11सर्कल ने हाल ही में आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप की लखनऊ फ्रैंचाइजी के साथ साइन-अप किया है जिसे आधिकारिक शीर्षक प्रायोजक लखनऊ सुपर जायंट्स कहा जाता है। तीन वर्ष के इस गठबंधन में आईपीएल टीम की नई पेश की गई जर्सी पर फैंटेसी प्लेटफार्म का लोगो दिखाई देगा।

# आईआईएफसीएल को अगले वित्त वर्ष 50,000 करोड़ के ऋण आवंटन की उम्मीद



मुंबई, एजेंसी। इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) का कहना है कि उसे अगले वित्त वर्ष 50,000 करोड़ रुपए ऋण आवंटन की उम्मीद है। कंपनी का मानना है कि पूंजीगत व्यय में फिर तेजी आने और ढांचागत क्षेत्र में निवेश का सिलसिला बढने के साथ उसका ऋण आवंटन भी बढ़ेगा। पिछले सप्ताह कंपनी ने बाजार से 1,500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए बांड जारी किए थे। मंजूर ऋणों के लिए रकम आवंटित करने के लिए सरकार नियंत्रित यह वित्तीय कंपनी 3,000 करोड़ रुपए तक जुटाना चाह रही है। आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पीआर जयशंकर ने बताया कि ढांचागत क्षेत्र की परियोजनाएं कुछ ऐसी होती हैं कि मंजूरी ऋण के एक बड़े हिस्से का इस्तेमाल दूसरे वर्ष से शुरू होता है और यह सिलसिला तीसरे और चौथे वर्ष तक जारी रहता है। हमने जितने ऋण आवेदन मंजूरी किए हैं उनके लिए एक बड़े हिस्से का आवंटन अब शुरू होगा।ह्वआईआईएफसीलए का बहीखाता 2020 में थोड़ा सुस्त रहा था मगर मंजूर ऋण और मंजूर ऋण सुविधा का आकार अब बढ़कर 2.12 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। इनमें 30 प्रतिशत ऋण पिछले दो वर्षों के दौरान मंजूर हुए हैं। जयशंकर ने कहा कि कंपनी 2023 के आखिर तक मंजूर ऋण का आकार बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रुपए तक करना चाहती है। सितंबर 2021 तक का कुल आवंटित ऋण का आकार बढ़कर 37,688 करोड़ रुपए रहा था। रेटिंग एजेंसी इक्रा के अनुसार मार्च 2020 में यह बढ़कर 33,637 करोड़ रुपए और मार्च 2021 में यह और बढ़कर 36,647 करोड़ रुपए हो गया था।वंबर 2021 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कंपनी को बांड और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (इनविट) में निवेश करने की अनुमति दी थी। जयशंकर ने कहा कि कंपनी वित्त वर्ष 2023 में इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्पिक ने उपभोक्ता की जरूरतों के अनुसार फॉम्यूलेशन में किया बदलाव

चंडीगढ़/लुधियाना/जालंधर/अमृतसर, 14 मार्च 2022: लैवेटरी केयर कैटेगरी में अग्रणी ब्रांड हार्पिक ने बेहतर फॉम्युर्लेशन के साथ अपने असली नीले रंग में बदलाव लाकर इसे गाढ़ा और बेहतर बना दिया है। ह्यन्यूह्व हार्पिक टॉयलेट सीट पर एक समान रूप से गाढ़ी लेयर प्रदान करता है, जिससे यह पहले से बेहतर तरीके से टॉयलेट सीट की सफाई करता है। इस नई घोषणा पर, सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया – हाइजीन, रेकिट ने कहा, ह्ल100 वर्षों से अधिक की मजबूत विरासत के साथ, हार्पिक, नए सॉल्यूशन पेश कर एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह प्रोडक्ट लोगों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करता है। नया हार्पिक फॉम्युर्लेशन पहले की तुलना में 20% अधिक चिपचिपा है, जिससे ग्राहक अपने टॉयलेट को स्वच्छ, रोगाणु मुक्त और चमकदार बनाने के लिए आसानी से टॉयलेट सीट पर फैला/कोट कर सकते हैं। डॉ. स्कंद सक्सेना, आर एंड डी निदेशक, दक्षिण एशिया – हाइजीन, रेकिट ने कहा, ह्लप्रोडक्ट में लगातार सुधार करना और हार्पिक को एक बेहतर और पसंदीदा ब्रांड बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। उपभोक्ताओं को एक ऐसे बेहतर प्रोडक्ट फॉम्युर्लेशन की जरूरत है जो उन्हें शानदार ग्राहक अनुभव प्रदान कर सकें।'

### स्टैंडर्ड चार्टर्ड जीबीएस के लिए बड़ा परिसर चेन्नई में बनाएगी डीएलएफ

चेन्नई, एजेंसी। रियल्टी क्षेत्र की कंपनी डीएलएफ ने कहा कि वह स्टैंडर्ड चार्टर्ड ग्लोबल बिजनेस सर्विसेस के 10 लाख वर्गफुट क्षेत्र में कार्यालय परिसर के निर्माण करेगी जिसके लिए वह लगभग 550 करोड़ रुपए का निवेश करेगी जो इस कंपनी का दुनिया में सबसे बड़ा परिसर होगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई के तारामणि में डीएलएफ डाउनटाउन परियोजना में कार्यालय के परिसर की आधारशिला रखी। डीएलएफ रेंटल बिजनेस के प्रबंध निदेशक श्रीराम खट्टर ने कहा कि हम स्टैंडर्ड चार्टर्ड जीबीएस के लिए दस लाख वर्गफुट में इमारत का निर्माण कर रहे हैं जिसकी कुल निर्माण लागत करीब 550 करोड़ रुपए होगी। डीएलएफ डाउनटाउन–चेन्नई परियोजना 27 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली है जो 68 लाख वर्गफुट इलाका है। इसे डीएलएफ साइबर सिटी डेवलपर्स लिमिटेड 5,000 करोड़ रुपए के निवेश से विकसित कर रही है।

### पेटीएम के शेयर में 12 फीसदी गिरावट

मुंबई, एजेंसी। डिजीटल वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म पेटीएम का परिचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्यूनिकेशन्स का शेयर कंपनी पर रिजर्व बैंक की कार्रवाई के बाद सोमवार को सुबह 12 प्रतिशत तक गिरकर 685 रुपए तक आ गया था। यह कीमत उसके निर्गम मूल्य से करीब 70 प्रतिशत कम है। बाजार में यह गिरावट कंपनी के पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर रिजर्व बैंक के प्रतिबंध के बाद आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने इस बैंक को नए ग्राहक जोड़ने से रोक दिया है। केंद्रीय बैंक को पेटीएम पेमेंट्स बैंक के पर्यवेक्षण को लेकर ठोस चिंताएं हैं, इसलिए उसने यह कार्रवाई की है। आरबीआई ने इस बैंक को उसके आईटी प्रणाली की विस्तृत ऑडिट के लिए किसी बाहरी कंपनी की नियुक्ति का निर्देश भी दिया है। पेटीएम का शेयर पिछले साल नवंबर में बाजार में सूचीबद्ध हुआ था। यह देश में अब तक का सबसे बड़ा प्राथमिक शेयर निर्गम (आईपीओ) था। यह शेयर निवेशकों को 2150 रुपए के भाव में जारी किया गया था। इस शेयर के बाजार पूंजीकरण में पहले दिन से लेकर अब तक 57,000 करोड़ रुपए से अधिक की गिरावट आई है। 18 नवंबर 2021 को पहले दिन के कारोबार के बंद होने के समय इसका बाजार पूंजीकरण एक लाख एक हजार चार सौ करोड़ रूपए के करीब था जबकि निर्गम मूल्य पर इसका मूल्यांकन 1.39 लाख करोड़ रुपए था।

### फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 13.11 फीसदी हुई

मुंबई, एजेंसी। फरवरी महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 13.11 फीसदी पर पहुंच गई जो जनवरी महीने में 12.96 फीसदी थी। फरवरी 2021 में थोक महंगाई दर महज 4.83 फीसदी थी। बढ़ती महंगाई सरकार, इकोनॉमी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के लिए गंभीर चिंता का विषय है। अगले महीने रिजर्व बैंक मॉनिटरी पॉलिसी कमेटी की बैठक होने वाली है। उससे पहले 16 मार्च को अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दर को लेकर बड़ा फैसला कर सकता है। महंगाई में तेजी से रिजर्व बैंक पर पॉलिसी में बदलाव का दबाव बढ़ेगा। जनवरी महीने में थोक महंगाई दर 12.96 फीसदी थी और दिसंबर 2021 में यह 13.56 फीसदी थी। नवंबर में यह महंगाई 14.23 फीसदी थी। यह लगातार 11वां महीना है जब थोक महंगाई दर डबल डिजिट में रही है। जनवरी महीने में खुदरा महंगाई दर 6.01 फीसदी रही थी जो रिजर्व बैंक के छह फीसदी के अपर लिमिट के पार थी। यह सात महीने का उच्चतम स्तर था। दिसंबर में खुदरा महंगाई 5.59 फीसदी रही थी। यह पांच महीने का उच्चतम स्तर था। नवंबर में खुदरा महंगाई 4.91 फीसदी, अक्टूबर में 4.48 फीसदी रही थी। एक साल पहले दिसंबर 2020 में खुदरा महंगाई दर 4.59 फीसदी रही थी।

# एक अप्रैल से पुराने वाहनों का दोबारा रजिस्ट्रेशन होगा महंगा



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली को छोड़कर पूरे देश में एक अप्रैल से 15 साल से पुराने वाहनों का दोबारा रजिस्ट्रेशन महंगा होने जा रहा है। बताया जा रहा है कि एक दशक से अधिक पुराने वाहनों के पंजीकरण के नवीनीकरण की लागत अगले महीने से आठ गुना अधिक हो जाएगी। एक रिपोर्ट के अनुसार सभी 15 साल पुरानी कारों के पंजीकरण को नवीनीकृत करने की लागत 600 रुपए की मौजूदा दर की तुलना में 5,000 रुपए होगी। दोपहिया वाहन के लिए ग्राहक को 300 रुपए के बजाय 1,000 रुपए का भुगतान करना होगा। जबकि आयातित कारों के लिए लागत 15,000 रुपए के बजाय 40,000 रुपए हो जाएगी। इसके अलावा निजी वाहनों के पुनः पंजीकरण में देरी से हर महीने अतिरिक्त 3000 रुपए खर्च होंगे। व्यावसायिक वाहनों के लिए हर महीने 500 रुपए का जुमार्ना होगा। नए नियमों के मुताबिक 15 साल से पुराने हर निजी वाहन को हर पांच साल में नवीनीकरण के लिए आवेदन करना होगा। हालांकि, इस नियम में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली को छूट है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि शहर में पेट्रोल और डीजल से चलने वाले वाहनों को क्रमशः 15 और 10 वर्षों के बाद अपंजीकृत माना जाता है। इसके अलावा पुराने ट्रांसपोर्ट और व्यावसासयिक वाहनों के फिटनेस टेस्ट का खर्च भी अप्रैल से बढ़ जाएगा। परिवहन मंत्रालय द्वारा संशोधित दरों के अनुसार, फिटनेस परीक्षण की लागत 1 अप्रैल से टैक्सियों के लिए 1,000 रुपए के बजाय 7,000 रुपए होगी। यह बसों और ट्रकों के लिए 1,500 रुपए के बजाय 12,500 रुपए होगी। इसके अलावा आठ साल से पुराने व्यावसायिक वाहनों के लिए फिटनेस सर्टिफिकेट अनिवार्य होगा।

# मिर्ची म्यूजिक अवाड्र्स में शेरशाह साउंडट्रैक की बड़ी जीत

चंडीगढ़, 14 मार्च, 2022: सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया के लिए यह वास्तव में एक रोमांचक क्षण है क्यूंकि इसने प्रतिष्ठित मिर्ची म्यूजिक अवार्ड 2022 में, 6 टाइटल में नामांकन प्राप्त किया है। सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया ने 31 नामांकन के साथ विभिन्न श्रेणियों में अपना दबदबा कायम रखा है, जिनमें सबसे ज्यादा 16 कैटेगरी में नामांकन प्राप्त करने वाला एल्बम ह्यशेरशाहह्न रहा। इसके अलावा, मिमी को 6 नामांकन एवं गिन्नी वेड्स सनी तथा लव आज कल में से प्रत्येक को 3 नामांकन और दिल बेचारा एवं 99 साँग्स को क्रमशः 2 एवं 1 नामांकन प्राप्त हुए।

सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया के खाते में 4 कैटेगरी के अंतर्गत ट्रॉफीज आयीं, जिनमें शेरशाह भी एक था जिसे एल्बम ऑफ द ईयर घोषित किया गया। इसका गाना ह्यराता लंबिया ह्व ने सॉन्ग ऑफ दी ईयर अवार्ड जीता, साथ ही ह्यम्यूजिक कंपोजर ऑफ द ईयरह्न तथा ह्यलिरिक्स ऑफ द ईयरह्न अवार्ड भी जीता। शेरशाह फिल्म ने नेशनल तथा इंटरनेशनल म्यूजिक दोनों में ही टॉप करने के साथ ही सबसे ज्यादा देखे वाली फिल्म तथा 2021 की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक रही।

शेरशाह का एल्बम साल का सबसे बड़ा एल्बम रहा और एक बिलियन ऑडियो स्क्रीन तक पहुंचने वाला सबसे तेज एल्बम बन गया। इस एल्बम ने जीत के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस एल्बम के गाने सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा प्रचलित हैं, जहां इसे 12 मिलियन से ज्यादा श्रोताओं द्वारा सुना गया। यहां तक की इसके शेयर, व्यू और रील आज भी जारी है जो कि इसकी कभी न खत्म होने वाली पापुलैरिटी दिखाती है। शेरशाह के अलावा इस अवॉर्ड सेरिमनी में सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट इंडिया का ह्यपरम सुंदरीह्न (मिमी) एवं रूबरू (गिन्नी वेड्स सनी) ने क्रमशः प्रड्यूसर प्रोग्रामिंग एंड अरेंजिंग तथा अपकमिंग लिरिसिस्ट ऑफ द ईयर ट्रॉफी प्राप्त की।

इस उपलब्धि पर बोलते हुए गीतकार, संगीत निमार्ता और संगीतकार तनिष्क बागची ने कहा, ह्लपुरस्कार जीतना हमेशा अच्छा लगता है, लेकिन इस बार की जीत बेहद शानदार प्रतीत होती है। इसके पीछे कारण यह है कि शेरशाह के साउंडट्रैक पर आज भी प्रशंसक और श्रोता अपना प्यार बरसा रहे हैं। इस तरह की पहचान हमारे द्वारा रचित संगीत की सफलता का प्रमाण है, और इससे मुझे और भी अच्छे गाने कंपोज करने की प्रेरणा मिलती है। यह जीत हर संगीतकार, गायक, तकनीशियन के लिए है जिन्होंने शेरशाह के संगीत को इतना लोकप्रिय बनाने पर काम किया।ह्व

श्री रजत कक्कड़, प्रबंध निदेशक , सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट ने कहा,ह्लहाल ही में आयोजित मिर्ची म्यूजिक अवाड्र्स में अन्य सम्माननीय पुरस्कारों के साथ-साथ शेरशाह के संगीत को एल्बम ऑफ द ईयर के रूप में मान्यता देना बहुत गर्व की अनुभूति है। दुनिया भर के संगीत प्रेमियों द्वारा शेरशाह के साउंडट्रैक को दिखाए गए प्यार से हम अभिभूत हैं! एल्बम का प्रत्येक ट्रैक माधुर्य और गीतों से भरपूर है जो फिल्म और उसके पात्रों की भावनाओं को सामने लाता है। यह सम्मान हमें हर तरफ से मिले प्यार और सफलता का प्रतिबिंब है और इसके लिए हम बेहद आभारी हैं। सोनी म्यूजिक एंटरटेनमेंट की लिस्ट में एक और शानदार गाना जुड़ने से इसके गानों की लिस्ट और भी शानदार हो गई है। भविष्य में श्रोताओं को हम और भी अच्छा म्यूजिक देने का वादा करते हैं।ह्व

# जियो और गूगल का 4जी स्मार्टफोन जियोफोन नेक्स्ट अब पंजाब में

## पंजाब के 5500 से अधिक मोबाइल विक्रेता के यहां उपलब्ध




मुंबई, एजेंसी। रिलायंस जियो और गूगल ने साथ में रिसर्च कर किफायती 4जी स्मार्टफोन जियोफोन नेक्स्ट बनाया है जो अब पंजाब भर के 5500 से अधिक मोबाइल विक्रेता के यहां उपलब्ध हो गया है। ये फोन गूगल के नए प्रगति ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है और यह ट्रांसलेशन और रीड अलाउड जैसे खास फीचरस से लैस है। अब पंजाब के 2जी मोबाइल ग्राहक भी इस सस्ते 4जी मोबाइल से जियो की हाई स्पीड तथा विश्वसनीय 4जी सेवाएं इस्तेमाल कर सकते हैं। जियोफोन नेक्स्ट मात्र 1999 रुपए की डाउनपेमेंट देकर ईएमआई पर खरीदा जा सकता है और बची हुई रकम का पेमेंट 18 से 24 महीने की 300 से 600 रुपए मात्र की ईएमआई में किया जा सकता है। अच्छी बात ये है कि फोन की ईएमआई में ही कॉलिंग और डेटा की कीमत शामिल होगी। इस फोन को मात्र 6499 रुपए में बिना फाइनेंसिंग के भी खरीदा जा सकता है। जियो फोन नेक्स्ट 7000 रुपए के नीचे के सेगमेंट में सबसे अच्छा विकल्प है। इस फोन में कई ऐसे बेहतरीन फीचर्स हैं जो इसको अलग बनाते हैं। जियोफोन नेक्स्ट के कैमरा में ही इनबिल्ट स्नैपचैट और ट्रांसलेशन का फीचर है। ट्रांसलेशन फीचर के जरिए किसी भी भाषा के टेक्स्ट का फोटो खींचकर उसका ट्रांसलेशन अपनी भाषा में कर सकते हैं और उसे सुन भी सकते हैं। साथ ही आप फोन के कैमरा में ऊपर देख सकते हैं कि स्टोरेज के हिसाब से कितने फोटो खींच सकते हैं या कितनी देर की वीडियो रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। जियोफोन नेक्स्ट में 5000 से ज्यादा फोटो स्टोर किए जा सकते हैं।

जियोफोन नेक्स्ट में आप लाइव ट्रांसक्राईब एप का उपयोग कर आसानी से अपनी भाषा में टाइप कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लास के लिए अगर आप फोन बच्चों को देते हैं तो इसमें पेरेंटल कंट्रोल का विकल्प भी है। जियोफोन नेक्स्ट में स्क्रीन रिकॉर्डिंग के लिए नोटिफिकेशन पैनल में बटन है इससे आप स्क्रीन पर जो भी चल रहा है उसकी रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। साथ ही एक टच में ही स्क्रीन शॉट ले सकते हैं। फोन में स्क्रीन रीडिंग और ट्रांसलेशन का बेहतरीन फीचर भी है जो सिर्फ एक टच पर सामने आ जाता है। इसमें आपको हिंदी, पंजाबी सहित 10 भारतीय भाषाओं में अनुवाद की सुविधा मिलती है। इससे आप इन 10 अलग-अलग भारतीय भाषाओं में लिखा टेक्स्ट आसानी से सुन या पढ़ सकते हैं। फोन में आपको ओटीजी सपोर्ट भी है।

# बिटकॉइन सार्वजनिक उच्च स्तर से 30 फीसदी सस्ता



मुंबई, एजेंसी। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को क्रिप्टोकरेंसी बाजार में मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है। आंकड़ों के अनुसार दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत एक फीसदी की गिरावट के देखी जा रही है। वहीं इथेरियम की कीमत में भी गिरावट देखने को मिल रही है। जबकि डॉगकोइन, टेरा, काडानी के दाम में तेजी का महौल बना हुआ है। गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस संघर्ष की वजह से क्रिप्टोकरेंसी के दाम गिरावट देखने को मिली है। बिटकॉइन की कीमत सोमवार को 39,000 डॉलर के स्तर से नीचे रही क्योंकि डिजिटल टोकन एक फीसदी कम होकर 38,605 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। दुनिया की सबसे लोकप्रिय और सबसे बड़ी क्रिप्टोक्यूरेंसी 2022 में अब तक लगभग 18 फीसदी नीचे है। यह पिछले साल नवंबर में अपने 69,000 डॉलर के रिकॉर्ड हाई से लगभग 30 फीसदी दूर है। इस बीच ग्लोबल क्रिप्टोक्यूरेंसी बाजार पूंजीकरण 1.8 ट्रिलियन डॉलर पर है। बीते 24 घंटे में एक फीसदी से ज्यादा कम हुआ है। दूसरी ओर इथेरियम क्रिप्टोकरेंसी भी 0.6 फीसदी गिरकर 2,570 डॉलर हो गई। हालांकि, डॉगकोइन की कीमत मामूली रूप से बढ़कर 0.11 डॉलर हो गई, जबकि शीबा इनु एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 0.000022 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। अन्य डिजिटल टोकन का प्रदर्शन भी मिलाजुला था। एवालांशे, पॉलीगॉन, लिटकोइन, स्टेलर, एक्सआरपी, यूनिस्वैप, सोलाना, पॉलीगॉन, पोलकाडॉट गिरावट के साथ के साथ कारोबार कर रहे थे। हालांकि, टेरा, काडानी पिछले 24 घंटों में इजाफा देखने को मिला है।

# असीमित एंटरटेनमेंट, गेम्स और लॉफ्टर - वूट द खतरा खतरा शो के साथ जोश बढ़ाने के लिए तैयार




चंडीगढ़ : क्या आपने कभी साईकल चलाते हुए फुटबॉल खेली है? या फिर सीसॉ पर झूलते वक्त बॉक्सिंग की है? इस तरह के अनेक गेम्स को धमाकेदार ट्विस्ट देते हुए, वूट भारत का पहला होमग्रोन इंटरैक्टिव कॉमेडी गेम शो - द खतरा खतरा शो प्रस्तुत कर रहा है। डाईनामिक जोड़ी, हार्ष लिंबाचिया और भारती सिंह द्वारा संचालित, इस अत्यधिक प्रतीक्षित शो में अग्रणी कोरियोग्राफर-डायरेक्टर फराह खान फ्राईडे स्पेशल होस्ट के रूप में खतरा क्वोशेंट को बढ़ाते दिखाई देंगी। 13मार्च, 2022 से हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7:00 बजे वूट पर और रात 11:00 बजे कलर्स पर प्रसारित होने वाले इस शो के पहले एपिसोड में लोकप्रिय सेलिब्रिटी प्रतियोगी करन कुंद्रा, प्रतीक सहजपाल, निशांत भट्ट, पुनीत पाठक और विशाल आदित्य सिंह मनोरंजक टास्क और खतरनाक चैलेंजेस के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। उनके साथ बॉलिवुड की सुंदरी जैकलीन फर्नांडिस होस्ट्स के साथ मजेदार नोंक-झोंक करती दिखाई देंगी।हाई-वोल्टेज सेलिब्रिटी ड्रामा, असीमित मनोरंजन, लॉफ्टर और विचित्र चैलेंजेस के साथ खतरा खतरा शो आपकी हर अपेक्षा पूरी करेगा! इसमें 150 से ज्यादा मजेदार गेम्स और टास्क, मनोरंजक डेयर और अजीबोगरीब प्रैंक्स हैं, जो दर्शकों की चहेती सेलिब्रिटीज द्वारा परफॉर्म किए जाएंगे और दर्शकों की दिलचस्पी बनाकर रखेंगे। यह देश का पहला होमग्रोन इंटरैक्टिव शो है, जिसमें वूट के यूजर्स हिस्सा लेकर लोकप्रिय सेलिब्रिटीज को कुछ दिलचस्प गेम्स और चुनौतीपूर्ण टास्क दे सकते हैं। पहले एपिसोड में एक विशेष सेगमेंट ह्यफराह का चैलेंजह्न होगा, जिसमें यूजर्स फराह द्वारा दिए गए चैलेंज परफॉर्म कर अपने वीडियो सबमिट कर सकेंगे। इस शो में कुछ अन्य इंटरैक्टिव सेगमेंट्स जैसे फराह के फंकार, डिमांड पे रिमांड, इंडिया की फटकार, अनाड़ी नं. 1 और खतरा फन मीटर आदि होंगे, जिनके द्वारा दर्शक प्रतियोगियों द्वारा परफॉर्म किए जाने के लिए गेम्स चुन सकेंगे, पनिशमेंट दे सकेंगे, एपिसोड को रेटिंग दे सकेंगे और ऐसे अनेक काम कर सकेंगे।खतरावैगन में शामिल होते हुए फराह खान ने कहा, ह्यह्यभारती और हार्ष के ह्यूमर की मैं फैन हूँ। मैं द खतरा खतरा शो में उनके साथ आकर बहुत खुश हूँ। शो के फ्राईडे स्पेशल होस्ट के रूप में मैं देश की चहेती सेलिब्रिटीज को चुनौतीपूर्ण टास्क दिए जाने का उत्सुकता से इंतजार कर रही हूँ। यह उनके सभी फैंस के लिए एक बड़ा सरप्राईज होने वाला है। यह शो आकर्षक गेम्स और दिलचस्प पनिशमेंट्स द्वारा कलाकारों के ऑफ-स्क्रीन पहलू को दिखाएगा।ह्लह्लइसके आगे हार्ष लिंबाचिया ने कहा, ह्यह्यखतरा खतरा शो मेरे लिए एक बेहतरीन रचनात्मक सफर है। आप भिन्न-भिन्न रोमांचक गेम्स बनाकर फन फैक्टर को बढ़ा सकते हैं और सुनिश्चित कर सकते हैं कि प्रतियोगियों के लिए यह आसान न रहे। यह दर्शकों और हमारे लिए, दोनों के लिए बहुत दिलचस्प होगा। यह प्रतियोगियों के लिए आसान नहीं होगा (हंसता है)। साथ ही हमारे दर्शकों को यह दिलचस्प और अद्वितीय शो दिखाने के लिए वूट सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म है।ह्लह्लभारती सिंह ने कहा, ह्यह्यइस शो का फॉर्मेट पारंपरिक फॉर्मेट से बहुत अलग है। हमें प्रतियोगियों के लिए टास्क तैयार करने के लिए अपने अंदर की क्रिएटिविटी को चैनलाईज करना पड़ा। लेकिन होस्ट के रूप में लोगों को फन टास्क और चैलेंजेस द्वारा सजा देना सबसे मजेदार है। मुझे उम्मीद है कि हमेशा की तरह ही यह शो भी दर्शकों को बहुत पसंद आएगा और वादा करते हैं कि हम उनका मनोरंजन कर उन्हें हंसाते रहेंगे।'

# आईसीसी महिला विश्वकप : बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराकर पहली जीत दर्ज की

हैमिल्टन, एजेंसी। बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को नौ रनों से हराकर आईसीसी महिला एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप में पहली जीत हासिल की है। बांग्लादेशी टीम की इस जीत में उसके बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन के साथ ही गेंदबाजों की भी अहम भूमिका रही। फाहिमा खातून ने 38 रन देकर तीन खिलाड़ियों को आउट कर पाक बल्लेबाजी क्रम को ढ़हा दिया। इसके अलावा अन्य गेंदबाजों ने भी लगातार विकेट लिए।

इस मैच में जीत के लिए मिले 235 रनों के लक्ष्य का पीछ करते हुए पाकिस्तानी टीम निर्धारित ओवरों में 9 विकेट पर 225 रनों ही बना पायी। पाक की सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 104 रनों की शतकीय पारी खेली पर इसके बाद भी वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायीं। जीत के लिए मिले लक्ष्य लक्ष्य का पीछा करते हुए पाक टीम की शुरूआत अच्छी रही। सिदरा ने पहले विकेट के लिये नाहिदा खान के साथ 91 रन बनाये। इन दोनो के बीच 91 रन की भागीदारी हुई। वहीं इसके बाद सिदरा ने बिस्माह मरूफ 31 रन के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन जोड़े।



सिदरा की शानदार बल्लेबाजी से पाक टीम योजना के अनुसार तय लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी। टीम ने दो विकेट पर ही 183 रन बना लिए पर इसके बाद बांग्लादेश की गेंदबाज फाहिमा खातून ने तीन विकेट लेकर मैच का रुख ही पलट दिया। पाक टीम ने केवल पांच रनों के अंदर ही अपने पांच बल्लेबाज खो दिए। इस कारण पूरी टीम नौ विकेट पर 225 रन ही बना सकी। फाहिमा ने ओमेमा सोहेल को एक जबकि आलिया रियाज , फातिमा सना को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया जबकि रूमाना अहमद ने निदा डार को विकेट लिया। निदा भी शून्य पर ही आउट हुईं। सिदरा के रन आउट होने से पाक की बची हुई उम्मीद भी टूट गयी। इसी के साथ ही पहली बार विश्वकप खेल रही बांग्लादेशी टीम को पहली जीत मिली है।

इससे पहले उसे दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं दूसरी ओर पाक टीम अपने चौथे मैच में ही हार के कारण अंक तालिका में सबसे निचले क्रम पर आ गयी है। पाकिस्तान को अपने चौथे मैच में चौथी हार का सामना करना पड़ा है। यह पाक की महिला विश्व कप में लगातार 18वीं हार है। वहीं इससे पहले पाक ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। बांग्लादेश ने फरगना होक की 71 रन की पारी के साथ ही शर्मिन अख्तर 44 और कप्तान निगार सुल्ताना के 46 रनों की सहायता से सात विकेट पर 234 रन बनाये।

फरगना ने तीसरे विकेट के लिए सुल्ताना के साथ 96 रन की साझेदारी कर बांग्लादेश को एक अच्छे स्कोर तक पहुंचाया। सलामी बल्लेबाज शमिमा सुल्ताना और शर्मिन अख्तर ने बांग्लादेश को अच्छी शुरूआत दिलायी पर पाक की निदा डार ने शमिमा को आउट कर बांग्लादेश को पहला झटका दिया। बाएं हाथ की स्पिनर नशरा संधू और लेग स्पिनर गुलाम फातिमा ने फिर कसी गेंदबाजी की जिसके बाद ओमेमा सोहेल ने दूसरी सलामी बल्लेबाज को आउट कर 20वें ओवर में बांग्लादेश का स्कोर दो विकेट पर 79 रन कर दिया।

निगार सुल्ताना और होक ने 73 गेंद में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की और 37वें ओवर तक बांग्लादेश को 150 रन के स्कोर तक पहुंचा दिया। होक ने 89 गेंद में अपना अर्धशतक लगाया पर निगार सुल्ताना 40वें ओवर में फातिमा सना की गेंद पर आउट हो गईं। संधू ने फिर तेजी से तीन विकेट लिए जिसमें 47वें ओवर में लगातार गेंदों पर दो विकेट शामिल थे। इससे बांग्लादेश की टीम अंतिम ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

# दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम में नहीं हुआ बदलाव




ब्रिजटाउन, एजेंसी। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने 16 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। यह मैच केंसिंग्टन ओवल में 16 से 20 मार्च तक खेला जाएगा। पहले टेस्ट मैच के ड्रॉ रहने के बाद तीन मैचों की सीरीज बराबरी पर है। क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य चयनकर्ता डॉ. डेसमंड हेन्स ने कहा है कि एंटीगुआ में यह पहला मुकाबला कठिन था जिसमें टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। उसको देखते हुए हमने बारबाडोस में दूसरे मैच के लिए उन्हीं 13 खिलाड़ियों को शामिल किया है। बोनर ने जिस प्रकार पहले मैच में खेला उसको देखते हुए उन्हें भी टीम में बरकरार रखा है। इसके अलावा टीम के गेंदबाजों ने भी पूरी क्षमता से खेला है। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए वेस्टइंडीज टीम इस प्रकार है।

क्रेग ब्रैथवेट (कप्तान), जर्मेन ब्लैकवुड (विकेटकीपर), नक्रमाह बोनर, शमरह ब्रूक्स, जॉन कैंपबेल, जोशुआ डा सिल्वा, जेसन होल्डर, अल्जारी जोसेफ, काइल मेयर्स, वीरासामी पर्मौल, एंडरसन फिलिप, केमार रोच, जेडन सील्स

## संक्षिप्त समाचार

### रणजी में झारखंड ने 880 रन बनाकर रिकार्ड बनाया

कोलकाता, एजेंसी। झारखंड के बल्लेबाजों ने नागालैंड के खिलाफ रणजी ट्रॉफी प्री-क्वार्टर फाइनल में 880 रन की सबसे बड़ी पारी खेलकर एक नया विश्व रिकार्ड बनाया है। यह टूनामेंट के इतिहास की चौथी सबसे बड़ी पारी है। मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से झारखंड ने प्लेट ग्रुप टॉपर नागालैंड के खिलाफ 5 दिवसीय मुकाबले में तीसरे दिन 800 रनों से अधिक बनाये। इस दौरान विकेटकीपर कुमार कुशाग्र ने दोहरा शतक लगाने के साथ ही 266 रन बनाये जबकि विराट सिंह ने 107 रन और स्पिनर शाहबाज नदीम ने 177 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा प्रथम श्रेणी शतक लगाया। झारखंड की टीम ने इस प्रकार 880 रन बनाये। रणजी में कुल 800 से अधिक के स्कोर का यह सातवां उदाहरण था और ईडन गार्डन्स में सबसे बड़ा स्कोर था।

### डु प्लेसिस के कप्तान बनने पर हैरानी नहीं हुई : गावस्कर



मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि फाफ डु प्लेसिस के रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के कप्तान बनने से वह हैरान नहीं हैं। डु प्लेसिस को आईपीएल 2022 मेगा नीलामी में आरसीबी ने 7 करोड़ रुपए में खरीदा था। गावस्कर ने कहा कि कप्तानी अनुभव का भार, नेतृत्व की गुणवत्ता का भार जो आप डु प्लेसिस में देखते हैं। उससे मैं बिल्कुल भी हैरान नहीं हूं। उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका का कप्तान रहते हुए डु प्लेसिस ने जिस प्रकार से टीम को आगे बढ़ाया है। वह देखने वाली बात है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट में एक समय ऐसा भी आया जब थोड़ी उथल-पुथल मची हुई थी। तबहवह टीम को एक साथ लाने और दक्षिण अफ्रीका को शीर्ष पर पहुंचाने में सफल रहे। आरसीबी द्वारा फाफ को कप्तानी सौंपने का फैसला काफी अच्छा है। उन्होंने कहा कि एबी डिविलियर्स के संन्यास के बाद अब डु प्लेसिस बल्लेबाजी की शुरूआत करेंगे। वह आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करना चाहते हैं, रास्ता दिखाना चाहते हैं। आरसीबी के लिए यह रोमांचक समय है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने दूसरे मुकाबले में जर्मनी को हराया



भुवनेश्वर, एजेंसी। भारतीय महिला हॉकी टीम ने प्रो हॉकी टीम के दूसरे चरण के अपने दूसरे मुकाबले में मेहमान टीम जर्मनी को पेनल्टी शूट आउट में 3-0 से हरा दिया। इस मैच में जर्मनी की फेलिसिया वीडरमैन ने 29वें मिनट में ही एक गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारतीय टीम की ओर से निशा ने 40वें मिनट में एक गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं रही और मुकाबला पैनाल्टी शूट आउट में चला गया। इसमें भारत की तरफ से संगीता कुमारी, सलीमा टेटे और सोनिका ने गोल किया जबकि जर्मनी की ओर से खेल खिलाड़ी गोल नहीं मार सकी। इससे भारतीय टीम को जीत मिल गयी।

इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने पहले मैच में जर्मनी के हाथों मिली 2-1 की हार का हिसाब भी बराबर कर लिया। भारतीय टीम को इस जीत के साथ ही बोनस अंक भी मिला है।



बार्सिलोना में ला लिगा फुटबॉल मुकाबले में गेंद के लिए संघर्ष करते हुए खिलाड़ी।

# ख्वाजा , कैरी की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया का विशाल स्कोर , 505/8

कराची, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया ने मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी पहली पारी में 8 विकेट पर 505 रन बना लिए थे। मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया की ओर से उस्मान ख्वाजा के शतक 160 रनों के बाद निचले क्रम के बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने शानदार अर्धशतक लगाते हुए 93 रन बनाये और पाक गेंदबाजों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कैरी को पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम ने अपना शिकार बनाया।

कैरी और मिशेल स्टार्क ने धीमे विकेट पर 98 रन की साझेदारी बनाकर मेजबान गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। वहीं स्टार्क ने भी 28 रन बनाकर कैरी का अच्छा साथ दिया। वहीं इससे पहले बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 160 रनों की पारी खेली थी। मेहमान ऑस्ट्रेलियाई टीम ने एशिया में 14 साल में एक टेस्ट पारी में सबसे ज्यादा ओवर तक बल्लेबाजी का रिकार्ड बनाया है। इससे पहले साल 2008 में उसने दिल्ली में भारत के खिलाफ 179.3 ओवर तक बल्लेबाजी की थी और पूरी टीम ने 577 रन बनाए थे। कैरी और स्टार्क ने अपनी साझेदारी के दौरान पाकिस्तानी गेंदबाजों पर दबाव बनाये रखा।

इससे पहले सुबह ऑस्ट्रेलियाई टीम के ख्वाजा ने 127 रन से पारी आगे बढ़ायी पर 160 रन बनाकर वह आउट हो गये । वहीं पाक की ओर से ऑफ स्पिनर साजिद खान ने 151 रन देकर दो विकेट लिए जिसमें ख्वाजा का विकेट भी शामिल था। पाक ने दूसरे सत्र में तीन विकेट लिए जिसमें साजिद ने दो जबकि बाएं हाथ के स्पिनर नौमान अली ने 115 रन देकर एक विकेट लिया। कैमरून ग्रीन 28 रन बनाकर आउट हुए।

इससे पहले पाक के लिये सुबह का सत्र निराशाजनक रहा, जिसमें उसे एकमात्र विकेट नाथन लियोन 38 का मिला। पिच सपाट पिच होने के कारण पाक गेंदबाज विकेट के लिए संघर्ष करते रहे।

# टी20 विश्व कप से पहले अहम रहेगी दक्षिण अफ्रीका सीरीज

मुम्बई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम जून में अपनी ही धरती पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक टी20 सीरीज खेलेगी। 5 मैचों की इस घरेलू टी20 सीरीज का आयोजन आईपीएल के 15 सत्र के समाप्त होने के बाद होगा। इसके मुकाबले कटक, विशाखापत्तनम, दिल्ली, राजकोट और चेन्नई में खेले जाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार इस सीरीज का पहला टी20 मैच 9 जून को जबकि 5वां और अंतिम मुकाबला 19 जून को खेला जाएगा। इस साल के अंत में होने वाले ऑस्ट्रेलिया में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले टी20 विश्व कप को देखते हुए ही यह सीरीज दोनों टीमों के लिए अहम बतायी जा रही है। भारतीय क्रिकेट टीम के हौसले इस समय बुलंद हैं।

टीम इंडिया इस समय आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम है। भारतीय टीम ने लगातार 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीतकर अफगानिस्तान के सबसे ज्यादा मैच जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। टीम इंडिया के पास दक्षिण अफ्रीका को हराकर अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज करने का अवसर होगा। भारतीय टीम के लिए यह साल बेहद व्यस्त रहने वाला है.

भारतीय टीम को जून में आयरलैंड का भी दौरा करेगीहै। क्रिकेट आयरलैंड के जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों टीमों के बीच जून के अंतिम सप्ताह में 2 टी20 मुकाबले खेले जाएंगे। सीरीज का पहला टी20 मैच 26 जून को जबकि दूसरा 28 जून को खेला जाएगा। भारतीय टीम इससे पहले अंतिम बार साल 2018 में आयरलैंड गयी थी।

# श्रीलंका को जीत के लिए चाहिये 419 रन

बेंगलुरु, एजेंसी। श्रीलंकाई टीम को पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में जीत के लिए अभी भी 419 रनों की जरुरत है जबकि उसके पास नौ विकेट हैं। श्रीलंकाई टीम ने भारतीय टीम से मिले 447 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक एक विकेट पर 28 रन बना लिए थे।



दिन-रात्रि के इस मैच में भारतीय टीम ने श्रेयस अय्यर के 92 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 252 रन बनाये थे। वहीं इसके बाद श्रीलंकाई टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी और 109 रनों पर ही आउट हो गयी। सबसे ज्यादा 43 रन एंजिलो मैथ्यूज ने बनाये। वहीं भारतीय टीम की और से जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक पांच विकेट लिए। पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम को 143 रनों की बढ़त मिली है। भारतीय टीम ने इसके बाद अपनी दूसरी पारी 9 विकेट पर 303 रन पर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी और इस प्रकार मेहमान टीम श्रीलंका को जीत के लिए 447 रनों का लक्ष्य मिला। जीत के लिए मिले 447 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की दूसरी पारी की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। भारतीय गेंदबाजों ने बल्लेबाज लाहिरू थिरिमाने को खाता खोले बिना ही पेवलियन भेज दिया।

वहीं इससे पहले भारतीय टीम की दूसरी पारी में भी श्रेयस ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए 67 रन बनाए। ऋषभ पंत ने तेजी से अर्धशतक लगाया। ऋषभ ने 46 गेंदों में ही 50 रन बना दिये।

हनुमा विहारी 35 रन बनाकर बोल्ड हुए जबकि कप्तान रोहित शर्मा ने भी 46 रनों की पारी खेली पर पूर्व कप्तान विराट कोहली फिर नाकाम रहे और 13 रन ही बना पाये।

# लवलीना और निकहत ने एशियाई खेलों के लिये प्रवेश हासिल किया

नई दिल्ली, एजेंसी। महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन ने एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला मुक्केबाजी टीम में जगह बनायी है। लवलीना ने चयन ट्रायल फाइनल्स जीता जबकि जरीन ने ट्रायल्स के बाद 51 किग्रा वजन वर्ग जबकि बोरगोहेन ने 69 किग्रा से अपना स्थान बनाया। दोनों ने विश्व चैम्पियनशिप के लिये भी टीम में जगह बनायी थी पर जरीन ने पिछले सप्ताह हुए ट्रायल्स में 52 किग्रा वर्ग के लिये क्वालीफाई किया था जबकि बोरेगोहेन ने 70 किग्रा से जगह बनायी। एशियाई खेलों के ट्रायल फाइनल्स में लवलीना ने रेलवे की मुक्केबाज पूजा को हराया जबकि जरीन ने 2019 विश्व चैम्पियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी को पराजित किया।

विश्व चैम्पियनशिप के ट्रायल्स पिछले सप्ताह कराये गये थे। गौरतलब है कि एशियाई खेलों के लिये तीन वर्गों 57 किग्रा, 60 किग्रा और 75 किग्रा के लिये भी चयन की पुष्टि की गयी। एशियाई खेलों में पांच महिला वर्ग होंगे।



मनीषा ने 57 किग्रा ट्रायल मुकाबले में जीत दर्ज कर दोनों टूनार्मेंट के लिये जगह पक्की की जबकि जैसमीन ने 60 किग्रा और अनुभवी स्वीटी बूरा ने 75 किग्रा से प्रवेश किया। गौरतलब है कि विश्व चैम्पियनशिप छह मई से इस्तांबुल में शुरू होगी जो बोरगोहेन के लिये एक तरह से वापसी टूनार्मेंट होगी क्योंकि टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद वह किसी प्रतियोगिता में नहीं खेली हैं।

एशियाई खेलों के लिये भारतीय महिला टीम इस प्रकार हैः

निकहत जरीन (51 किग्रा), मनीषा (57 किग्रा), जैसमीन (60 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (69 किग्रा) और स्वीटी बूरा (75 किग्रा)।

# ओसाका बीएनपी परिबास ओपन में हार से ज्यादा दर्शकों के रवैये से नाराज



इंडियन वेल्स, एजेंसी। जापान की महिला टेनिस स्टार नाओमी ओसाका बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूनार्मेंट में हार के साथ ही बाहर हो गयीं। ओसाका को का सामना करना पड़ा है। ओसाका को दूसरे दौर में रूस की वेरोनिका कुदेरमेतोवा ने आसानी से 6-0, 6-4 से हराया। इस मैच में हार से ज्यादा ओसाका दर्शकों के रवैये से निराश नजर आयीं। ओसाका जब पहले सेट में पीछे चल रही थी तो एक महिला दर्शक ने उन्हें स्टैंड से ही अभद्र बातें कहीं। इससे नाराज यह खिलाड़ी चेयर अंपायर के पास पहुंची और उनसे कार्रवाई करने को कहा पर अंपायर ने कहा कि किसी इस प्रकार की बातें कहीं हैं उसका पता नहीं चला है। इसलिए किसी के खिलाफ कार्रवाई संभव नहीं है।

# धोनी की तरह है मेरी कप्तानी का तरीका : डुप्लेसी



बेंगलुरू, एजेंसी। विराट कोहली की जगह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के कप्तान बनाये गये दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को आईपीएल के 15 वें सत्र में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। टीम की कप्तानी के लिए तैयार डुप्लेसी के अनुसार उनके नेतृत्व का तरीका भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तरह ही है। डुप्लेसी भी आरसीबी में आने से पहले धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में शामिल रहे हैं।

इस क्रिकेटर ने कहा, ह्यमैं भाग्यशाली हूं कि मैं क्रिकेट में अपनी यात्रा में कुछ शानदार कप्तानों के साथ खेला। मैं दक्षिण अफ्रीका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ कप्तान ग्रीम स्मिथ के साथ खेलते हुए बड़ा हुआ ह्ल उन्होंने कहा, ह्यइसके बाद 10 साल धोनी और स्टीफन फ्लेमिंग के साथ मैं रहा ह्ल डुप्लेसी ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि धोनी और मेरी कप्तानी के तरीके में काफी समानता है क्योंकि हम दोनों ही बहुत शांत व्यक्तित्व वाले हैं ह्ल

उन्होंने कहा, ह्यजब मैंने चेन्नई के साथ शुरूआत की थी तो दक्षिण अफ्रीका में कप्तानी संस्कृति को देखते हुए मुझे धोनी पूरी तरह से अलग लगे थे ह्ल

उन्होंने कहा, ह्यमुझे फिर पता चला कि कप्तानी के अलग तरीके हो सकते हैं पर अपना तरीका होना अहम है क्योंकि जब दबाव आता है तो खुद का तरीका ही काम आता है। इसलिए मैं विराट कोहली की कप्तानी की शैली नहीं अपना सकता क्योंकि मैं विराट कोहली नहीं हूं। मैं धोनी की तरह की कप्तानी की कोशिश भी नहीं कर सकता ह्ल

डुप्लेसी ने कहा, ह्यलेकिन मैंने कुछ चीजें सीखी हैं जिससे मेरी कप्तानी की शैली में मदद मिली। मैं इस यात्रा के लिए आभारी ह्ल आरसीबी को आईपीएल में अपना पहला मुकाबला मुंबई में पंजाब किंग्स से खेलना है।

# सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम से मुंबई को रहेंगी उम्मीदें



दुबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 सत्र सत्र में सिंगापुर के युवा खिलाड़ी टिम डेविड से मुंबई इंडियंस को काफी उम्मीदें रहेंगी। टिम को मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने 8.25 करोड़ रुपए की भारी भरकम राशि में खरीदा है। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर शेन वॉटसन के अनुसार बड़ी राशि मिलने से टीम की भी आपसे अपेक्षाएं बढ़ जाती है जिससे खिलाड़ी पर दबाव आता ही है। साथ ही कहा कि यह तब तक नहीं है जब तक आप खेल में हैं। यह तब भी रहता है जब आप मैदान से बाहर रहते हैं। इसलिए खिलाड़ी को हमेशा बेहतर प्रदर्शन के लिए अपने को मानसिक रुप से भी तैयार रखना होता है। यह तभी संभव होता है जब आप दबाव को झेलते हैं और उससे कैसे बाहर निकलते हैं उसका विचार करते हैं। मैंने ऐसे कई खिलाड़ी देखे हैं जिन्हें यह उम्मीद थी और वे इसके तहत आगे बढ़े। बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर उस तरह के खिलाड़ी हैं जिनपर दबाव का प्रभाव नहीं पड़ा।

वहीं कई खिलाड़ी ऐसे भी है जिनका खेल दबाव के कारण बेकार हो गया। सिंगापुर के टिम बीबीएल में खेलते हैं। उन्हें पहली बार आईपीएल में खेलने का मौका मिला है और वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। इसलिए वहां दबाव होगा। विश्व स्तर के शीर्ष खिलाड़ियों के होने के कारण आईपीएल में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिली है। इससे भी मुकाबले कठिन होते हैं और खिलाड़ियों पर दबाव आता है।

# बॉडी की स्ट्रेंथ बढ़ाने के व्यायाम

**व्यायाम करना सेहत के लिए बेहद आवश्यक माना गया है। व्यायाम आपको निरोगी बनाने के साथ-साथ आपकी बॉडी का स्टेमिना और स्ट्रेंथ भी बढ़ती है। तो चलिए आज हम आपको कुछ ऐसे व्यायाम के बारे में बता रहे हैं जो आपकी अपर बॉडी की स्ट्रेंथ को बढ़ाने का काम करते हैं-**

**पुल अप्स :** अपर बॉडी स्ट्रेंथ बढ़ाने के लिए पुल अप्स का अभ्यास करना एक काफी अच्छा व्यायाम साबित हो सकता है। इसका अभ्यास करने के लिए आप थोड़ी ऊंचाई पर फिट रॉड को पकड़ें और सिर्फ अपने हाथों के जोर पर अपने शरीर को ऊपर की तरफ लेकर जाएं। इस एक्सरसाइज के दौरान आपके शरीर का सारा भार आपके कंधों पर होता है।

**पुश अप्स :** अपर बॉडी को बेहतर बनाने के लिए पुशअप्स की प्रैक्टिस भी अवश्य करनी चाहिए। आप शुरूआत नॉर्मल पुशअप्स या वॉल पुशअप्स से कर सकते हैं। जब एक से दो महीने में आप रोजाना इसका अभ्यास करने से अभ्यस्त हो जाएंगे तो आप कई तरह के पुशअप्स जैसे क्लोज पुशअप्स, वाइडर पुशअप्स व क्लैप पुशअप्स आदि का अभ्यास करें। इससे आपकी अपर बॉडी पर ज्यादा प्रभाव डालते हैं।

**बेंच प्रेस व चेस्ट प्रेस :** अगर आप जिम जाते हैं तो आपने इसका अभ्यास वहां पर अवश्य किया होगा। बेंच प्रेस का अभ्यास करने के लिए आप सबसे पहले बेंच पर लेट जाएं और फिर रॉड पर दोनों तरफ करीबन 5-5 किलो वेट लगाकर करीबन दस रैप के तीन सेट करें। आप बेंच प्रेस की तरह ही चेस्ट प्रेस का भी अभ्यास भी किया जाता है, लेकिन इसमें आप रॉड के स्थान पर डम्बल का इस्तेमाल करें।



## फायदेमंद मखाना



मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है।मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है। सूखे मेवे में शामिल होने वाले मखाना को, भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में इस्तेमाल में किया जाता है। इनमें सोडियम, कैलोरी और फैट की मात्रा कम होती है। अगर आप मखाने को नियमित तौर पर अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो आपको कई रोगों से छुटकारा मिलने के साथ ही अनगिनत स्वास्थ्य लाभ भी होते हैं। मखाने खाने से लंबे वक्त तक पेट भरे होने का असहास होता है जिसकी वजह से अनहेल्दी चीजों के लिए क्रेविंग नहीं होती।

**वेट लॉस**

मखाने में एथेनोल नामक एक तत्व पाया जाता है। जो हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता हैं। मखाना कमल के बीच से प्राप्त होता है। जो मोटापे को कंट्रोल करने में मदद कर सकता है।

**हार्ट**

मखाने को हार्ट के लिए बहुत लाभदायक माना जाता है। मखाने में एल्केलाइड नामक तत्व पाया जाता है, जिसमें कुछ खास पोषक तत्व होने से ये हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है। sमखाने खाने हार्ट के लिए फायदेमंद माने जाते हैं।

**प्रोटीन**

मखाने में प्रोटीन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। मखाने खाने से प्रोटीन की कमी को पूरा किया जा सकता है। मखाने प्रोटीन के साथ-साथ शरीर को कई बीमारियों से बचाने में मदद कर सकता है।

**मसूड़ों**

मखाने में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल प्रभाव पाए जाते हैं। मखाने में पाए जाने वाले यह दोनों गुण मसूड़े संबंधित सूजन और बैक्टीरियल प्रभाव के कारण होने वाली सड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं।

**कब्ज**

मखाने में भरपूर मात्रा में फाइबर के गुण पाए जाते हैं जो पेट की समस्या गैस, अपच की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है। मखाने में फाइबर के साथ-साथ आयरन, कैल्शिय के तत्व भी पाए जाते हैं।

## जंक फूड के बजाए अपनाएं ये हेल्दी स्नैक्स

भोजन के बीच में स्नैकिंग अच्छा है या खराब? ये बार-बार पूछा जानेवाला सवाल है जिसे लोग स्वास्थ्य विशेषज्ञ या न्यूट्रनिशनिस्ट से जानना चाहते हैं। कहा जाता है कि ये बहुत कुछ आपके ऊपर निर्भर है। अगर आप सचमुच भूखे हैं, या फूड का हेल्दी और छोटा हिस्सा दिन भर खाते हैं, तो ये नुकसानदेह नहीं है लेकिन इसके पीछे अगर इमोशनल इटिंग (बिना भूख के खाने लगना) आपकी मंशा है, और आप सैचुरेटेड फैट, नमक या शुगर में अधिक डिब्बाबंद फूड को लालसा पूरी करने के लिए चुनते हैं, तो स्नैकिंग आपकी जिंदगी का दुश्मन हो सकता है।

**स्नैकिंग आपके लिए कब हो सकता है नुकसानदेह?**

न्यूट्रिशनिस्ट रियान फरनाडो कहते हैं, स्नैकिंग आपके लिए उस वक्त तक नुकसानदेह नहीं है जब तक कि आप गैर सेहतमंद सामग्री का सेवन न करें। उसके बजाए ये आपको देर तक भरा रखने में मदद कर सकता है और गैर सेहतमंद फूड्स के प्रति आपकी लालसा को कम करता है। खाने के विकल्पों में सचेत नहीं रहने पर गलत स्नैक को हम चुन सकते हैं और उसके नतीजे में वजन बढ़ सकता है और कई स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। लेबल पर दिखाई देनेवाले अधिकतर हेल्दी प्रोडक्ट्स अक्सर खराब फैट और शुगर में अधिक होते हैं। स्नैक के विकल्प जैसे चिप्स में पोषण मान नहीं होता है लेकिन फैट्स, सोडियम और अधिक कैलोरी में भरपूर होता है

**भोजन के बीच में हमें स्नैकिंग की इच्छा क्यों होती है?**

न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि मौजूदा पोषक तत्वों की कमी या आपकी डाइट में खास पोषक तत्वों के अभाव की वजह से ये हो सकता है। मिसाल के तौर पर, अगर आपको चॉकलेट खाने की इच्छा है, तो आपके शरीर में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है, जिसकी पूर्ति नट्स, सीड्स और फलों से होने की संभावना है। उनका कहना है कि जेनेटिक्स भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने कुछ हेल्दी स्नैक्स के सुझाव दिए हैं जो खराब स्नैक्स का विकल्प हो सकते हैं और आपके वजन कम करने में मदद कर सकते हैं।



- कैंडी या चॉकलेट के बजाए फल
- चिप्स के बजाए पॉपकॉर्न
- बिस्कुट के बजाए मूंगफली का मक्खन टोस्ट

## 20 से 30 की उम्र में अपनाएं ये टिप्स



**20 से 30 साल की उम्र में हमारा स्वास्थ्य बिल्कुल ठीक होता है। जिस कारण त्वचा पर भी हमेशा ग्लो रहता है। लेकिन हम भूल जाते हैं कि अगर अभी त्वचा की देखभाल नहीं की, तो आगे चलकर ढीली त्वचा, बेजान व रूखी त्वचा जैसी परेशानियां हो सकती हैं। जो लोग 20 से 30 साल की उम्र में यहां बताए जा रहे टिप्स अपना लेते हैं, जिंदगीभर उनकी त्वचा में चमक और जवानी रहती है।**

**हाइड्रेशन है सबसे जरूरी**

त्वचा को बिल्कुल दोषरहित बनाने के लिए हाइड्रेशन सबसे जरूरी है। जो कि त्वचा को रूखा होने से बचाता है और नमी प्रदान करता है। इसके लिए 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को रोजाना 3 लीटर के आसपास पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही हफ्ते में 1 से 2 बार चेहरे पर हाइड्रेशन मास्क भी लगा सकते हैं।

**मॉश्चराइजर सभी के लिए**

ऑयली स्किन वाले लोगों को लगता है कि उन्हें मॉश्चराइजर की जरूरत नहीं है। लेकिन ऐसा नहीं होता। चाहे आपकी स्किन ड्राई हो या ऑयली या फिर नॉर्मल। हर किसी के लिए मॉश्चराइजर जरूरी है, जो स्किन को चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

**सनस्क्रीन का इस्तेमाल करते हैं क्या?**

बुढ़ापे तक त्वचा को चमकदार बनाने के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। क्योंकि, इससे ना सिर्फ सूरज की हानिकारक किरणों से सुरक्षा मिलती है, बल्कि त्वचा को पोषण भी बना रहता है।

**मसाज भी करना चाहिए**

ग्लोइंग स्किन के लिए सही ब्लड सर्कुलेशन बहुत जरूरी है। जिससे त्वचा को पर्याप्त पोषण मिलता है। 20 से 30 साल की उम्र में आप नियमित रूप से चेहरे पर मसाज करें या फिर आप किसी प्रोफेशनल की मदद भी ले सकते हैं। जो आपको मसाज करने का सही तरीका व आपकी त्वचा के लिए जरूरी प्रॉडक्ट्स का चुनाव करने में भी मदद करेगा।

## भीगी हुई मूंगफली के स्वास्थ्य लाभ



**विटामिन और मिनरल्स से भरपूर मूंगफली के कई स्वास्थ्य लाभ हैं। ये नट्स बीटा सिटोस्टेरॉल से भरपूर होते हैं, जो आपको कैंसर से सुरक्षित रख सकते हैं। इसमें आयरन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक की भी अच्छी मात्रा होती है, जो आपके शरीर के लिए जरूरी है। आइए, जानते हैं रोजाना भीगी हुई मूंगफली खाने के कुछ और कारण।**

- यूएसडीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक 100 ग्राम मूंगफली में 567 किलो कैलोरी,16 ग्राम कार्बोहाइड्रेट ,9 ग्राम आहार फाइबर, 4 ग्राम चीनी, 26 ग्राम प्रोटीन, 49 ग्राम कुल फैट होता है।
- मूंगफली में कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण होते हैं, जो आपको विभिन्न दिल संबंधी समस्याओं से सुरक्षित रखते हैं। मूंगफली का यह कार्डियोप्रोटेक्टिव गुण लंबे समय में दिल रोग के जोखिम को कम करने में मदद करता है और शरीर में खून परिसंचरण में भी सुधार करता है।
- अगर आप कमर दर्द से परेशान हैं, तो मूंगफली को गुड़ के साथ भिगोकर खा सकते हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक मूंगफली खाने से कमर दर्द से राहत मिल सकती है।
- मूंगफली बीटा-सिटोस्टेरॉल से भरपूर होती है, जो कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम करता है। यह ट्यूमर, विशेष रूप से स्तन कैंसर के विकास को भी रोकता है। शोध के मुताबिक हफ्ते में तीन बार किसी भी रूप में मूंगफली खाने से कैंसर का खतरा 58 फिसदी तक कम हो जाता है।
- मूंगफली प्रोटीन, वसा और फाइबर का एक अच्छा मिश्रण है। इन पोषक तत्वों के कारण, मूंगफली मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देती है और लंबे समय तक पेट को भरा रखती है। मूंगफली खाने से आपको भूख कम लगती है और आप खाना कम खाते हैं जिसकी वजह से वजन कम करने में मदद

## सिरदर्द की समस्या दूर करे बड़ी इलायची

**सिरदर्द**

बड़ी इलायची सिरदर्द की समस्या से राहत दिलाने में मददगार मानी जाती है। इतना ही नहीं इसको खाने से शरीर दर्द और थकावट को भी दूर किया जाता है। अगर आपके शरीर में कहीं भी दर्द है तो आप इसे पीस कर शहद के साथ सेवन कर सकते हैं।

**मुंह की दुर्गंध**

मुंह की दुर्गंध को दूर करने के लिए बड़ी इलायची को लाभकारी माना जाता है। मुंह की बदबू को दूर करने के लिए आप बड़ी इलायची को चबा-चबा कर खाएं, इससे मुंह की बदबू दूर हो सकती है।



**स्किन**

स्किन के लिए भी बड़ी इलायची काफी फायदेमंद मानी जाती है। बड़ी इलायची का सेवन करने से मुंहासों की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है। इतना ही नहीं ये त्वचा को चमकदार बनाने में भी मदद कर सकती है।

**कैंसर**

कैंसर के खतरे को कम करने के लिए बड़ी इलायची काफी मददगार मानी जाती है। बड़ी इलायची में एंटी-ऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं। जो कैंसर कोशिकाओं को विकसित नहीं होने देते हैं। और कैंसर जैसी बीमारी को दूर रखने में मदद कर सकते हैं।

## बरसात के मौसम में कैसा हो भोजन

**बरसात का मौसम आने वाला है| ये सीजन लोगों में खुशहाली लेकर आता है| हर किसी को यह मौसम काफी लुभाता है| बरसात के दिनों में चाय व गरमागरम पकौडे का सेवन करने का अलग ही मज़ा होता है। इस मौसम में हमें अवश्य अपने खाने पीने का ध्यान रखना चाहिए वरना फूड पॉइजनिंग, पीलिया, हैजा जैसी घातक बीमारियां हमें घेर लेती हैं। आज हम आपको बता रहे हैं कि बरसात के मौसम में किस तरह का भोजन खाना चाहिए| आइए जानें –**

- बारिश के मौसम में ऐसे भोजन का सेवन करना चाहिए जो विटामिन सी, विटामिन ई, सेलेनियम, जिंक, आयरन, कॉपर, फॉलिक एसिड, बी कॉम्प्लैक्स से भरपूर हो। ऐसा भोजन खाने से आप फिट रहेंगे|
- इस मौसम में लौकी, टिंडा, परवल, जिमीकंद, ग्वार फली, करेला, ब्रोकली, आंवला आदि सब्जियां खानी चाहिए| ये सब्जियां आपको हैल्दी बनाएंगी| बरसात के दिनों में थोड़ी मात्रा खाने की खानी चाहिए| इससे आपको ज्यादा भूख भी नहीं लगेगी और आपका पेट भरा भरा रहेगा।
- बरसात के दिनों में आप अदरक, लहसन, काली मिर्च, जीरा, हींग, हल्दी और धनिया खा सकते है| इससे आपका डाइजेस्टिव सिस्टम हैल्दी रहेगा और आपका इम्म्यून सिस्टम हैल्दी रहेगा।
- अगर आप बरसात के मौसम में पत्तेदार सब्जियों का सेवन करते हैं तो इसे अच्छी तरह से पानी से वॉश कर लें क्योंकि कीटाणु इस मौसम में सब्जियों को घेर लेते है|
- हमेशा इस मौसम में घर पर बना खाना ही खाएं| सुबह का खाना पड़ा हुआ अवॉइड करें|

## स्किन के लिए फायदेमंद सेंधा नमक



**पिंपल्स और ब्लैकहेड्स में उपयोगी**

अगर आप पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से परेशान है तो आपके लिए सेंधा नमक काफी उपयोगी साबित हो सकता है। इसके लिए आपको सेंधा नमक में नींबू के रस की कुछ बूंदे मिलाने है और इसका पेस्ट बना लेना। इसके बाद इस पेस्ट का इस्तेमाल आप अपने पिंपल्स और ब्लैकहेड्स पर करें। आपको दो हफ्ते के अंदर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स से राहत मिलने लगेगी।

**स्किन के ड्राइनस दूर करने में**

अगर आपकी स्किन ड्राई हो गई है तो आप सेंधा नमक का प्रयोग कर अपने त्वचा पर ग्लो ला सकते हैं। इसके लिए ऑलिव ऑयल में सेंधा नमक मिलाएं और पेस्ट बना ले। इसके बाद इसे स्क्रबर के जैसे अपने स्किन पर प्रयोग करें। इससे आपके स्किन की ड्राइनस दूर हो जाएगी।

**टैनिंग दूर करने में**

आपका स्किन अगर टैन हो गया है तो आप सेंधा नमक और शहद का प्रयोग कर एक पेस्ट बना लें। इसके बाद इस पेस्ट को स्क्रबर के जैसे हफ्ते में दो दिन उपयोग करें। इससे आपके चेहरे पर टैनिंग गायब हो जाएगी।

**ऑयली स्किन के लिए उपयोगी**

अगर आप अपने ऑयली स्किन से परेशान है तो आप सेंधा नमक ओटमील को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। फिर इसमें नींबू का रस और बादाम का तेल मिला लें। अब इसका प्रयोग आप अपने स्किन पर करें आपका ऑयली स्किन की समस्य बहुत जल्द ही दूर हो जाएगी।

## खाली पेट शहद-लहसुन खाने के फायदे

**शहद और लहसुन अपने एंटी-बायोटिक और एंटी-बैक्टीरियल गुणों की वजह से जाने जाते हैं. आयुर्वेद में तो लहसुन को औषधि माना गया है। लहसुन में एलिसिन और फाइबर की मौजूदगी के कारण कई तरह के पोषक तत्व प्रदान करता है। इसमें एंटिफंगल और एंटीऑक्सिडेंट जैसे गुण भी होते हैं।**

लहसुन में इसमें विटामिन बी 1, बी 6 और सी के साथ-साथ मैंगनीज कैल्शियम, तांबा, सेलेनियम और कई अन्य खनिज होते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, सुबह खाली पेट लहसुन खाने के बहुत फायदे होते है। इससे आपको डायबिटीज कंट्रोल करने, इम्युनिटी सिस्टम मजबूत बनाने, कैंसर से बचने आदि में मदद मिलती है।



शहद भी एक एंटीबायोटिक की तरह काम करता है और शरीर को डिटॉक्स करके हर तरह के इंफेक्शन को भी खत्म कर सकता है। साथ ही इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करता हैं। शहद में डूबे हुए लहसुन के सेवन से आप कई बीमारियों से भी बच जाते हैं।

**डायरिया से बचाने में सहायक**

अगर आपको बार-बार डायरिया की समस्या हो रही है, तो इस पेस्ट का सेवन काफी फायदेमंद साबित हो सकता हैं। इसका सेवन करने से आपका पाचन तंत्र ठीक ढंग से काम करता हैं। जिसके कारण आपको पेट संबंधी किसी भी प्रकार का संक्रमण नहीं होता हैं।

**गले की खराश करता है दूर**

इस मिश्रण का सेवन करने से आपको कई फायदे होते हैं जिनमें गले की खराश भी शामिल है. इसका कार यह है कि इनमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते है। जिसके कारण इसका सेवन करने से आपके गले में खराश और सूजन से आपको आराम मिल सकता है।

**दिल को स्वस्थ रखने में सहायक**

लहसुन और शहद के पेस्ट का सेवन करना आपके दिल के लिए काफी फायदेमंद हैं। इसका सेवन करने से आपके दिल की धमनियों में जमा फैट बाहर निकल जाता है। जिसके कारण ब्लड सर्कुलेशन ठीक ढंग से होने लगता हैं। जो दिल के लिए फायदेमंद हैं।

## 'टैनिंग' से हैं परेशान, तो करें केसर का उपयोग!

यह खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ-साथ इससे त्वचा को भी कई लाभ होते हैं। चलिए जानते हैं केसर का यूज करके स्किन की कई परेशानियों से छुटकारा पाया जा सकता हैं।

धूप के कारण से त्वचा पर 'टैनिंग' की परेशानी हो जाती है। इसके लिए भी केसर का यूज किया जा सकता है। केसर और दूध का पेस्ट बनाकर 'स्किन' पर लगाएं जिससे 'टैनिंग' की समस्या से छुटकारा पाया जा सकता है।

केसर 'एंटीऑक्सीडैंट' से भरपूर होता है। इसका यूज करके बालों को स्वस्थ और चमकदार बनाया जा सकता है।

इसमें 'एंटीबैक्टीरियल' गुण पाएं जाते हैं, जिससे चेहरे के कील-मुंहासों की परेशानी दूर करने में मदद करते है। इसके लिए केसर के 10 रेशे और 5-6 तुलसी की पत्तियां लीजिए और इन दोनों का 'पेस्ट' बना लीजिए। इसे कुछ देर के लिए मुंहासों पर लगा कर रखें और फिर चेहरा धो लीजिए। क्या आपके चेहरे पर चोट लगने के बाद निशान पड गए हैं, तो आप केसर का यूज करके इन्हे दूर कर सकते हैं। इसके लिए दो छोटे चम्मच केसर को पानी में भिगोएं और पेस्ट तैयार कीजिए। अब इसमें कुछ बूंदे नारियल तेल की मिलाकर घाव पर लगाना चाहिए। हर रोज ऐसा करने से बेहद जल्दी घाव भर जाता है और उसके निशान भी कम हो जाएंगे।

## टेस्टी और प्रोटीन से भरपूर एग सैंडविच



इस यूनिक एग डिश को सुबह के मील और शाम के मील में लिया जा सकता है। खुली ब्रेड सैंडविच को प्रोटीन से भरपूर अंडे के साथ-साथ पोषक तत्वों से भरपूर पीली शिमला मिर्च और लाल शिमला मिर्च के साथ बनाया जाता है। बच्चों के लिए, आप पनीर मिला सकते हैं या इसे भी छोड़ना चुन सकते हैं।

**2-मिनट में स्टेप-बाय स्टेप एग सैंडविच रेसिपी:**

**स्टेप 1 :** एक मिक्सिंग बाउल में दो एग तोड़ें और कम से कम एक मिनट के लिए फेंटे।

**स्टेप 2 :** कटा हुआ प्याज़, पीली शिमला मिर्च, लाल शिमला मिर्च, ताज़ा धनिया पत्ती, कटी हुई हरी मिर्च, स्वादानुसार नमक, काली मिर्च पाउडर और थोड़ा दूध डालें, सब कुछ एक साथ मिलाएं।

**स्टेप 3 :** ब्रेड के दो स्लाइस लें, ब्रेट के सेंटर को काटें।

**स्टेप 4 :** एक पैन में थोड़ा बटर गरम करें, बाहरी ब्रेड कट-आउट को तवे पर रखें, ब्रेड के बीच में एग का मिश्रण भरें।

**स्टेप 5 :** इसके ऊपर एक पनीर का टुकड़ा रखें और ब्रेड के बीच के हिस्से को बंद करें जिसे हमने स्टेप 3 में काटा था। एक बार ब्रेड नीचे की तरफ से ब्राउन हो जाए, इसे पलटें और दूसरी तरफ भी पकाएं।

**स्टेप 6 :** दोनों तरफ से पक जाने के बाद, इसे मनचाहे आकार में काट लें और गरमागरम सर्व करें।

### आज की रेसिपी

## लौकी और केले की खीर



**सामग्री :**

- 800 gms फुल फैट दूध
- 400 ग्राम लौकी (छिलकर और साफ किया हुआ), कद्दूकस
- 2 केला, कद्दूकस
- 30 ग्राम खोया
- 20 ग्राम बादाम, टुकड़ों में कटा हुआ
- 10 ग्राम चिरौंजी
- 10 ग्राम काजू (क्रश)
- 90 ग्राम ब्राउन शुगर
- 1 टी स्पून इलायची पाउडर
- 25 ग्राम घी
- 8/10 केसर के रेशे

**विधि :**

- लौकी को साफ करके कददूकस कर लें. पके हुए केले को भी छील लें. बादाम को स्लाइस करें और काजू को क्रश करें.
- अब एक पैन में घी गरम करें और काजू और बादाम को भूनें. गार्निश के लिए कुछ अलग रखें.
- ब्राउन होने पर कद्दूकस की हुई लौकी डालें और धीमी आंच पर 8/10 मिनट तक पकाएं।
- इसमें दूध डालें और जब उबलने लगे तो आंच कम कर दें और इसे 25 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं. इसे बीच बीच में चलाते रहें.
- अब इसमें चीनी और खोया मिलाएं और इलायची पाउडर और केसर डालें और 2/3 मिनट तक पकाएं.